फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 22 मार्च 2024
वर्ष 2, अंक 211, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अंतरिक्ष में मिला हिममानव जैसा धूमकेतु 16
धोनी ने गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान 15

## नाबालिग साली से दुष्कर्म व हत्या करने के दोषी को फांसी की सजा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- आरोपी पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया



**अमृत विचार :** नाबालिग साली से दरिंदगी और फिर उसकी हत्या करने के मामले में दोषी जीजा रोहित को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह ने फांसी की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

फिरोजाबाद निवासी पीड़ित पिता ने 30 मई 2023 को मामला दर्ज कराया था, जिसमें उसने पुलिस को बताया था कि उसकी बड़ी बेटी की छोटी पुत्री की अचानक मृत्यु हो गई थी, जिस पर वह अपनी छोटी पुत्री को उसके घर छोड़ आया था। 30 मई 2023 को उसके दामाद रोहित ने शराब के नशे में उसकी छोटी पुत्री के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। जिसकी सूचना उसकी बड़ी बेटी ने फोन पर उसे दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। मामले की जांच कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई। यह मामला न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की कोर्ट में चला। डीजीसी फौजदारी अभिषेक मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक जितेन्द्र तोमर व मृदुल मिश्रा ने बहस के दौरान मामले में कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। न्यायाधीश पॉक्सो मनराज सिंह ने गुरुवार को मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें अभियुक्त रोहित को फांसी की सजा सुनाई गई।

साथ ही पांच लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अभियुक्त को इटावा जेल भेज दिया गया।

## निर्वाचन आयोग की विकास कार्यों की धनराशि पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने विकास कार्यों की धनराशि जारी करने पर रोक लगा दी है। आयोग ने लोकसभा चुनाव और राज्यों में उपचुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के तहत सांसदों और विधायकों की विकास निधि को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है, जिसमें आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने का निर्देश गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश में सांसद और विधायक निधि के तहत संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने तक कोई नया फंड रिलीज नहीं होगा। जिलाधिकारियों-जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सांसद को विकास निधि के अधीन नई निधि जारी नहीं की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक विधायक-विधान परिषद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत नई निधियां जारी नहीं की जाएंगी। पत्र के जारी होने से पहले किसी विकास कार्य के लिए वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद कार्य शुरू नहीं हुआ है तो ये काम चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकते हैं।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधिकारियों को लिखा पत्र



### वोटर आईडी न होने पर 12 विकल्पों का करेंगे प्रयोग

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव में सभी लोगों के मतदाता फोटो पहचान पत्र सुनिश्चित किए गए हैं। इसके बाद भी अगर किसी का मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) नहीं बन पाता है, तो लोग 12 विकल्पों का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधानसभा सदस्यों, विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज शामिल हैं।

### विकसित भारत के व्हाट्स एप संदेश पर भी रोक

निर्वाचन आयोग ने केंद्र सरकार की ओर से 'विकसित भारत' को लेकर लोगों को जारी किए जा रहे व्हाट्सएप संदेश पर रोक लगा दी है। केंद्र को भेजे पत्र में आयोग ने कहा कि देश में आचार संहिता लागू होने के बाद भी व्हाट्सएप संदेश भेजे जाने की शिकायतें मिली हैं। आयोग ने केंद्र को संदेश पर रोक का पालन कराने की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

पढ़ते रहिये ...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

## आबकारी नीति मामले में ईडी ने केजरीवाल को किया गिरफ्तार

### गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची आप, तत्काल सुनवाई की अपील

- ईडी ने मुख्यमंत्री के आवास पर ली तलाशी, दो घंटे तक पूछताछ
- गिरफ्तारी से राहत को लगाई थी गुहार, हाईकोर्ट ने किया इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को एजेंसी की किसी दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार करने के कुछ ही घंटों बाद गिरफ्तार किया गया। पद पर रहने के दौरान किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है। लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान के बीच, केजरीवाल (55) की गिरफ्तारी पर आप ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आप ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। जरूरत पड़ने पर, वह जेल से सरकार चलाएंगे। हालांकि, भाजपा ने नैतिक आधार पर मुख्यमंत्री पद से उनके इस्तीफे की मांग की है।

ईडी के एक अतिरिक्त निदेशक के नेतृत्व में एजेंसी की 10 सदस्यीय टीम सिविल लाइंस स्थित उनके आधिकारिक आवास पर पहुंची और तलाशी ली। मुख्यमंत्री आवास पर ईडी की टीम के पहुंचने के दो घंटे से अधिक समय बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। ईडी शुक्रवार को यहां एक अदालत में मुख्यमंत्री को पेश करेगी और पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में देने का अनुरोध करेगी। केजरीवाल मामले में पूछताछ के लिए एजेंसी द्वारा जारी किए गए नौ समन को टाल चुके थे। इनमें नया समन गुरुवार 21 मार्च को जारी किया गया। ईडी के अधिकारियों द्वारा केजरीवाल के आवास के अंदर कार्रवाई किए जाने के दौरान सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

आप के काफी संख्या में समर्थक और नेता मुख्यमंत्री आवास के निकट एकत्र हुए और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की। दिल्ली पुलिस ने मध्य दिल्ली में एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित एजेंसी के दफ्तर के आसपास भी सुरक्षा बढ़ा दी है। दिन में, केजरीवाल ने मामले में कोई राहत देने से हाईकोर्ट के इनकार करने संबंधी आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। दिल्ली सरकार में मंत्री एवं आप नेता आतिशी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हमने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी को रद कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। हमने कोर्ट से आज रात ही तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया है।

पिछले हफ्ते, तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी एवं बीआरएस नेता के. कविता को इसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली आबकारी नीति से संबद्ध है। हालांकि, बाद में यह नीति रद कर दी गई। आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।

### डरा तानाशाह मरा हुआ लोकतंत्र चाहता है : कांग्रेस

कांग्रेस ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया और दावा किया कि "एक डरा हुआ तानाशाह मरा हुआ लोकतंत्र चाहता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि रोज़ जीत का झूठा दंभ भरने वाली अहंकारी भाजपा, विपक्ष को हर तरह से चुनाव के पहले ग़ैर क़ानूनी तरीक़े से कमज़ोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर सच में जीत का भरोसा होता तो संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज नहीं किया जाता। विपक्षी पार्टियों के नेताओं को ठीक चुनाव से पहले निशाना नहीं बनाया जाता।

### एक नजर

#### अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की उम्मीद

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उपराज्यपाल एवं श्रीअमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने यात्रा की व्यवस्था और तैयारियों पर चर्चा के लिए यहां राजभवन में एक बैठक की अध्यक्षता की। यह 52 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून को शुरू होने के बाद 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी।

#### ईडी के अधिकारियों के खिलाफ नोटिस पर रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले में राज्य पुलिस के नोटिस पर गुरुवार को रोक लगा दी। सोरेन ने 29 जनवरी को दिल्ली स्थित उनके आवास पर एजेंसी द्वारा की गई छापेमारी के संबंध में रांची के अजा/अजजा पुलिस थाने में ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## चुनाव आयोग को दी चुनावी बॉण्ड की सभी जानकारियां

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में एसबीआई ने दिया शपथ पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने चुनावी बॉण्ड के संबंध में अपने पास मौजूद सारी जानकारी निर्वाचन आयोग को उपलब्ध करा दी है।



शीर्ष अदालत में दाखिल एक अनुपालन हलफनामे में एसबीआई के अध्यक्ष ने कहा कि साइबर सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों के बैंक खाते की पूरी संख्या और केवाईसी के विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए। बैंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा द्वारा दाखिल हलफनामे में कहा गया कि इसी तरह, सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए दानदाताओं के केवाईसी विवरण भी सार्वजनिक नहीं किए गए। हालांकि, तथ्य यह भी है कि ऐसी जानकारी प्रणाली में दर्ज/संकलित नहीं की जाती है। राजनीतिक दलों की पहचान के लिए ये आवश्यक भी नहीं हैं। हलफनामे में कहा गया है कि एसबीआई ने जानकारी का खुलासा किया है, जिसमें बॉण्ड के खरीदार का नाम, उसका मूल्य और विशिष्ट संख्या, इसे भुनाने वाली पार्टी का नाम और बैंक खाता संख्या के अंतिम चार अंक दर्शाए गए हैं। हलफनामे में कहा गया कि एसबीआई ने 15 फरवरी, 2024 और 18 मार्च 2024 को शीर्ष कोर्ट द्वारा पारित आदेशानुसार अब सभी विवरणों का खुलासा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च को एसबीआई को फटकार लगाते हुए उसे मनमाना रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा था। 15 फरवरी को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र की विवादास्पद चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था।

### फैक्ट चेक यूनिट पर केंद्र की अधिसूचना पर लगाई रोक

सुप्रीम कोर्ट ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए ''फैक्ट चेक यूनिट'' से संबंधित केंद्र सरकार की 20 मार्च 2024 की अधिसूचना पर गुरुवार को अंतरिम रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरान और एडिटर्स गिल्ड की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के संचालन को निलंबित कर दिया। पीठ ने कहा कि इससे संबंधित मामला हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। ऐसे में हम निर्णय लेने से बच रहे हैं।

### निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने दो नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली अर्जियां गुरुवार को खारिज करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक हैं और इससे अव्यवस्था और अनिश्चितता की स्थिति बनेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यालय शर्तें) अधिनियम, 2023 पर भी अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह अधिनियम, 2023 की वैधता को चुनौती देने वाली मुख्य याचिकाओं पर गौर करेगी। पीठ ने केंद्र से छह सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को नियत की। याचिकाकर्ताओं से पीठ ने कहा कि इस समय हम कानून पर रोक नहीं लगा सकते।

## कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु करने की हो रही कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी



- बैंक खाता सीज किए जाने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता हुए मुखर
- खाते में 285 करोड़ रुपये लेकिन चुनावी खर्च के लिए संकट
- पार्टी अध्यक्ष खरगे, सोनिया व राहुल गांधी केंद्र पर हमलावर

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी के बैंक खाते सीज करने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह की आपराधिक कार्रवाई करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इस तरह की कार्रवाई सोची समझी रणनीति का हिस्सा है और इसका मकसद कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाना है। । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि उसके खाते सोजी समझी रणनीति के तहत और मोदी तथा शाह की सह पर सीज किए गए हैं ताकि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के बैंक खाते में 285 करोड़ रुपये जमा हैं लेकिन चुनाव के वक्त उस पैसे का इस्तेमाल खाते सीज होने की वजह से नहीं किया जा सकता है।

पार्टी के लिए बैनर, पोस्टर छपवाने तथा प्रचार का काम करना मुश्किल हो गया है और यह कदम साजिश के तहत उठाया गया है। इससे लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है और जो अवसर एक राजनीतिक दल को लोकतंत्र में मिलने चाहिए उसे खत्म किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि 18वीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है। एक ओर साज़िशन मुख्य विपक्षी दल के खाते सीज कर रहे हैं और दूसरी ओर मौजूदा सत्ताधारी दल ने चुनावी बॉण्ड से चुनावी चंदा लेकर अपने अकाउंट भर लिए हैं। यह सत्ताधारी दल द्वारा समान अवसर को खत्म करने के लिए एक ख़तरनाक खेल खेला गया है।

### आसन्न हार से हताश कांग्रेस बहाने बना रही

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कांग्रेस के आरोपों को गुरुवार को खारिज कर दिया और दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार को देखते हुए वह पूरी तरह से हताशा में बहाने बना रही है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर इस मुद्दे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और सोनिया गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों ने अपनी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया, जिसके कारण उसके खाते फ्रीज किए गए।

## जेल के खाने में मुझे दे रहे जहर : मुख्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- अदालत में गुहार, मेडिकल बोर्ड बनाकर कराएं मेरा इलाज
- एमपी-एमएलए कोर्ट में मुख्तार के वकील ने लगाई अर्जी

**अमृत विचार :** बाराबंकी में अपर सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव के एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर 4 पर गुरुवार को गैंगस्टर मुख्तार अंसारी की फर्जी एंबुलेंस मामले में पेशी हुई। जिसमें मुख्तार तो पेश नहीं हुआ लेकिन उसके वकील ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया जिसमें मुख्तार की तरफ से लिखा गया कि 19 मार्च की रात उसे खाने में विषाक्त पदार्थ दिया गया था। जिससे उसकी तबीयत खराब हो गई। वर्चुअल पेशी में बांदा जेल के डिप्टी जेलर महेंद्र सिंह हाजिर हुए। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि मुख्तार बीमार है। जिसकी वजह से वह सुनवाई में पेश होने में असमर्थ है। कोर्ट ने मामले में 29 मार्च की अगली तारीख लगा दी।



मुख्तार अंसारी के वकील रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि प्रार्थनापत्र में मुख्तार की तरफ से लिखा गया है कि खाने में धीमा जहर दिया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि उसका दम निकल जाएगा। खाने के बाद से ज्यादा घबराहट हो रही है। जबकि इससे पहले स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक था। इसलिए डाक्टरों की टीम बनाकर उसका सही इलाज करवाया जाए। मुख्तार ने आरोप लगाया कि 40 दिन पहले भी उसे इसी तरह खाने में विषाक्त पदार्थ दिया गया था जिससे उसका स्वास्थ्य बिगड़ गया था। समुचित इलाज कराने के साथ ही एक मेडिकल बोर्ड बनाकर जांच कराने की मांग की है। दरअसल फर्जी एंबुलेंस मामले में 24 मार्च 2022 को तत्कालीन डीएम डा. आदर्श सिंह ने मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर केस को मंजूरी दी थी। इसके बाद 25 मार्च 2022 को तत्कालीन शहर कोतवाल ने मुख्तार व उसके 12 अन्य सहयोगियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। अब इस मामले का ट्रायल एमपीएमएलए कोर्ट में हो रहा है।

## 67,450 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर सोना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव मजबूत वैश्विक रुझानों के बाद 1,130 रुपये के उछाल के साथ 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,100 रुपये की तेजी के साथ 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी।

## भोजशाला परिसर का आज से सर्वेक्षण करेगा एएसआई

इंदौर, एजेंसी

- सर्वेक्षण के मद्देनजर किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) धार के विवादास्पद भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण शुक्रवार अलसुबह से शुरू करेगा।

एएसआई की ओर से स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के आदेश के अनुसार भोजशाला परिसर का पुरातत्व सर्वेक्षण या वैज्ञानिक जांच अथवा खुदाई 22 मार्च (शुक्रवार) की अलसुबह से शुरू की जाएगी। धार के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने एएसआई का यह पत्र मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भोजशाला परिसर में एएसआई के सर्वेक्षण के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने 11 मार्च को एएसआई को वैज्ञानिक सर्वेक्षण निर्देश दिए थे।

**इनसे सीखें** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर निभा रहे नदियों के संरक्षण की जिम्मेदारी

## कुकरैल को दिलाया नदी का दर्जा, अब नदियों का संरक्षण

### विश्व जल संरक्षण दिवस आज

- जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन लिए मिला भगीरथ प्रयास सम्मान और राज्य भूजल पुरस्कार

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के कुकरैल को नदी का दर्जा दिलाने वाले बीबीएयू के प्रोफेसर अब छात्रों को नदी संरक्षण का पाठ पढ़ा रहे हैं। पर्यावरण विज्ञान के अध्येता को नदियों के संरक्षण के लिए शासन ने अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। इन्हें जल संरक्षण को लेकर कई अवार्ड भी मिल चुके हैं। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्रो. वेंकटेश दत्ता बताते हैं कि उनका प्रयास जल संसाधन प्रबंधन से जुड़ा हुआ है। प्रदेश में नदियों के संरक्षण की अत्यधिक आवश्यकता है। इसलिए कैचमेंट प्लानिंग, नदी पुनर्स्थापन और इको-हाइड्रोलॉजी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य जल नीति 2020 की प्रारूप समिति के सदस्य का कहना है कि उप्र में 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास आरंभ हो गए हैं। हाल में इसका प्रमाण लखनऊ की कुकरैल नदी को संरक्षित किया जाना है। जल संरक्षण के सार्थक प्रयासों को लेकर प्रो. दत्ता को वर्ष 2022 में भगीरथ प्रयास सम्मान और राज्य भूजल पुरस्कार दिया जा चुका है।



### रोज लगती है पाठशाला हजारों ऑनलाइन छात्र

प्रोफेसर दत्ता यमुना नदी के किनारे छात्रों की पाठशाला लगा रहे हैं। इसमें पहले विश्वविद्यालय के ही छात्र जुड़े थे। संरक्षण की मुहिम इतनी कारगर हुई कि ये संख्या ऑनलाइन व्यवस्था के सहारे हजारों में पहुंच गई है।

### 13 वर्षों से जारी है नदी पुनरुद्धार मुहिम

उप्र में गोमती, घाघरा, राप्ती बेसिन की 17 नदियों और छोटी धाराओं के पुनरुद्धार पर वर्ष 2011 से कार्य कर रहे प्रो. दत्ता बताते हैं कि 960 किमी की यात्रा करके 27 सहायक नदियों का दस्तावेजीकरण पूरा किया है। 75 छोटी नदियों को पुनर्जीवन मिला है।

### 25 देशों में दिया जल संरक्षण का संदेश

अमेरिका के फुलब्राइट स्कॉलर और इंग्लैंड के ब्रिटिश शेवेनिंग फेलो रहे प्रोफेसर दत्ता ने 25 से अधिक देशों की यात्रा कर जल संरक्षण का संदेश दिया है। अमेरिका के मैरीलैंड विश्वविद्यालय से पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कर उप्र के 2019 भूजल विधेयक के साथ केंद्र सरकार की विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति 2020 का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### दुनिया के 50 प्रदूषित शहरों में 13 यूपी के

दुनिया के 50 प्रदूषित शहरों में 13 शहर यूपी के भी हैं। इनमें नोएडा, गाजियाबाद के अलावा लखनऊ को प्रदूषित शहरों की सूची में जोड़ा गया है। मेरठ, बरेली, बुलंदशहर, हापुड़, पीलीभीत, सहारनपुर, संभल, शाहजहांपुर, बदायूं, फतेहपुर जनपद भी उक्त सूची में शामिल हैं।

## एक नजर

### गैंगरेप व पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार हुआ

**कानपुर।** पनकी पुलिस ने गैंगरेप, पॉक्सो, धमकी के फरार आरोपी सौरभ राजावत निवासी गंगागंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता के साथ घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया था। उसे भाटिया तिराहे के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है।

### अग्निशमन केंद्रों का किया निरीक्षण

**कानपुर।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने एफएस लाटूश रोड, किदवई नगर, बिल्हौर का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वॉचरूम, बैरिक कार्यालय, अग्निशमन वाहन तथा आवश्यक रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया एवं प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए।

### रेलवे ट्रैक पार कर रही वृद्धा की मौत

**कानपुर।** नरवल थानाक्षेत्र के पाली कुड़गाय निवासी 73 वर्षीय सरजू देवी होली पर त्योहारी देने के लिए बेटी मंजू के साथ उसकी ससुराल दो मार्च को चौबेपुर के मालौ गईं थी। यहां कुछ दिन रुकने के बाद वह 19 मार्च को घर से निकली थी। रास्ता भटक जाने पर उनकी चौबेपुर स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर टक्कर से मौत हो गई।

○ गोल चौराहे से रामादेवी तक निरीक्षण ○ जीटी रोड पर तीन टाइम के ट्रैफिक लोड की गणना होगी

# कंसल्टेंट टीम आई, चार चौराहों पर लगाए कैमरे

**एलिवेटेड रोड**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोल चौराहे से रामादेवी तक 10.85 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए एक बार फिर कंसल्टेंट कंपनी हेक्सा शहर आई। टीम ने जीटी रोड पर ट्रैफिक की गणना व उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए चार चौराहों पर कैमरे लगाए हैं। जिनके माध्यम से कंसल्टेंट टीम जीटी रोड की लिंक रोडों से सबसे ज्यादा ट्रैफिक किधर से आता है, मार्ग में जाम की समस्याएं कहां-कहां होती है, यह देखेगी। बीते 27 फरवरी को टीम पहली बार शहर में आई थी और जीपीएस कॉर्डिनेट व जियो टैगिंग लिए थे।

अनवरगंज से मंधना तक शहर के बीचो-बीच से निकली 18 रेलवे क्रॉसिंग के कारण शहरवासियों को भीषण जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। जाम से निजात दिलाने के लिए रामादेवी से गोल चौराहे तक एलिवेटेड रोड की योजना तैयार की गई थी। केंद्र सरकार ने एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए वर्ष 2022 में एक हजार करोड़ का बजट अवांटित किया था। इसके बाद प्रकिर्या आगे बढ़ रही है।

एलिवेटेड रोड की डीपीआर तैयार करने के लिए पांच करोड़ की लागत से हैदराबाद की हेक्सा कंपनी का चयन किया गया था। बीते 27 फरवरी को शहर आई कंसल्टेंट टीम एलिवेटेड रोड के गुजरने वाले स्थानों का निरीक्षण करने के बाद गुरुवार को फिर शहर आई। टीम ने जीटी रोड पर सुबह, दोपहर व शाम के ट्रैफिक लोड के निरीक्षण के लिए रामादेवी, टाटमिल, जरीबचौकी व गोल चौराहे पर चार कैमरे लगाए हैं। साथ ही लिंक रोडों से सबसे ज्यादा ट्रैफिक किस सड़क से आता है, इसका भी जायजा लेकर मंथन शुरू कर दिया है। पीडब्ल्यूडी एनएच अधिकारियों ने बताया कि जीटी रोड पर जाम की समस्या किस प्रकार के वाहनों के कारण आ रही है, कंसल्टेंट टीम इस पर निगरानी कर रही है।



जीटी रोड के टाट मिल चौराहे पर अक्सर लगता है जाम। अमृत विचार

### बाधाओं पर भी पैनी नजर

- कंसल्टेंट टीम एलिवेटेड रोड निर्माण में सभी रेलवे क्रॉसिंगों का निरीक्षण कर जानकारी करेगी कि किस जगह पर रेलवे फाटक है, कहां ब्रिज बना हुआ है। किन-किन स्थानों पर नहर का पुल है, कहां से आरओबी गुजर रही है। इसके साथ ही टीम ने जीटी रोड के संकरे स्थानों का जायजा लिया और उससे जुड़े प्रमुख बाजारों की पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से जानकारी हासिल की। साथ ही जीटी रोड व उससे सटे हुए धार्मिक स्थलों को चिन्हित किया है।

कंसल्टेंट टीम ने जीटी रोड पर चार स्थानों पर कैमरे लगाए हैं। कैमरों के माध्यम से मार्ग पर ट्रैफिक लोड, लिंक रोडों से आने वाले ट्रैफिक, जाम की समस्या के प्रमुख कारण जाने जाएंगे। जीटी रोड से जुड़ी बाजारों व धार्मिक स्थलों को निरीक्षण कर चिन्हित किया गया है। जल्द ही यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए विभागीय अधिकारियों से मंत्रणा की जाएगी।

**-अरुण कुमार जयंत, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी, एनएच डिवीजन**

# सचेंडी में झाड़ियों में मिला प्रेमिका का जला सिर व हड्डियां

**हत्या**

- पीछा छुड़ाने के लिए प्रेमी ने प्रेमिका का कर दिया था कत्ल
- सचेंडी थानाक्षेत्र के धरमंगदपुर में दिया था सनसनीखेज वारदात को अंजाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिधनू थानाक्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने अपना पीछा छुड़ाने के लिए हमीरपुर की रहने वाली प्रेमिका को बुलाया और सचेंडी थानाक्षेत्र के धरमंगदपुर गांव के पास झाड़ियों में ले जाकर गला काटकर नृशंस हत्या कर दी। जिला हमीरपुर के थाना सुमेरपुर में पिछले वर्ष दिसंबर में महिला के अपहरण के मुकदमे में पुलिस ने बिधनू निवासी उसके प्रेमी को उठाया तो उसने वारदात कबूल ली। इसके बाद गुरुवार को हमीरपुर पुलिस ने प्रेमी की निशानदेही पर सचेंडी पुलिस की मदद से महिला का जला हुआ सिर और कुछ हड्डियां बरामद कर ली है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर घटना के साक्ष्य एकत्रित किए।

जिला हमीरपुर के करहरा डेरा पैथी सुमेरपुर निवासी 42 वर्षीय रेखा पिछले वर्ष 21 दिसंबर को घर से बिना बताए गायब हो गई थीं। 25 दिसंबर को उसके पति चन्ना निषाद की तहरीर पर सुमेरपुर थाने में अज्ञात के विरुद्ध अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो बिधनू के करसुई गांव निवासी 25 वर्षीय सुखबीर यादव का नाम पता चला। हमीरपुर पुलिस ने सुखबीर को बिधनू से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर सचेंडी पुलिस के साथ धरमंगदपुर गांव के पास सड़क किनारे झाड़ियों में एक जला हुआ नरमुंड का कंकाल और कुछ हड्डियां बरामद कीं। महिला के कपड़े भी बरामद किए, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस से पूछताछ में सुखबीर ने बताया कि रेखा उसके गांव करसुई में चार-पांच वर्षों से खेतों में कटाई का कार्य करने मजदूरों के साथ आती थी। एक वर्ष पहले उसका उससे प्रेम प्रसंग हो गया। रेखा उससे शादी कर उसके साथ रहना चाहती थी लेकिन सुखबीर ऐसा नहीं चाहता था, जिस पर उसका रेखा से विवाद भी होता था। 21 दिसंबर को रेखा अपने पति और पांच बच्चों को छोड़कर उसके पास आ गई। इससे डरे सुखबीर ने उसकी हत्या की योजना बनाई। वह रेखा को इधर-उधर घुमाता रहा और दूसरे दिन 22 दिसंबर को रात होते ही धरमंगदपुर गांव के पास घनी झाड़ियों में ले जाकर गला काटकर हत्या कर दी और शव वहीं छोड़ दिया।

इस संबंध में एसीपी पनकी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मौके से महिला के अवशेष और कपड़े बरामद हुए हैं। जंगली जानवरों ने शव को नोचकर मांस खत्म कर दिया। डेढ़ माह पूर्व किसी ने झाड़ियों में आग लगा दी थी, जिससे शेष शव भी जल गया मौके पर पुलिस को एक मुंड और कुछ हड्डियां मिली हैं।

# छात्र-छात्राओं का सपना होगा साकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अप्रैल में शुरू होने वाले नए सत्र से पहले छात्रों के सपनों को साकार करने के लिए स्कॉलरशिप की घोषणा की है। पहली छात्रवृत्ति इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (आईएसीएसटी) है, जो मेडिकल और इंजीनियरिंग व फाउंडेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 90 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इसके अलावा शहीदों के बच्चों, रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों को विशेष छूट देगा।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के चीफ बिजनेस आफिसर अनूप अग्रवाल ने कहा कि आईएसीएसटी और छात्रवृत्ति कार्यक्रमों की पहल से हमारा लक्ष्य योग्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने में सशक्त बनाना है। छात्र ऑनलाइन परीक्षा दे सकते हैं और अपनी अर्जित छात्रवृत्ति का विवरण तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। 60 मिनट की ऑनलाइन आईएसीएसटी परीक्षा सुबह 10 से रात 8 बजे के बीच होती है। आठवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए आईएसीएसटी चिकित्सा या इंजीनियरिंग में करियर बनाने के लिए क्षमता दिखाने के लिए यह मंच है। आईएसीएसटी से प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन कक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए लागू होती है। शहीदों के बच्चों को ट्यूशन फीस में 100 प्रतिशत छूट है। रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों के बच्चों को 10 प्रतिशत की छूट दी जाती है। 2014 से अब तक इस पहल से 75,000 से अधिक छात्र लाभ ले चुके हैं।



छात्रवृत्ति योजना पेश करते संस्थान के अधिकारी। अमृत विचार

- आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने की स्कॉलरशिप योजना की घोषणा

# तीन तस्कर गिरफ्तार 50 किलो गांजा मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलबाजार पुलिस ने सीओडी पुल के पास रोडवेज बस का इंतजार कर रही महिला तस्कर व दो पुरुषों को 50 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों के पास मिले लगेज में गांजा भरा था। तस्करों ने पुलिस को बताया कि होली में गांजा की डिमांड कई गुना बढ़ जाती है।

रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन सुदर्शन के तहत तीन गांजा तस्करों को सीओडी पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। उनकी अटैची और लगेज में गांजे के पैकेट रखे थे। तीनों ने अपनी पहचान नौबस्ता गल्लामंडी निवासी संगीता यादव उर्फ सुंदरी स्थायी पता जिला औरेया थाना साहेपुर ग्राम हड़रीपुर, हरदोई बिरौरी थाना बिलग्राम निवासी रामबाबू यादव और हरदोई बिलग्राम निवासी दिवाकर सिंह यादव बताया है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि महिला को साथ में इसलिए रखते हैं कि कोई शक नहीं करे। परिवार समझकर कोई उनके बैग की तलाशी नहीं ले। रोडवेज बस से ही कानपुर से यूपी के कई जिलों में तस्करी करते हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि तस्करों के गैंग का नेटवर्क खंगाला जा रहा है। इसके लिए आरोपियों की कॉल डिटेल निकलवाई जा रही है।

### गांजा तस्कर को दबोचा

**कानपुर।** कल्याणपुर पुलिस ने गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक कुशल पाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने अभियुक्त शिवा निषाद निवासी ग्राम चिरान बिठूर रोड को 610 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेजा गया है।

# कल्याणपुर में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर निवासी 45 वर्षीय अरविंद कुमार ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह एक गेस्ट हाउस में काम करता था।

परिजनों ने बताया कि 2001 में दिबियापुर निवासी नीलम से विवाह हुआ था। उसके कोई संतान नहीं है। परिजनों ने बताया कि अरविंद शराब का लती था। गुरुवार रात अरविंद और पत्नी नीलम खाना खाने के बाद सोने चले गए। सुबह अरविंद का शव लोहे के जाल से रस्सी से फांसी पर लटकता पाया गया। कल्याणपुर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच की।



# साइबर ठगों ने खातों से लाखों रुपये उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी और कोतवाली थाना क्षेत्र में हुईं घटनाएं

**अमृत विचार।** साइबर अपराधियों ने पूर्वी जोन के दो थानाक्षेत्रों में रहने वाले तीन लोगों के खातों को निशाना बनाया। पीड़ितों ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई है



कोतवाली थानाक्षेत्र के परमट निवासी अधिवक्ता पंकज कुमार दुबे ने पुलिस को बताया कि वह केनरा बैंक की शाखा दि लायर्स एसोसिएशन सिविल लाइन्स के खाता धारक हैं। बताया कि नौ अगस्त 2023 को अपनी पासबुक में एन्ट्री कराने बैंक गए तब पता लगा कि ईयूरोनेट पेमेंट कंपनी ने 2019, 2020, 2021, व 2023 में कई बार कुल 58 बार चोरी से पैसों की निकासी की। जिसकी कुल धनराशि 48,994 रुपये है। जिसका कोई भी मैसेज केनरा बैंक की ओर से उन्हें प्राप्त नहीं हुआ। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर ईयूरोनेट पेमेंट कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### 5.30 लाख की धोखाधड़ी

- चकेरी के सैनिक नगर अहिरवां निवासी पुनीत सिंह ने पुलिस को बताया कि 16 फरवरी 2024 को उन्हें एक व्हाटसएप लिंक दिया गया जिसमें स्टाक मार्केट से जुड़ी जानकारी दी गई। उसमें पैसे जमा किये तो लाभ हुआ। एक बार 20,000 निकालने दिया उसके बाद से जब उन्होंने पैसे निकलने को आवेदन किया तो पैसे नहीं निकालने दे रहे हैं। 5,50,000 जमा किया था पर अब उनसे पैसे निकालने नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में चकेरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### क्रेडिट कार्ड से 33 हजार पार

- लालबंगला निवासी कमल तिवारी ने पुलिस को बताया कि फरवरी माह में एसबीआई क्रेडिट कार्ड से उनके 35,000 रुपये निकाल लिए गए। 12 मार्च को एक फोन आया फोन करने वाले ने आउटस्टैंडिंग जीरो करने का झांसा देकर खाते से 33,000 रुपये फिर निकाल लिए।

# 12 विद्यार्थियों का इंटर्नशिप में चयन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएम विवि के स्कूल ऑफ लाइफ साइंस एंड बायोटेक्नोलॉजी के तहत संचालित पर्यावरण विज्ञान-तकनीकी के अंतिम वर्ष के 12 छात्रों का विभिन्न संस्थानों में इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है।

विवि के प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि कुलपति के मार्गदर्शन में विवि ही पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण है। पर्यावरण विज्ञान विषय में शोध कार्य हो रहे हैं। डॉ. आलोक पांडे ने कहा कि चयनित छात्र-छात्राएं प्रतिष्ठित संस्थानों में जाकर तकनीकियों को सीखेंगे। डॉ. द्रौपदी यादव ने बताया कि इस वर्ष दो छात्रों संजय गोगोई व अमित का चयन पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय दिल्ली में हुआ है। वे आईआईटी धनबाद में इंटर्नशिप करेंगे।

छह छात्र-छात्राओं अनुराग, वर्षा, श्रद्धा, आकांक्षा, देवेंद्र व हिमांशी का चयन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली, ओमकार का चयन राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान नागपुर, भावना का चयन राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला दिल्ली, दिशा का चयन राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान रुड़की उत्तराखंड, प्रियंका का चयन पर्यावरण व सतत विकास संस्थान बनारस हिंदू विवि में हुआ है। इस मौके पर डॉ. प्रभात द्विवेदी, डॉ. राजीव मिश्रा, प्रो. नंदलाल, डॉ. अखिलेषेंद्र भारती आदि मौजूद रहे।


चयनित छात्र-छात्राओं के साथ विवि के अधिकारी। अमृत विचार

RAVI CHILDREN'S ACADEMY
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

| S.No | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Principal | Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy |
| 2 | Sport Teacher/ P.T.I | M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level |
| 3 | Hindi/ Sanskrit (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya ( Sanskrit), C.T.E.T |
| 4 | Geography (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 5 | History (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 6 | Primary Teacher ( Play Group) | Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed. |
| 7 | Lab. Asst. | B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology) |
| 8 | Office Asst. (Computer Operator) | B.Com with O- Level, Tally, Erp ( Preference to Female Candidate) |
| 9 | Receptionist | Female ( graduation with good communication skill in English) |
| 10 | Aaya | High School with interest in child care |

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

**जागरूकता** ऐसे बच्चों को गाना सुनना और मनोरंजन करना होता है पसंद

# डाउन सिंड्रोम बच्चे को प्यार और अपनेपन की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्व में अनुमानित एक हजार में से एक बच्चा डाउन सिंड्रोम के साथ पैदा होता है। इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने, समान अवसर देने व गले लगाने की आवश्यकता है, जिससे कि ये एक स्वतंत्र जीवन जी सकें। डाउन सिंड्रोम पीड़ित बच्चों को प्यार, दुलार व अपनेपन की काफी जरूरत होती हैं और इनको अन्य बच्चों से अलग नहीं समझना चाहिए। यह जानकारी भारतीय बाल रोग अकादमी के अध्यक्ष डॉ. यशवंत राव ने दी।

भारतीय बाल रोग अकादमी ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग सभागार में विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया। लखनऊ पीजीआई से जीएसवीएम आई जेनेटिक स्पेशलिस्ट डॉ.पूनम सिंह गंभीर ने बताया कि डाउन सिंड्रोम ऐसी बीमारी है, जिसमें बच्चों का शारीरिक विकास आम बच्चों की तरह नहीं हो पाता। उनका दिमाग भी सामान्य बच्चों की तरह काम नहीं करता।

प्यार और अच्छी देखभाल से ऐसे बच्चों को सामान्य जीवन दिया जा सकता है। डाउन सिंड्रोम एक अनुवांशिक समस्या है, जो क्रोमोसोम की वजह से होती है। गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में ही स्क्रीनिंग टेस्ट से इसका पता लगाया जा सकता है।

डॉ.अनुराग भारती ने बताया कि डाउन सिंड्रोम से ग्रस्त बच्चे का कद छोटा, मांसपेशियां शिथिल, नाक व चेहरा चपटा, जीभ मोटी या बाहर निकली हुई, गर्दन व कान छोटे, आंखें बादाम के आकार की और हाथ चौड़े व छोटे होते हैं। बाल रोग के प्रोफेसर और आईएपी अध्यक्ष डॉ.यशवंत राव ने बताया कि बाल रोग अस्पताल में प्रतिमाह आठ से 10 बच्चे सिंड्रोम से ग्रस्त आते हैं। सचिव डॉ.अमितेश यादव ने बताया कि इन बच्चे को ऐसा वातावरण देना चाहिए, जिसमें वह सामान्य जिंदगी जीने की कोशिश कर सके। बच्चे के पोषक तत्वों पर भी ध्यान देना चाहिए। बच्चे को बहुत ज्यादा सुरक्षित घेरे में न रखें।

वहीं, शास्त्री नगर स्थित संकल्प विशेष विद्यालय में भी आईएपी ने जागरूकता कार्यक्रम किया। चित्रकला प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बाल रोग में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. नीना गुप्ता, डॉ. वीएन त्रिपाठी, डॉ. रूपा डालमिया सिंह, डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. शैलेंद्र कुमार गौतम, डॉ. प्रतिभा सिंह समेत आदि डॉक्टर, एसआर व जेआर मौजूद रहे।



केक काटकर बच्चों के साथ विश्व सिंड्रोम दिवस मनाते डॉक्टर।

### नहीं खोजा जा सका इस बीमारी का इलाज

बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ .अरुण कुमार आर्य ने बताया कि ग्रसित बच्चों में जन्मजात हृदय रोग, थायराइड विकार, स्लीप एपनिया, बहरापन व ब्लड कैंसर का खतरा अधिक रहता है। इसका पूरी तरह से अभी कोई इलाज नहीं है, लेकिन जल्दी पहचान व आधुनिक चिकित्सा शिक्षा पद्धति जैसे फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशन थेरेपी, स्पीच थेरेपी आदि से इन बच्चों की जीवन प्रत्याशा को बढ़ाने और जीवन की गुणवत्ता को काफी हद तक बेहतर बनाना संभव हुआ है।

# सोशल मीडिया से दोस्ती, झांसा देकर दुष्कर्म

**कानपुर।** सोशल मीडिया से एक युवक ने युवती से दोस्ती की इसके बाद शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद कैफ निवासी फेथफुलगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि नई सड़क पर रहने वाली युवती ने 18 मार्च को रेलबाजार थाने में महिपत नगर फेथफुलगंज निवासी मोहम्मद कैफ पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसकी मां शायरा बानो को भी आरोपी बनाया था। आरोप है कि वह शादी से मुकर गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मै **अरूण विक्रम सिंह पुत्र अरिमर्दन सिंह, निवासी– 235, सुन्दर नगर कालोनी, शहर व जिला–फतेहपुर,** मेरी पुत्री का नाम अनुषा विक्रम सिंह था जो कि अब परिवर्तित होकर अलंकृता विक्रम सिंह हो गया है तथा उससे संम्बन्धित पैन, आधार और बैंक खाते में अलंकृता विक्रम सिंह नाम दर्ज है। अतः अब उसे अनुषा विक्रम सिंह के स्थान पर अलंकृता विक्रम सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाय तथा मेरी पुत्री की माता का नाम पूनम परिहार है।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे स्व . पति धीरेंद्र बहादुर सिंह पुत्र सूर्य बक्स के बीमा पॉलिसी संख्या– 214947401 में मेरा नाम शिवदेवी दर्ज है , जबकि मेरा नाम ममता सिंह भी है। दोनो नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के है। **शिवदेवी उर्फ ममता सिंह पत्नी स्व. धीरेंद्र बहादुर सिंह निवासिनी – ग्राम– गोकना, पो .– कोटिया चित्रा, ऊंचाहार – रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं जहीर पुत्र समीउल्ला मैने अपने पुत्र आशिक खान के खराब चाल–चलन से काफी परेशान हूँ। वह अपराधिक कृत्य का युवक है। उसके कृत्यों से परिवार के लोगों को प्रताड़ना उठाना पड़ रहा है। ऐसे में मैं अपने पुत्र आशिक खान को अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। **–जाहिर खान पुत्र समीउल्ला खान, निवासी– ग्राम–यादवपुर सबलापुर कोतवाली देहात बहराइच**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी महराजगंज के आदेश दिनांक 14. 03.2024 के अनुपालन में ग्राम चितवनियां विकास क्षेत्र शिवगढ़, परगना कुम्हरावां, तहसील महराजगंज जनपद रायबरेली स्थित गाटा संख्या 1478 दर्ज तालाब पर लगे 101 यूकोलिप्टस के पेड़ों की नीलामी दिनांक 28.03. 2024 को सार्वजनिक खुली बोली के द्वारा अपराह्न 1 बजे पंचायत भवन चितवनियां में सम्पन्न की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**नीलामी अधिकारी, तहसीलदार महराजगंज, रायबरेली**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं **शिवकुमार पुत्र रघुवीर, निवासी–मदईखेड़ा, परगना– सरेनी, तहसील–लालगंज, जिला रायबरेली** अपने पुत्र राकेश और राजेश के गलत आचरण से परेशान हूं। दोनों पुत्रों को अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री क का नाम SNEHA GARG से बदलकर AKSHARA GARG रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। AKSHARA GARG D/O-MANOJ KUMAR GARG Add: B-1/37 opp-ROADWAYS- DEPO, VIBHUTI KHAND GOMTI NAGAR LUCKNOW-226010 (UP)

**आज का मौसम**
हवा की रफ्तार में इजाफा होने की संभावना।

| 27.8° | 14.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 10 | सूर्यास्त 06 : 21 |

**रमजान मुबारक**

| इफ्तार (शुक्रवार) | सहरी (शनिवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06 :20 | सुन्नी-04 :52 |
| शिया-06 :33 | शिया-04 :40 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज

- **फाइनल मैच :** केएसपीएल मुकाबले में फाइनल मैच कमला क्लब में सुबह 9 :30 बजे।
- **सम्मेलन :** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन द्वारा कवि सम्मेलन दोपहर 12 बजे।
- **बैठक :** बुंदेलखंड के पदाधिकारियों, सभी जिलाध्यक्ष, लोकसभा प्रभारी व संयोजकों की भाजपा कार्यालय बैठक 12 :30 बजे।
- **गोष्ठी :** कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की प्रत्सक्षकर पर गोष्ठी आयकर भवन प्रथम में चार बजे।
- **टॉक शो :** महिला सशक्तिकरण पर टॉक शो व सम्मान समारोह विजय नगर सरस्वती महिला महाविद्यालय में 5 :30 बजे।

# छात्रनेता हत्याकांड में संदीप ठाकुर समेत तीन बरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मनोज सिंह और संदीप ठाकुर।

- 22 साल बाद गार्ड दोषी पाया गया, 27 को सुनाया जाएगा फैसला
- वर्ष 2002 में डीबीएस के चुनाव में अध्यक्ष पद के दो गुट टकराए थे
- अध्यक्ष मनोज सिंह के समर्थक की गोली लगने से हुई थी मौत

**अमृत विचार।** डीबीएस कॉलेज के छात्र नेता की हत्या के चर्चित मामले में गुरुवार को एडीजे प्रथम की कोर्ट में सुनवाई के बाद गार्ड पर दोष सिद्ध किया गया, वहीं भाजपा नेता संदीप ठाकुर समेत तीन आरोपी बरी कर दिए गए। कोर्ट ने अगली तिथि 27 मार्च की निर्धारित की है।

भाजपा के पूर्व कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर व भाजपा नेता और अधिवक्ता मनोज सिंह वर्ष 2002 में डीबीएस कॉलेज से छात्रसंघ अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे थे। 26 अगस्त 2002 को चुनाव प्रचार के दौरान सैकड़ों छात्रों की भीड़ वाला मनोज सिंह का जुलूस बर्रा विश्व बैंक में संदीप ठाकुर के जुलूस के आमने-सामने आ गया था। इस दौरान दोनों ओर से झगड़े के बाद संदीप ठाकुर गुट की ओर से फायरिंग की गई थी, जिसमें दबौली निवासी मनोज सिंह समर्थक छात्र नेता टोनी यादव की गोली लगने से मौत हो गई थी।

मामले में मृतक टोनी के भाई संदीप यादव ने बर्रा थाने में संदीप ठाकुर, उनके भाई संजीव ठाकुर, पिता जंग बहादुर सिंह और गनर सत्यप्रकाश द्विवेदी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला एडीजे प्रथम राजेश चौधरी की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी प्रदीप साहू ने बताया कि मामले में 22 साल बाद गुरुवार को सुनवाई के दौरान आरोपी संदीप ठाकुर, संजीव ठाकुर व जंग बहादुर सिंह को बरी करार दिया गया। अन्य आरोपी सत्य प्रकाश द्विवेदी को कोर्ट ने दोष सिद्ध करार देते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया। कोर्ट 27 मार्च को फैसला सुना सकती है।

### हुआ था बवाल, विधानसभा में गूंजा था हत्याकांड

छात्र नेता टोनी यादव की हत्या के बाद आक्रोशित छात्र नेताओं ने शहर में जमकर आगजनी और बवाल किया था। इस दौरान तत्कालीन बर्रा एसओ देवेंद्र मिश्रा को निलंबित कर दिया गया था। छात्रों ने प्रदेश व्यापी आंदोलन किया था। सपा नेता शिव कुमार बेरिया ने मामले को विधानसभा में उठाया था। इसके बाद मामले में आरोपियों पर रासुका की कार्रवाई की गई थी।



# विवाहित प्रेमिका की हत्या में प्रेमी को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शादी करने से नाराज होकर प्रेमिका की हत्या करने वाले प्रेमी को सत्र न्यायाधीश (डीजे) ने आजीवन कारावास की सजा व 25 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। वर्ष 2018 को चौथी पर मायके आई विवाहिता प्रेमिका का रक्तरंजित शव बिठूर थानाक्षेत्र स्थित मंटोरा फार्म के पास पड़ा मिला था। इस मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

17 फरवरी 2018 को बैकुंठपुर निवासी लोडर चालक शिवशंकर मौर्य ने अपनी बेटी पूनम (20) की शादी उन्नाव, सोहरामऊ थानाक्षेत्र के परागीखेड़ा गांव निवासी अंकुश मौर्या से की थी। 20 फरवरी को शिवशंकर बेटी को विदा करा कर घर लाया था। शिवशंकर ने बताया था कि सात मार्च 2018 को पूनम सिंहपुर स्थित आस्था अस्पताल दवा लेने गई थी। देर रात तक पूनम के वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। अगले दिन पूनम का शव मंटोरा ग्रुप के फार्म हाउस के पास पड़ा मिला था। परिजनों ने बिठूर के नयापुरवा निवासी उसके प्रेमी नीरज मौर्या पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी नीरज को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया था कि उसने हत्या के बाद बैंक की छत पर पूनम के जेवरात रखे थे, जिसे पुलिस ने बरामद किया था। मामला सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। अपर शासकीय अधिवक्ता ओमकारनाथ वर्मा व एडीजीसी क्रिमिनल रविंद्र अवस्थी ने बताया कि कोर्ट ने नीरज को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 26 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### उसने तुमसे शादी करके ठीक नहीं किया

- पूनम के पति अंकुश ने कोर्ट में बताया कि शादी के बाद से नीरज अक्सर पूनम को फोन व वाट्सएप पर मैसेज करता था। पूछने पर पूनम ने नीरज को मौसी का बेटा बताया था। घटना के एक-दो दिन पहले नीरज ने उसे फोन कर बताया था कि पूनम ने उसे धोखा दिया, पूनम को वह चाहता था, लेकिन उसने तुमसे शादी कर ली। यह उसने ठीक नहीं किया। जब वह उसकी नहीं हो सकी तो वह उसे किसी और की भी नहीं होने देगा। इसके बाद अंकुश ने पूरी जानकारी ससुरालीजनों को दी थी।

## सपा के समर्थन से लड़ेंगे कान्यकुब्ज ब्राह्मण आलोक, शहर में तीन सपा विधायक हैं

# आलोक मिश्रा कानपुर में कांग्रेस के प्रत्याशी

**2007** में कल्याणपुर सीट से विधानसभा चुनाव लड़े थे आलोक मिश्रा

**2018** में पत्नी बंदना मिश्रा ने शहर से लड़ा था महापौर का चुनाव

विशेष संवाददाता , कानपुर

**अमृत विचार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा कांग्रेस से कानपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी लगभग तय किए जा चुके हैं। सूत्रों के अनुसार औपचारिक घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। वह सपा-कांग्रेस के गठबंधन के प्रत्याशी होंगे। कानपुर लोकसभा क्षेत्र कान्यकुब्ज ब्राह्मण बहुतायत वाला क्षेत्र है।

गठबंधन के वर्तमान समीकरण में ब्राह्मण, मुस्लिम, वैश्य और पिछड़ी जाति का वोट सपा-कांग्रेस को मजबूती दे सकता है। कांग्रेस ने कानपुर से ब्राह्मण नेता नरेशचंद्र चतुर्वेदी, रामनारायन पाठक, भूधरनारायन मिश्रा के बाद 2024 में आलोक मिश्रा पर दांव आजमाया है। आर्यनगर से सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी ने कहा कि सपा पूरे जी-जान से गठबंधन के प्रत्याशी को लड़ाएगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहा कि प्रत्याशिता पर मुहर लगभग लग चुकी है, बस घोषणा बाकी है। पार्टी उन्हें पूरी शिद्दत से लड़ाएगी।

आलोक मिश्रा पिछले सात माह से चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से भाजपा की राम लहर का नैरेटिव सेट किए जाने का जवाब देते हुए उन्होंने अयोध्या के लिए फ्री बस सेवा शुरू करा दी। रोज एक लक्जरी बस रामभक्तों को रामलला के दर्शन कराने ले जाती है और घर पर छोड़ती है। यह सिलसिला जारी है। उन्होंने एक बयान में कहा था कि रामभक्तों की सेवा का सिलसिला उनके जीते जी जारी रहेगा। कानपुर सीट से आलोक मिश्रा, नरेश चंद्र त्रिपाठी और पवन गुप्ता टिकट की रेस में थे। पार्टी ने आलोक मिश्रा की दावेदारी पर प्रत्याशिता की मुहर ठोंकी। नाम घोषित होते ही तिलकहाल में हलचल बढ़ गयी। कानपुर अध्यक्ष नौशादआलम मंसूरी सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता कानपुर में चुनावी लड़ाई पर चर्चा करने लगे।

### दो बार विधानसभा लड़ चुके हैं

- आलोक मिश्रा ने पहला चुनाव कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र से लड़ा था जिसमें वह भाजपा की प्रेमलता कटियार से चुनाव हार गए थे। वह 2007 में भी इसी सीट से विधानसभा चुनाव हार गए थे। 2018 में उनकी पत्नी बंदना मिश्रा ने महापौर का चुनाव कानपुर से लड़ा था पर भाजपा की प्रमिला पांडे से वह भी चुनाव हार गयीं थी।

### क्यों रोक ली औपचारिक घोषणा ?

- कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने यूपी की कानपुर समेत दस सीटों पर प्रत्याशियों के नाम फाइनल तो कर दिए पर इनकी औपचारिक घोषणा फिलहाल शुक्रवार किए जाने के संकेत हैं। औपचारिक घोषणा न किए जाने को लेकर तरह-तरह अटकलों का बाजार राजनीतिक गलियारे में गरम है। इसे रोकने के पीछे भाजपा प्रत्याशी की घोषणा अब तक न किया जाना बताया जाता है। पहले दोनों ही पार्टी एक दूसरे के प्रत्याशी का इंतजार कर रही थीं। माना जा रहा था कि ब्राह्मण और गैर ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने को लेकर मंथन किया जा रहा था। आखिरकार कांग्रेस ने भाजपा से पहले ही ब्राह्मण कार्ड खेल दिया। अब सबकी नजरें भाजपा प्रत्याशी पर हैं।



www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# अगरतला तेजस राजधानी दुर्घटना से बची

**कानपुर।** आनंद विहार से अगरतला जाने वाली 20502 तेजस राजधानी की पैंट्रीकार का हाट एक्सल गड़बड़ होने से दुर्घटनाग्रस्त होने से बची। टूंडला में पैंट्रीकार का कोच अलग कराया गया। गुरुवार तड़के सेंट्रल पहुंची तेजस राजधानी में नया पैंट्रीकार का कोच लगाया गया। जिसके बाद यात्रियों को चाय-पानी मिल सका।

20502 आनंद विहार अगरतला तेजस राजधानी की पैंट्रीकार कोच का हॉट एक्सल गड़बड़ हो गया था। इस कारण टूंडला स्टेशन पर ट्रेन को रोककर उसका पैंट्रीकार हटा दिया गया। कोच को अलग करने के बाद ट्रेन गुरुवार सुबह 2:58 बजे सेंट्रल के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। यहां पैंट्रीकार का नया कोच जोड़ा गया। इसके बाद पैंट्रीकार मैनेजर समेत अन्य स्टाफ ने यात्रियों के लिए चाय पानी व नाश्ते की व्यवस्था की। सेंट्रल पर ट्रेन पहुंचने पर यात्रियों को सुबह की चाय मिली। यहां करीब एक घंटे तक ट्रेन खड़ी रही। रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन का निरीक्षण करने के बाद आगे के लिए रवाना किया। बता दें कि दो दिन पहले भी एक ट्रेन हॉट एक्सल के कारण टूंडला स्टेशन पर रोकी गई थी। बाद में उसका कोच बदला गया था।

# इंजीनियर ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक टेक्नोलॉजी सेंटर का मामला, असिस्टेंट मैनेजर समेत 13 पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** एक टेक्नोलॉजी सेंटर में काम करने वाली एक मैकेनिकल इंजीनियर युवती ने असिस्टेंट मैनेजर समेत स्टॉफ के 13 लोगों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि मैनेजर बात करने और खुद के पास आने के लिए उसे प्रताड़ित करता है। उसने गार्ड समेत स्टॉफ के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने छेड़छाड़ व धमकाने संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज की है।

फजलगंज इंडस्ट्रियल एरिया स्थित टेक्नोलॉजी सेंटर में मैकेनिकल इंजीनियर पद पर कार्यरत युवती के अनुसार वह प्रतिष्ठान में वर्ष 2022 से काम कर रही है। पीड़िता का आरोप है कि काफी समय से संस्थान में असिस्टेंट मैनेजर अंकित श्रीवास्तव संस्थान के कर्मचारियों के साथ मिलकर उसका यौन उत्पीड़न कर रहा है। आरोपी महिला शौचालय में ताला लगाकर पुरुष शौचालय का उपयोग करने को कहता है। संविदा और प्रशिक्षु कर्मचारी उसे गंदे कमेंट और इशारे करते हैं। जानबूझकर उसे संस्थान के सुनसान गेट से निकलने को मजबूर किया जाता है। गार्ड बृजेश उसका पीछा करता है और रात में बेतुके वक्त पर फोन करता है। आरोप है कि दिसंबर में तीन दिन का वेतन तक नहीं दिया गया और न ही सैलरी स्लिप दी जा रही। उसकी छवि खराब करने के लिए कर्मचारियों के बीच अफवाहें फैलाई जा रही हैं। कुछ कर्मचारी आते जाते समय उसकी तस्वीरें और वीडियो बनाते हैं। डीजीएम से शिकायत पर भी आरोपित पर कार्रवाई नहीं हुई। सुपरवाइजर भी अंकित से मिलने का दबाव बनाता है। कई बार आरोपियों ने आपत्तिजनक हरकतें कीं। सूचना विभाग को दी । लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने सीसामऊ थाने में असिस्टेंट मैनेजर अंकित श्रीवास्तव, शिवम यादव, धीरज पांडेय, धीरेंद्र सिंह, जितेंद्र यादव, सत्यम सिंह, अखिल गौड़, गार्ड बृजेश, एक अज्ञात महिला गार्ड, एक अज्ञात बाहरी व्यक्ति, अखिल यादव, सुपरवाइजर राम विजय पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष ने बताया छेड़खानी संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### फोन पे और भीम एप से भी जमा होंगे बिजली बिल

**कानपुर।** केस्को ने नया सर्वर और नया बिलिंग साफ्टवेयर लागू कर उपभोक्ताओं की मुसीबतों को बढ़ा दिया है। साफ्टवेयर अपडेट होने से उपभोक्ताओं के कनेक्शन नंबर यानी अकाउंट नंबर बदल गए हैं। कनेक्शन नंबर बदलने की वजह से उपभोक्ताओं को बिल जमा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। केस्को ने दिक्कतों को दूर करने का एक प्रयास किया है। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि उपभोक्ता अब फोन-पे और भीम एप से बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा uppcl.org व uppclonline.com से भी बिजली बिल का भुगतान किया जा सकता है। इंस्टा पेमेंट पर क्लिक करने पर बिना लॉगिन के उपभोक्ता भुगतान कर सकते हैं। जल्द ही गूगल पे व पेटीएम से भी बिल जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### रेस्टोरेंट में महिला ने हंगामा कर की तोड़फोड़

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में महिला ने एक रेस्टोरेंट में हंगामा कर तोड़फोड़ की। महिला का आरोप था कि रेस्टोरेंट के कर्मचारी ने उसे स्पर्श किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ओमपुरवा निवासी निखिल गुप्ता का केडीए कॉलोनी दुर्गा मंदिर के पास रेस्टोरेंट है। गुरुवार शाम स्कूटी सवार महिला रेस्टोरेंट आई और चाऊमीन ली। चाऊमीन पकड़ाने वाले रेस्टोरेंट के कर्मचारी पर उसे स्पर्श करने का आरोप लगाकर हंगामा किया। साथ ही रेस्टोरेंट में रखा सामान भी उठाकर फेंकना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखे जिसमें महिला तोड़फोड़ करते दिख रही है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# स्कूल की शिक्षिका का प्रताड़ना का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कैंट थानाक्षेत्र के एक मिशनरी स्कूल में छात्र को यौन प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने की आरोपी शिक्षिका पति के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचीं। शिक्षिका ने छात्र के पिता पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच और दोषी पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कैंट स्थित स्कूल में शुक्लागंज निवासी पिता ने शिक्षिका पर बेटे को यौन प्रलोभन देकर धर्मांतरण के लिए उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद शिक्षिका ने भी छात्र के पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है। इस बीच छात्र के पिता ने उन्नाव में शिक्षिका के खिलाफ एक और मामले में रिपोर्ट दर्ज करा दी। गुरूवार सुबह वह पति के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंची। वहां मौजूद अधिकारियों को उन्होंने रोते हुए अपनी समस्या बतायी। शिक्षिका का आरोप है कि छात्र का पिता उन्हें लंबे समय से प्रताड़ित कर रहा है। राजनैतिक पहुंच के चलते लगातार उनपर दबाव बनाया जा रहा है। शिक्षिका ने पुलिस अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि छात्र के पिता को उन्होंने कई बार मिलकर समझाने का प्रयास किया था। आरोप है कि छात्र के पिता बेवजह उन्हें परेशान कर रहे हैं। उनका पीछा किया जा रहा है। एडीसीपी महिला अपराध अमिता सिंह ने शिक्षिका को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

# जीटी रोड पर पलटी ओवरलोड प्राइवेट बस, 20 यात्री घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


जीटी रोड पर पलटी बस। अमृत विचार


दोनों लेन पर लग गया जाम। अमृत विचार

- हैंगर टूटने से अनियंत्रित हुई बस ने तोड़ा डिवाइडर, मची अफरातफरी
- कोपरगंज से गोंडा के गौरी चौक जा रही थी बस, लदा था बर्तन और कपड़े की गांठें

**अमृत विचार।** छावनी थानाक्षेत्र में जीटी रोड पर ओवरलोड बस का हैंगर टूटने से वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते पलट गई। इस दौरान उसमें बैठे करीब 20 यात्री घायल हो गए। बस कोपरगंज से गोंडा मनकापुर के गौरी चौक जा रही थी तभी सीओडी पुल के नीचे उतरते ही हादसा हो गया। हादसे के दौरान उसमें फंसे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। लोगों ने शीशा तोड़कर अपने को किसी तरह निकाला। हादसे के दौरान जीटी रोड पर दोनों तरफ भीषण जाम लग गया। पुलिस ने घायलों को कांशीराम अस्पताल पहुंचाया। कई थानों का फोर्स बुला लिया गया। क्रेन से बस को सीधा कराया। इसके बाद ट्रैफिक सामान्य हो सका।

गुरुवार को कोपरगंज से निजी बस देर शाम गोंडा मनकापुर के लिए निकली थी। बस का चालक सुरेश मौर्या, कंडक्टर निजाम थे। इसमें 20 यात्री सवार थे। बस के ऊपर लगे जाल में यात्रियों के सामान के साथ लोहे का सामान, भारी वजन के बर्तन और तमाम सामान रस्सी से बंधा हुआ था। शाम साढे.सात बजे के आसपास जैसे ही बस सीओडी पुल से नीचे उतरी, बस लहराती हुई डिवाइडर से टकराई और टाटमिल से रामादेवी के मार्ग पर जीटी रोड पर पलट गई। जिसके बाद चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने उन लोगों को शीशा तोड़कर निकाला। बस के ऊपर और अंदर सामान ठूस ठूस के भरा था।

बस का स्टॉफ बस छोड़कर भाग निकला। बस के पलटने से दोनों लेन बाधित हो गईं। जिससे जाम लगने लगा। पुलिस ने रात 9:47 पर क्रेन से बस को सीधा कराया। एडीसीपी पूर्वी लखन सिंह यादव ने बताया कि यातायात सामान्य हो गया था।

**विकास की ओर** | मार्जिनल बंधे के समानांतर नया बंधा बनाकर योजना की जाएगी डेवलप, केडीए और सिंचाई विभाग रखेंगे प्रस्ताव

# गंगा के किनारे रिवर फ्रंट डेवलपमेंट की ओर फिर बढ़े कदम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



अटल घाट से शुरू होना है काम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में गंगा किनारे अटल घाट से सिद्धनाथ घाट तक रिवर फ्रंट डेवलपमेंट को लेकर फिर से कदम बढ़े हैं। वहीं, ट्रांसगंगा क्षेत्र में प्रस्तावित मॉर्डन सिटी परियोजना पर भी काम शुरू होगा। मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य और मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग नीरज श्रीवास्तव को परियोजनाओं के प्रस्ताव पर पूर्व में की गई कार्यवाही को ध्यान में रखते हुये दोबारा गठित समिति के सामने प्रस्ताव को रखने के निर्देश दिये हैं ताकि, आगे के कार्य शुरू हो सकें।

कानपुर विकास प्राधिकरण की वृहद आवासीय परियोजना मार्डन सिटी परियोजना मार्जिनल बंधे के समानांतर एक नया बंधा बनाकर बसाया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 12 किलोमीटर के क्षेत्र को पर्यटक और पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाना है। इससे गंगा बैराज व उसके आसपास सैर करने वालों की संख्या बढ़ेगी और शहर में मनोरंजन का एक केंद्र भी विकसित होगा। इसे लेकर अब नए सिरे से गंगा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का खाका तैयार करने में अफसर जुट गए हैं। नमामि गंगे के तहत 17 करोड़ रुपये में बैराज पर अटल घाट का निर्माण हो चुका है। अब अटल घाट से सिद्धनाथ घाट जाजमऊ तक गंगा के किनारे को स्वच्छ, पर्यावरण और पिकनिक स्पॉट विकसित किया जाना है। गंगा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के लिए केडीए को नोडल एजेंसी बनाया जाएगा। सिंचाई विभाग नये सिरे से प्रस्ताव को समिति के सामने रखेगा। मंडलायुक्त ने पिछले दिनों कानपुर समग्र विकास के अंतर्गत प्रस्तावित योजनाओं के तहत हुई बैठक में यह निर्देश दिये हैं।

### रिवर फ्रंट डेवलपमेंट में खास बात

अटल घाट बैराज से सिद्धनाथ जाजमऊ तक 12 किलोमीटर तक गंगा के किनारे पाथवे बनेगा। घाटों का होगा सुन्दरीकरण के साथ ही नए घाट भी बनेंगे। गंगा किनारे खाली पड़ी जमीन को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही गंगा के किनारे लाइटिंग, एमपी थियेटर, बैठने की जगह, पब्लिक एमेनिटीज, व्हीकल पार्किंग, गंगा किनारे तक पहुंचने के रास्ते आदि बनेंगे। बच्चों के लिए पार्क बनेंगे। इसमें झूले लगाए जाएंगे। जगह-जगह फव्वारे बनेंगे। साइकिल ट्रैक बनाया जाएगा।

# रिपोर्ट होने पर डीएम-एसपी से मिले सपा जिलाध्यक्ष

संवाददाता रसूलाबाद

- आदर्श आचार संहिता उल्लंघन पर एफआईआर हुई है दर्ज

**अमृत विचार।** रोजा इफ्तार पार्टी की अनुमति होने के बाद भी सपाइयों पर रसूलाबाद थाने में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज होने पर गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष की अगुवाई मां डीएम व एसपी को ज्ञापन दिया और मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ बबलू राजा ने डीएम व एसपी को ज्ञापन देते हुए बताया कि रसूलाबाद निवासी हाजी फैजान खान के आवास पर रोजा इफ्तार पार्टी का कार्यक्रम था। जिसकी अनुमति प्रशासन से ली गई थी। इसके बावजूद धर्मगुरुओं के विदाई समारोह को लेकर रसूलाबाद थाने में सपाईयों पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने अनुमति की कापी देते हुए बताया कि कार्यक्रम पूरी तरह से अराजनैतिक और धर्मगुरुओं की आस्था का था। इस तरह की कार्रवाई से लोगों में गलत संदेश जा रहा है। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रदेश सचिव लाखन सिंह, पवन कटियार, बीरू कुशवाहा, हिम्मत सिंह, मनोज यादव आदि रहे।

### जेसीओ में चयनित होने पर महाविद्यालय में किया गया छात्र का अभिनंदन

**कानपुर देहात।** श्रीरामजानकी संस्कृत महाविद्यालय गौरियापुर के छात्र प्रभात शुक्ला का भारतीय सेना में जेसीओ (धर्मगुरु) पद पर चयन होने पर विद्यालय में अभिनंदन किया गया। रंगों के पर्व होली पर अभिनंदन कार्यक्रम में अध्यापकों व छात्रों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर चयनित छात्र को शुभकामनाएं दी।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## एक नजर

### छात्राओं ने सिलाई-कढ़ाई के गुर सीखे

**कानपुर।** सीएसए में गृह विज्ञान के वस्त्र एवं परिधान विभाग में नवीनतम तकनीकि की सिलाई मशीनों पर तीन दिवसीय कार्यशाला का गुरुवार को समापन हुआ। कार्यशाला में छात्राओं को कढ़ाई व सिलाई का प्रशिक्षण और बैग निर्मित कराए गए। कार्यशाला में महाविद्यालय की डॉ. मुक्ता गर्ग, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. रितु पांडे, डॉ. विनीता सिंह, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. सुमेधा चौधरी, डॉ. रीमा, डॉ. ऐनी बाजपाई, डॉ. जया वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कॉलेज में लगाया मेडिकल चेकअप कैंप

**कानपुर।** श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सिमरनजीत सिंह के प्रयास से मेडिकल चेकअप कैंप जवाहरलाल रोहतगी अस्पताल के सहयोग से गुरु नानक इंटर कालेज नारायण पुरवा में लगाया गया। जिसमें क्षेत्रीय लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। कैंप में मुफ्त जांच, चिकित्सा परामर्श का लोगों को लाभ मिला। कैंप का उद्घाटन प्रदेश प्राधानाचार्य के ज़िला अध्यक्ष डॉ. मनप्रीत सिंह ने किया। कैंप में मुख्य रूप से ताजिंदर पाल सिंह, सुरिंदर पाल सिंह रुहानी, मनोज शुक्ला, प्रिंस वासु आदि रहे।

# हटिया बाजार में छापा, खोवा छोड़ भागे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फूड सेफ्टी टीम ने 32 नमूने भरे, दो मौके पर फेल

**अमृत विचार।** होली नजदीक आते ही खाद्य सुरक्षा विभाग की फूड सेफ्टी टीम सक्रिय हो गई है। गुरुवार को टीम ने हटिया बाजार में अचानक छापा मारा। टीम को देखकर कई दुकानदार माल छोड़कर भाग निकले वहीं कई दुकानदारों ने दुकानों के शटर गिरा दिए।

टीम ने दुकानों से खोवा, चाय पत्ती, दालमोट, मठरी समेत कुल 32 नमूने भरे। मौके पर हुई जांच में दो नमूने फेल हुए। टीम ने नमूनों को लैब भेजा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग के डा. देवेंद्र सिंह आजाद ने बताया कि टीम गुरुवार को हटिया बाजार में अचानक निरीक्षण करने पहुंची। यहां दुकानों से कुल टीम ने कुल 32 नमूने भरे। जिसमें खोवा, पापड़, चिप्स, दालमोट, खुरमा, मठरी आदि शामिल हैं। तत्काल जांच में चाय पत्ती और नमक का नमूना फेल पाया गया। चाय पत्ती में रंग और नमक में अन्य कोई पदार्थ मिला था। वहीं खोवा मंडी के दुकानदारों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग टीम केवल त्योहार में आती है। अगर इतनी ही फिक्र है तो पूरी साल यह अभियान क्यों नहीं चलाया जाता है। अचानक टीम को देखकर दुकानदार ही नहीं ग्राहक भी डर जाते हैं और भाग खड़े होते हैं। डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि पूरे शहर में छह टीमें अलग-अलग बाजारों में चेकिंग अभियान चला रही हैं।



हटिया बाजार में जांच करते अफसर। अमृत विचार

## होली का त्योहार, ट्रेन में यात्री अपार



कोच में पैर रखने की भी जगह नहीं। अमृत विचार

त्योहारों पर ट्रेन में सफर करना कितना कठिन है इन तस्वीरों को देखकर महसूस किया जा सकता है। होली पर अपने घर पहुंचने के लिए लोगों को ट्रेन में खड़े होने तक की जगह नहीं मिल रही। कानपुर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 6 पर पहुंची नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस की यह फोटो हैं। यात्रियों को ट्रेन में सवार होने तक को नहीं मिला। कोच के अंदर चादर का झूला बनाकर उसमें यात्री सवार थे और शौचालय के अंदर लोग बैठकर सफर करने को मजबूर हैं।

फोटो – मनोज तिवारी



एक के ऊपर एक लदे। अमृत विचार

# धोखाधड़ी में वकील की जमानत खारिज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किसान बाबू सिंह यादव की आत्महत्या का मामला
- एडीजे 24 की कोर्ट में हुई अर्जी पर सुनवाई

**अमृत विचार।** किसान बाबू सिंह की आत्महत्या के मामले में आरोपी अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता की जमानत याचिका एडीजे 24 की कोर्ट ने खारिज कर दी। अधिवक्ता के खिलाफ धोखाधड़ी, आत्महत्या के लिए उकसाने व षड़यंत्र में शामिल होने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

जमीन हड़पे जाने से दुखी होकर बीते नौ सितंबर को चकेरी निवासी किसान बाबू सिंह ने रेल से कट कर जान दे दी थी। 10 सितंबर को बाबू सिंह की पत्नी बिटान देवी ने चकेरी थाने में पूर्व भाजपा नेता प्रियरंजन आशु दिवाकर, बब्लू यादव, राहुल जैन, मधुर पांडेय, शिवम सिंह चौहान, जितेंद्र यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इसके बाद भाजपा ने प्रियरंजन आशु दिवाकर को पार्टी से बाहर कर दिया था। इस मामले में कई आरोपी जेल भेजे गए। लेकिन पुलिस प्रियरंजन आशु दिवाकर को गिरफ्तार नहीं कर सकी। उसे हाईकोर्ट से राहत मिल गई थी।

केस की विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी हुई कि अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता ने बाबू सिंह की जमीन धोखाधड़ी कर आरोपियों के नाम कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी अधिवक्ता अशोक कुमार को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपी ने एडीजे 24 अंशुमान पटनायक की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। अभियोजन की ओर से उसकी जमानत याचिका का विरोध किया गया गया। कहा गया कि आरोपी ने मृतक के साथ धोखाधड़ी कर उसकी जमीन आरोपियों के नाम कराई, जिस कारण बाबू सिंह आत्महत्या को मजबूर हुए। इस पर कोर्ट ने आरोपी अधिवक्ता की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## बीए व एमए टीम ने जीते मैच

कानपुर। अर्मापुर पीजी कालेज में वार्षिक क्रीड़ा में वालीबाल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बीए तृतीय वर्ष व बालिका वर्ग में एमए द्वितीय वर्ष ने जीत दर्ज कराई। प्रतियोगिता का शुभारंभ अर्मापुर पीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. मुकेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बॉल फेंककर किया। वालीबाल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बीए प्रथम, बीए द्वितीय, बीए तृतीय, बीकॉम द्वितीय व बीकॉम तृतीय वर्ष और बालिका वर्ग में एमए प्रथम, एमए द्वितीय, बीए प्रथम, बीए द्वितीय, बीए तृतीय, बीकॉम द्वितीय व बीकॉम तृतीय वर्ष की टीमों ने प्रतिभाग किया।

बालक वर्ग में बीए तृतीय, बीकॉम तृतीय के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें बीए तृतीय वर्ष ने 2-0 के अंतर से मैच जीत लिया। बालिका वर्ग में एमए द्वितीय वर्ष ने 2-0 के अंतर से विजय हासिल की। प्रतियोगिता में अभिषेक कश्यप, सत्येंद्र शुक्ला, प्रकाश कुमार, शिवानी सिंह, स्वाती कुमारी, तान्या, तनिष्का व सपना ने बेहतर प्रदर्शन किया।

# तकनीक से क्राइम को रोकता साइबर कानून

## एसडी कॉलेज में ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टेक्नोलॉजी एंड साइबर लॉ पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वीएसएसडी कालेज में विधि विभाग की ओर से गुरुवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टेक्नोलॉजी एंड साइबर लॉ विषय पर स्टेट काउंसिल ऑफ हायर एजुकेशन द्वारा अनुदानित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह ने कहा कि साइबर कानून किसी भी तकनीकी आधारित अपराध पर रोक लगाते हैं।

एडीजी कानपुर जोन ने ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चार प्रकार बताए। जिसमें पहला प्रतिक्रियाशील मशीनें, सीमित स्मृति, मस्तिष्क का सिद्धान्त व आखिरी आत्म जागरुकता।

इस मौके पर मुख्य वक्ता प्रो० नरेश वत्स ने बताया कि एआई और साइबर सुरक्षा मानव प्रतिभा के प्रमाण हैं और हमारे सुरक्षा बुनियादी ढांचे के लिए एक बड़ी चुनौती भी। इनका संभालकर उपयोग करना की जरूरत है। सीए नीतू सिंह ने कहा कि मानव और मशीन में अंतर अवश्य होना चाहिए, क्योंकि मानव में संवेदना होती है और न्याय के लिए संवेदना का होना आवश्यक है। प्राचार्य प्रो. बिपिन चंद्र कौशिक ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने वाले समय की आवश्यकता है।

प्रो. प्रशांत त्रिपाठी, प्रो. नीरू टंडन, दिल्ली विवि के डॉ. सहवाल सत्यार्थी, डॉ. क्षितिज सिंह, जेएनयू के प्रो. कश्यप यादव, डॉ. नरेंद्र सिंह ने भी जानकारी दी। तकनीकी सत्रों में 100 से ज्यादा लोगों ने अपने विचार रखे। समापन सत्र में मेरठ से आए प्रो. वैभव गोयल, जस्टिस अरविंद मिश्र, विधि विभागाध्यक्ष प्रो. अजय भूपेंद्र जायसवाल आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. अमृता वर्मा व कौशिकी त्रिवेदी ने किया। बीएनडी प्राचार्य डॉ. विवेक द्विवेदी समेत अन्य वक्ता मौजूद रहे।



संगोष्ठी में एडीजी जोन और अन्य वक्ताओं ने जानकारी दी। अमृत विचार

## सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

- सीएसजेएमयू कैंपस की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चार की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पुष्पा ममोरिया की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन बिरतियान गांव बिठूर में प्रधान रवि कुमार के सहयोग से गुरुवार को संपन्न हुआ। इन सात दिनों में स्वयं सेवकों ने गांव में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कीं। गांव में सर्वे किया गया। सर्वे में छात्रों ने घर-घर जाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी ली और दी। योजना इकाई की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पुष्पा ने रामा मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल के डॉ. रुचिरा अग्रवाल, डॉ. शिवांगी सिंह, डॉ. शशि भंडारी के सहयोग से गांव में कैंप का आयोजन कराया। जिसमें गांववालों की आंखों की जांच की गई व दवा का वितरण किया गया। इन सात दिनों में स्वयंसेवकों ने आंगनबाड़ी व स्कूल के बच्चों को भी पढ़ाने व खेलकूद के कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य सुघरा फातिमा के सहयोग से किया।

## चुनौतियों में महिलाओं की भागीदारी जरूरी

**कानपुर।** इंडियन सांइस कांग्रेस एसोशियेशन कानपुर चैप्टर की ओर से गुरुवार को डीएवी कॉलेज के प्रेक्षागार में सतत विकास की चुनौतियों पर व्याख्यान माला आयोजित की गई। डीएवी कालेज की प्रबंध समिति की सचिव कुमकुम स्वरूप ने सतत विकास की चुनौतियों में महिलाओं की भागीदारी का उल्लेख किया। समिति के संयुक्त सचिव ई. गौरवेन्द्र स्वरूप ने प्राचीन भारत के गौरवशाली वैज्ञानिक योगदान पर चर्चा की। कन्नौज एफएफडीसी के निदेशक डॉ.शक्ति विनय शुक्ला ने रसायनिक प्रदूषण के निराकरण पर जानकारी दी। डीएमएसआरडीई के संयुक्त निदेशक डॉ. डी एस बाग ने पालीमर उद्योग का पर्यावरण पर प्रभाव की चर्चा की। मोहाली के वैज्ञानिक डॉ. सुधीर प्रताप सिंह ने जैव प्रौद्योगिकी का विकास में संभवनाओं का उल्लेख किया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. अरुण दीक्षित, प्रो. सुधीर कुमार श्रीवास्तव समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



स्टॉल में उत्पाद देखते केडीए वीसी मदन सिंह। अमृत विचार

### होली पर स्टॉल लगाया

**कानपुर।** दिव्यांग डेवलपमेंट सोसाइटी के दिव्यांग बच्चों ने गुरुवार को केडीए परिसर में होली के उपलक्ष्य में हस्त निर्मित वस्तुओं का स्टॉल लगाया। इसमें अचार, चिप्स, पापड़ और नमकीन को सभी ने पसंद किया। स्टॉल की शुरुआत केडीए वीसी मदन सिंह गर्ब्याल एवं सचिव शत्रोहन वैश्य ने दीप जलाकर की। केडीए वीसी ने दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में कुछ भी कठिन नहीं है, अगर एक बार ठान लिया जाए तो सब कुछ किया जा सकता है। सोसायटी की सचिव मनप्रीत कौर सूरज, जिया फातिमा और सचिन कुमार आदि मौजूद रहे। दिव्यांग बच्चों मे अंकित खरे, ओम, अंजलि, आयुष और रिशु की हस्तनिर्मित वस्तुओं को सभी ने सराहा।



दिव्यांग पार्टी के सदस्य प्रदर्शन करने पहुंचे। अमृत विचार

### खाट बिछाओ-न्याय दिलाओ आंदोलन

**कानपुर।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने दिव्यांग उत्पीड़न के विरोध में बड़ा चौराहा से पुलिस आयुक्त कार्यालय तक गुरुवार को आंदोलन रैली निकाली। पुलिस आयुक्त कार्यालय के पास खाट बिछाओ न्याय दिलाओ आंदोलन किया। वहीं जब कोतवाली पुलिस ने आचार संहिता के चलते रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही तो राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के कार्यकर्ता बिफर गए और बिरोध करने लगे। बता दें कि काफी समय से दिव्यांग उत्पीड़न के विरोध में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी आंदोलन कर रही है| पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार का आरोप है कि पुलिस दिव्यांगजनों को न्याय नहीं दे पा रही है| पीड़ित दिव्यांगजनों के खिलाफ पुलिस ने शांति भंग की कार्रवाई कर दी है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अधिनियम 2016 की जानकारी थाना प्रभारियों को नहीं है| दिव्यांगजनों के विरोध पर पुलिस आयुक्त मौके पर पहुंचे और पीड़ित दिव्यांगजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया| आंदोलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित, दिलिप कुमार, राहुल विश्वकर्मा, कमलेश कुमार सिंह, मनोज त्यागी, उमाशंकर, सीमा कुशवाहा, जितेंद्र गुप्ता, महेश चंद्र साहू, आशिष कुमार आदि मौजूद रहे।

# अश्लील वीडियो बना कर युवक से वसूली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में एक युवक ने आरोप लगाया है कि महिला ने उसका अश्लील वीडियो बनाकर रुपये ऐंठे। विरोध करने पर मारपीट की। युवक ने रंगदारी मांगने का आरोप लगाया। जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जाजमऊ निवासी एक युवक ने पुलिस को बताया कि वह केस्को में काम करता है। दादा मियां मजार जाजमऊ निवासी महिला का कनेक्शन काटने गए थे। महिला ने पति से तलाक हो जाने और छोटी बच्ची होने की बात बोलते हुए मदद करने के लिए कहा। इस पर उसने अपनी जेब से बिल भर दिया। इसके बाद मार्च 2023 में वे लोग अजमेर शरीफ गए। जहां पर उस महिला ने खाने में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। फिर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और वीडियो बना लिया। इसके बाद से आरोपी महिला उससे रुपया वसूल रही है। विरोध किया तो महिला 17 फरवरी 2024 को उनके घर आ धमकी और दो लाख की रंगदारी की मांग करते हुए मारपीट करने लगी। उन्होंने जाजमऊ थाने में शिकायत की। आरोप है कि पुलिस ने समझौते का दबाव बनाते हुए रुपयों की मांग की। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की।

# चार लाख पौधों का घर है मियावाकी पार्क

## अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर गुरुवार को शहर को एक नया मियावाकी पार्क देने की ओर नगर निगम ने कदम बढ़ा दिये। रूमा स्थित नगर निगम की जगह पर उद्यान विभाग ने 4,06,934 पौधों का रोपण कर दिया है। अब अगले दो वर्षों में यह पार्क एक मिनी फॉरेस्ट के रूप में दिखेगा जो शहर में ग्रीन क्षेत्र में इजाफा करने के साथ ही वातावरण को भी शुद्ध करने में मदद करेगा। इसके साथ ही यह पार्क शहर में वर्षा को भी बढ़ाने में सहायक होगा।

मानव और पृथ्वी के अस्तित्व में वनों और पेड़ों के महत्व के विषय में जागरुकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। इसे विश्व वन दिवस के रूप में भी जाना जाता है। वर्ष 2024 की थीम भी 'वन और नवाचार' है। वर्ष 2020 तक कानपुर नगर देश में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों की सूची में गिना जाता था। लेकिन, नगर निगम ने पिछले कुछ वर्षों में प्रदूषित शहर में जंगल तैयार करने की प्रक्रिया को धरातल पर उतारा है। कानपुर नगर वर्तमान में चार मिनी फॉरेस्ट तैयार किया जा चुका है तथा सात अन्य स्थलों पर मिनी फॉरेस्ट तैयार करने की प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाया जा रहा है, जो अगले दो वर्ष में तैयार भी हो जाएंगे। इसी कड़ी में कानपुर नगर निगम ने रूमा में मियावाकी पद्धति से 4,06,934 पौधों का रोपण किया है। नगर निगम उद्यान अधीक्षक डॉ. वीके सिंह ने बताया कि विश्व वन दिवस पर नगर निगम द्वारा वृहद वृक्षारोपण कर शहर को एक नया वन प्रदान करने की ओर कदम बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि यह जानकार शहर को हर्ष होगा कि मार्च 2024 में आए आकड़े के अनुसार कानपुर नगर का नाम देश के 20 प्रदूषित शहरों में नहीं है।



रूमा में मियावाकी पार्क में पौधा लगाते उद्यान अधीक्षक डॉ. वीके सिंह।

### मियावाकी पद्धति से विकसित पार्क

इस तकनीक से सराय मीता अखाड़ा पार्क के सामने, गुप्तार घाट में , रत्न शुक्ल इंटर कॉलेज में, विजयनगर ट्रैफिक चिल्ड्रन पार्क में, अंबेडकर पार्क पनकी में, ट्रैफिक पार्क विजयनगर में, शनेश्वर मंदिर की ग्रीन बेल्ट में, शेखपुरा के जाना गांव में पार्क बनाए गए हैं।

### यह पेड़ लगाए जाते हैं

अर्जुन, शीशम, गोल्ड मोहर ,पिलखान ,जामुन, शहतूत, मेहंदी ,अशोक, पीपल, चंपा आदि के पौधे लगाए जाते हैं। यह पौधे एक खास तकनीक के तहत लगाए जाते हैं जिससे यह तेजी से बढ़ते हैं।

## खेल जगत

पुलिस आयुक्त ने किया टूर्नामेंट का उद्घाटन व स्क्वैश मैच भी खेला, पहले दिन स्क्वैश के 60 मैच हुए

# फर्स्ट ऑल इंडिया स्क्वैश टूर्नामेंट का शानदार आगाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आर्यनगर स्थित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में गुरुवार को द स्पोर्ट्स हब टू स्टार ऑल इंडिया स्क्वैश टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। जिसमें 17 राज्यों के खिलाड़ियों के बीच कुल 11 कैटेगरी पुरुष, महिला, अंडर-15 बालक-बालिका, अंडर-11 बालक, अंडर-13 बालिका, अंडर-17 बालक, अंडर-19 बालक समेत अन्य मुकाबले खेले गए। मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने दीप जलाकर टूर्नामेंट का आगाज किया और स्क्वैश मैच भी खेला। इस मौके पर यूपी कानपुर चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता, एमएचपीएल के निदेशक पीयूष अग्रवाल, यूपी स्क्वैश रैकेट एसोशिएसन के सचिव विनय पांडेय, द स्पोर्ट्स हब के निदेशक प्रणीत अग्रवाल व डायरेक्टर ऑपरेशन द स्पोर्ट्स हब पीके श्रीवास्तव मौजूद रहे।

टूर्नामेंट को 12 आफिशियल्स की टीम संचालित करा रही है। पीयूष अग्रवाल ने इस मौके पर इंटरनेशनल टूर की घोषणा की जो जून माह में आयोजित होगा। इसके लिए इनाम राशि 12 हजार यूएस डालर यानि 10 लाख रुपये है।

### ये रहे विजेता

बालक 11 वर्ग में हिमाचल प्रदेश के विक्रमादित्य महाजन ने दिल्ली के जोरावर को 11-1, 11-7, 11-6 से हराया। अंडर-6 में महाराष्ट्र के सिद्धार्थ ने हरियाणा के आरीश को 11-0, 11-0, 11-0 से, दिल्ली से सूवेन जैन ने पंजाब केजी सिंह को 11-1, 11-2, 11-4 से, पंजाब के आरेन ने दिल्ली के आगस्त्य को 11-2, 11-4, 11-5 से, दिल्ली से रोहन ने दिल्ली के अंगद को 11-1, 11-2, 11-2 से हराया। पुरुष वर्ग में चंडीगढ़ के पीयूष ने यूपी के विकास को 11-2, 11-4, 11-0 से, बंगाल के सौभाग्य ने यूपी के आशीष को 16-9 से हराया। यूपी के अंश ने यूपी के श्रीधर को 11-5, 11-4, 11-5 से, चंडीगढ़ के अखिलेश ने यूपी के नितीश को 11-2, 11-4, 11-4 से, हरियाणा के प्रदीप ने यूपी के मो. शाकिब को 11-13, 11-6, 11-2, 11-4 से, यूपी के गौरव ने राजस्थान के आयुष को 11-4, 11-5, 11-5 से मात दी। महिला वर्ग में उत्तराखंड की झील राठौर ने दिल्ली की नाम्या कोहली को हराया।



टूर्नामेंट का उद्घाटन करते पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, एमडी पीयूष अग्रवाल।



बच्चों ने भी खेला मैच। अमृत विचार



बहाया पसीना। अमृत विचार

## स्मैक तस्कर को तीन साल की सजा, जुर्माना भी

**कानपुर।** साकेत नगर स्थित कंजड़नपुरवा में पकड़े गए स्मैक तस्कर को अपर सत्र न्यायाधीश (एडीजे) कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई।

दर्ज एफआईआर के मुताबिक किदवई नगर थाने में तैनात तत्कालीन दरोगा सत्यदेव सिंह एक अक्टूबर 2012 को फोर्स के साथ कंजड़नपुरवा में गश्त कर रहे थे। इस दौरान पुलिस को देख कर एक संदिग्ध भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोचा तो उसने अपना नाम कंजड़नपुरवा निवासी पप्पू बताया था। पुलिस ने उसके पास से 10 ग्राम स्मैक बरामद की थी। दरोगा ने एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को जेल भेजा था। मामला एडीजे 24 अंशुमान पटनायक की कोर्ट में विचाराधीन था।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### निर्वाचन का महत्व समझाया, दिए निर्देश

**कानपुर।** लेखन और अन्य मतदान सामग्री तैयार कराए जाने के लिए नामित प्रभारी अधिकारी लेखन सामग्री केके सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में प्रभारी अधिकारी ने सभी को निर्वाचन की महत्ता समझाते हुए निष्ठापूर्वक समय से काम पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों के लिए तैयार की जाने वाली लेखन सामग्री, निर्वाचन किट में रखी जाने वाली सामग्री, प्रपत्रों की सूची निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त की जाए। चेक लिस्ट के सापेक्ष प्राप्त, शेष सामग्री का विवरण तैयार कर लिया जाए। लेखन सामग्री, निर्वाचन किट तैयार करने के लिए ले-आउट तैयार कर लिया जाए।

### सीआरपीएफ की महिला बटालियन शहर आई

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव में कानून व्यवस्था में सहयोग के लिए सीआरपीएफ की महिला बटालियन काकादेव स्थित सोसाइटी धर्मशाला पहुंची। पुलिस उपायुक्त यातायात आरती सिंह व अपर पुलिस उपायुक्त यातायात शिवा सिंह ने प्रभारी निरीक्षक काकादेव केपी गौड़ के साथ धर्मशाला परिसर का भ्रमण किया एवं व्यवस्थाओं को परखा। इसके साथ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### नीतू सिंह और मालिनी अवस्थी का नाम, दिल्ली में प्रधानमंत्री आज लगाएंगे मुहर

# कानपुर से भाजपा उतार सकती है महिला प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर नगर लोकसभा सीट से भाजपा महिला उम्मीदवार दे सकती है। सांसद सत्यदेव पचौरी की उम्र ज्यादा होने की वजह से प्रत्याशी के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हो सकी है। पार्टी नये चेहरे को उतारने पर विचार कर रही है। इस लिस्ट में सांसद पचौरी की बेटी नीतू सिंह और लोक गायिका मालिनी अवस्थी का नाम अंतिम दौर में चल रहा है। माना जा रहा है कि भाजपा शुक्रवार को इन दो नामों में एक पर अंतिम मुहर लगा सकती है।

भाजपा ने पिछले दिनों कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 में से नौ सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की थी। सिर्फ कानपुर नगर के प्रत्याशी के नाम को रोका था। मौजूदा सांसद सत्यदेव पचौरी की उम्र 75 से ज्यादा होने की वजह से ही पार्टी ने नये नाम पर विचार शुरू किया था। टिकट कटने के डर से सांसद सत्यदेव पचौरी दिल्ली में डेरा जमाए बैठे हैं। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि कानपुर नगर सीट पर तीन नाम फाइनल लिस्ट में भाजपा नेतृत्व के पास पहुंचे हैं।

इसमें पहला नाम कानपुर से सांसद सत्यदेव पचौरी की बेटी नीतू सिंह और दूसरा नाम लोक गायिका मालिनी अवस्थी का है। वहीं, एक तीसरा नाम पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार नेतृत्व ने कानपुर को महिला प्रत्याशी देने का मन बना लिया है। शुक्रवार को को दिल्ली में होने वाली बैठक में भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इसपर फैसला कर सकता है।


नीतू सिंह। अमृत विचार


मालिनी अवस्थी। अमृत विचार

### महापौर चुनाव में भी आया था नाम

नीतू सिंह का नाम महापौर चुनाव में भी आया था। लेकिन तब विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की पैरवी भारी पड़ी और पार्टी ने प्रमिला पांडेय को दोबारा उम्मीदवार बनाया था। चुनाव से ठीक पहले पचौरी गुट नाराज हुआ तो पार्टी नेतृत्व मनाने में जुट गया। महापौर चुनाव में योगी जब किदवई नगर के राजकीय इंटर कॉलेज में सभा करने आये तो वहां नीतू सिंह को भी मंच दिया गया था। यही नहीं पार्टी में सबकुछ ठीक है इसको दिखाने के लिये नीतू सिंह को मंच से बोलने का भी आग्रह किया था। जातीय समीकरणों की बात करें तो वह खत्री और ब्राह्मण समाज दोनों तरफ से फिट बैठती हैं। संघ घराने की बहु होने का भी नीतू को फायदा मिल सकता है।

### चर्चित चेहरा मालिनी को दिला सकता टिकट

लोक गायिका मालिनी अवस्थी चर्चित चेहरा हैं। मालिनी अवस्थी जातीय समीकरण में बिलकुल फिट बैठती हैं, उनके पति पूर्व आईएएस अवनीश अवस्थी आईआईटी कानपुर से पढ़े हैं। उनका पनकी मंदिर के पास अद्वितीय शिव मंदिर भी है। उनके कई रिश्तेदार भी कानपुर में रहते हैं। वह लगातार कानपुर आती जाती हैं। महापौर प्रमिला पांडेय के कार्यक्रमों में लगातार मालिनी अवस्थी दिखती हैं। कानपुर लोकसभा सीट पर मालिनी अवस्थी का नाम आगे चल रहा है। वहीं, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा भी टिकट की रेस में हैं। उन्होंने पार्टी के फोरम में कानपुर सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा भी जताई है। वह जातीय समीकरण और कानपुर सीट के लिहाज से योग्य दावेदार भी माने जा रहे हैं।

### सतीश महाना और ब्रजेश पाठक भी दावेदार

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का भी टिकट के लिये नाम चल रहा है। ब्राह्मण दावेदारों में उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का नाम भी चर्चा में है। तीन बार के विधायक और हाल में ही पार्टी की सदस्यता ले चुके अजय कपूर भी दिल्ली में डटे हैं, वह भी टिकट मांग रहे हैं। इसके साथ ही एमएलसी अरुण पाठक का भी नाम है।


लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ जिलाध्यक्ष फजल महमूद, शैलेंद्र यादव, बंटी सेंगर व अपर्णा जैन।

# कानपुर में कांग्रेस को लड़ाएंगे: अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कानपुर नगर की सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दी है। यहां सपा कांग्रेस प्रत्याशी को लड़ाएगी। भितरघात करने वाले लोगों की रिपोर्ट तैयार कर अखिलेश यादव को सौंपी जाएगी। यह बातें लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कानपुर के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों से स्पष्ट रूप से कही।

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के बीच गठबंधन हुआ है। अजय कपूर के भाजपा में जाने के बाद कांग्रेस के साथ ही सपा के भी कुछ नेता कानपुर नगर की दावेदारी पर ताल ठोंकने लगे थे। ऐसे में सपा और कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार सुबह जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, राष्ट्रीय प्रवक्ता नितेंद्र यादव, राष्ट्रीय सचिव अर्पणा जैन व उपाध्यक्ष आनंद शुक्ला समेत कुछ अन्य पदाधिकारियों को बुलाया।

जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा है कि लोकसभा चुनाव में कानपुर नगर की सीट से सपा कांग्रेस प्रत्याशी को लड़ाएगी। भितरघात करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### सपा करेगी धूप से बचाव व पानी की व्यवस्था

**कानपुर।** लखनऊ से कानपुर आने के बाद जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में अल्पसंख्यक सभा व समाजवादी व्यापार सभा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उनको चुनाव आचार संहिता का प्रशिक्षण दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं के लिए पानी की व्यवस्था करेंगे। धूप से बचाव के लिए छोटे कैंप की व्यवस्था रहेगी। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, नंदलाल जायसवाल, परमवीर सिंह गंभीर, आनंद शुक्ला, वीरेंद्र शर्मा, कमलेश ओमर, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, राजेंद्र जैसवाल, अजय श्रीवास्तव, आशीष यादव, संजय निषाद व अनिल चौबे समेत आदि मौजूद रहे।

# निर्वाचन व्यय के लिए बैंकों में खोलें खाते

संवाददाता कानपुर देहात

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** गुरुवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि निर्वाचन अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय प्रयोजन के लिए अलग से बैंक खाता खोले जाने के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से राज्य के किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) या डाकघर में खोला जा सकता है। निर्वाचन अभ्यर्थी व्यय से संबंधित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली धनराशि दस हजार रुपये से अधिक नहीं है तो ऐसे व्यय को उक्त बैंक खाते से निकासी कर नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है। स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी द्वारा सभी बैंकों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्वाचन लड़ने वालों को अलग से बैंक खाता खोलने की सुविधा देंगे।


# मिश्रिख से अब सपा की संगीता राज की चर्चा

संवाददाता, बिल्हौर

- समाजवादी पार्टी में प्रत्याशी के बदलाव की संभावना
- विस इकाई के अध्यक्ष बोले जल्द ही होगा निर्णय

**अमृत विचार:** मिश्रिख लोकसभा सीट से सपा का उम्मीदवार बदल सकता है। बुधवार को विधानसभा इकाई की बैठक में रामपाल राजवंशी की बहू संगीता राजवंशी को प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा रही।

सपा ने पहले पूर्व मंत्री रामपाल रामवंशी का नाम घोषित किया था, लेकिन सूत्रों की मानें तो भाजपा उम्मीदवार एवं निवर्तमान सांसद अशोक रावत से दूर का रिश्ता होने और रामपाल रामवंशी के बीमार पड़ने से टिकट बदलना पड़ा। इसके बाद पार्टी ने उनके पुत्र मनोज कुमार रामवंशी को उम्मीदवार बना दिया। लेकिन अशोक रावत से नाते-रिश्तेदारी की चर्चाएं आम होने के बाद अब फिर मिश्रिख लोकसभा से नया प्रत्याशी आने की सुगबुगाहट है। बुधवार को बैठक में शामिल रहे बिल्हौर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष विनय कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मिश्रित लोकसभा के लिए संगीता राजवंशी के नाम की चर्चा हुई है। संभावना है कि टिकट उन्हीं को दिया जाएगा। संगीता राजवंशी मिश्रिख से चार बार से जिला पंचायत सदस्य हैं और लगातार क्षेत्र में राजनीतिक रूप से सक्रिय भी हैं। विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह ने भी महिला प्रत्याशी के नाम पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं की पर्याप्त भागीदारी होनी चाहिए।


अखिलेश यादव से मिले स्थानीय नेता। अमृत विचार

# मतदाता जागरुकता के लिए हर संभव प्रयास करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छात्रों, युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं को प्रेरित करने का निर्देश

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के प्रभावी व निष्पक्ष संचालन के लिए आवश्यक है कि समाज के सभी वर्गों छात्रों, युवकों, बुजुर्गों, महिलाओं को अधिक संख्या में मतदान करने के लिए जागरूक किया जाए। मतदान को लेकर उनके मन में बसी अवधारणाओं को बदला जाए। यह बात गुरुवार को नोडल अधिकारी स्वीप सूरज यादव ने कलक्ट्रेट में मतदाता जागरुकता बैठक में कही।

अपर जिलाधिकारी, नोडल अधिकारी ने कहा कि उद्योग जगत सदैव समर्पित भावना से अगृणी भूमिका निभाता है। इसलिए बैठकें कर उनसे अनुरोध किया जाए कि अपने प्रतिष्ठानों में कार्मिकों को मतदान के लिए जागरूक करें। संस्थानों में मतदान के लिए शपथ दिलाई जाए। प्रमुख चौराहों पर मतदान जागरुकता के स्लोगन लिखवाएं जाएं। जागरुकता रैली निकाली जाए। क्षेत्रों में नुक्कड नाटक किए जाए। प्रमुख औद्योगिक व व्यापारिक क्षेत्रों में गोष्ठियों का आयोजन हो। स्कूल और कालेजों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हों। सोशल मीडिया के माध्यम से मतदान जागरुकता व मतदान के लिए प्रचार-प्रसार किया जाए। नगर के सभी क्षेत्रों में पंफलेट व बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स लगाई जाए। बैठक में उपायुक्त उद्योग सुधीर श्रीवास्तव, अपर नगर मजिस्ट्रेट रामानुज, सुरेंद्र बहादुर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव, जिला सूचना अधिकारी कौशलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


नोडल अधिकारी ने मतदान बढ़ाने को लेकर जागरुकता बैठक की। अमृत विचार

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान करना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसए की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से गुरुवार को विकासखंड बिठूर के सिंगपुर कछार में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. सीएल मौर्य रहे। उन्होंने कहा कि मतदान मौलिक अधिकार है। यह हमारे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। जब लोग वोट नहीं देते हैं तो वह खुद को चुप कर रहे होते हैं और वोट करने वालों को सत्ता सौंप रहे होते हैं।

मतदान जरूरी इसलिए है, क्योंकि यह अपनी सरकार में अपनी बात कहने व अपने हितों का प्रतिनिधित्व करने का एक तरीका है। जो लोग यह महसूस करते हैं कि उनका वोट मायने नहीं रखना, उन्हें शायद यह एहसास नहीं होगा कि निष्पक्ष व सटीक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता ने कहा कि लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव ने कहा कि मतदान जागरुकता के लिए प्रिंट मीडिया, रेडियो, सोशल मीडिया व सामूहिक संवाद का ठीक है।

## चुनावी चखचख

### भाजपा बाकी पार्टियों के मुकाबले नारों को गढ़ने में सबसे आगे, कांग्रेस में नारे बनाने का काम शुरू, जल्द गूंजते सुनाई देंगे

# एक से बढ़कर एक लगते हैं चुनावी नारे, जो बदल देते समीकरण सारे

महेश शर्मा,कानपुर

**अमृत विचार।** नारे गढ़ने का वक्त आ गया है। चुनावी हो-हल्ला और चकल्लस वाले अड्डों पर वजह-बेवजह नारे लगना कनपुरिया शगल रहा है। ज्यादातर इसी शहर से गढ़े जाते रहे। मारे ठसक के कुछ राजनीतिक पुरोधा तो कह भी देते हैं कि उधार नारे क्यों लें, अपने बना लेंगे।

भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष इस काम में माहिर हैं। कार्यकर्ताओं के बीच वह अक्सर नारे उछाल देते हैं। जैसे जाके प्रिय न राम वैदेही-ताको वोट कदापि न देही, दो बातें मत जाना भूल, राम का मंदिर, कमल का फूल, विकसित भारत की तैयारी, मोदी सरकार तीसरी बारी, संदेशखाली का संदेश चुप क्यों हैं राहुल अखिलेश, इतिहास रचेगा मोदी परिवार, चार जून को 400 पार। ये नारे धीरे-धीरे गूंजने लगे हैं। सपा-कांग्रेस गठबंधन, बसपा के नेता भी नारे गढ़ना शुरू कर चुके हैं। भाजपा फिलहाल बाकी पार्टियों के मुकाबले नारों को गढ़ने में सबसे आगे है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने यह काम खुद संभाल लिया है। उन्हें सहयोग देते हैं सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी व उनकी टीम। नारों ने पार्टियों को सत्ता में स्थापित करने तो सत्ता से उखाड़ फेंकने में महती भूमिका निभायी है।

मीडिया प्रभारी मोहित पांडे कहते हैं कि चुनाव प्रचार चाहे जितना हाईटेक हो जाए पर नारों की सार्थकता और प्रभाव हल्का कभी नहीं होगा। कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष हरप्रकाश अग्निहोत्री कहते हैं कि नारों को बनाने का काम चालू है। कुछ नारों की बानगी देखिए। खरा रुपइया चांदी का-राज महात्मा गांधी का। तत्कालीन जनसंघ ने नारा दिया था, यह देखो दीपक का खेल, जली झोपड़ी भागे बैल (तब दो बैलों की जोड़ी कांग्रेस का और झोपड़ी सोशलिस्ट पार्टी का चुनाव चिह्न हुआ करता था)। कांग्रेस ने नारों की भाषा में पलटवार किया, जिस दीपक में तेल नहीं-सरकार बदलना खेल नहीं। थोड़ा पीछे जाएं तो सन 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान नारा दिया गया था, वार रे नेहरू तेरी मौज-घर में हमला बाहर फौज। आपातकाल के दौरान जनता पार्टी का नारा था, इंदिरा हटाओ-देश बचाओ। 1989 में जनता दल ने नारा दिया था, अब तो यह स्पष्ट है-राजीव गांधी भ्रष्ट है। दूसरा नारा था, गालों पर जो लाली है-तोपों की दलाली है। पिछड़ों का आरक्षण को लेकर नारा लगाया जाता था कि, सौ में साठ हमारा है-बाकी में बंटवारा है।

### रामलला हम आएंगे, चढ़ गुंडन की छाती पर रहे चर्चा में

राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के दौरान भाजपा ने 1991 के चुनाव मे नारा दिया था, रामलला हम आएंगे-मंदिर वहीं बनाएंगे। 2004 में अटल सरकार के दौरान भाजपा ने शाइनिंग इंडिया पर चुनाव लड़ा तो विरोध में कांग्रेस ने नारा दिया, कांग्रेस का हाथ-आम आदमी के साथ, काफी हिट रहा। नतीजा सबके सामने था। 2007 में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव बसपा का नारा जबरदस्त हिट रहा। चढ़ गुंडन की छाती पर-मुहर लगेगी हाथ पर। हाथी नहीं गणेश है-ब्रह्मा विष्णु महेश है। दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम का समीकरण लोगों के दिलो दिमाग पर छा गया। मायावती के उत्थान में नारों का योगदान रहा। फिर 2012 के विधानसभा चुनाव में सपा, बसपा और भाजपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला रहा। नारा उछला, जिसका जलवा कायम है- उसका नाम मुलायम है। इसके बाद 2014 में लोकसभा चुनाव में अबकी बार मोदी सरकार। अच्छे दिन आने वाले हैं...और मोदी आ गए। 2017 के यूपी में विधानसभा चुनाव में भाजपा ने नारा दिया, न गुंडा राज न भ्रष्टाचार-अबकी बार भाजपा सरकार। 2022 में भाजपा का नारा था, जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे तो सपा ने नारा दिया, कृष्णा-कृष्णा हरे-हरे, अखिलेश भैया घरे-घरे। चलेगी साइकिल उड़ेगी धूल-नहीं दिखेगा कमल का फूल। बसपा ने नारा दिया, हर पोलिंग बूथ को जिताना है-बसपा को सत्ता में लाना है। चार जून सब साफ-बहनजी हैं देश की आस। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शंकर दत्त मिश्रा बताते हैं कि नारे हमेशा ही लोगों का ध्यान बांटते रहे हैं। लोगों को भावावेश में लाना, उत्तेजित और उत्साहित करने में नारों की अहम भूमिका रहती है। नारों से लोगों को उत्साहित किया जा सकता है पर बहकाया नहीं जा सकता है।

## सार-संक्षेप


अध्यापकों के साथ देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

### भोले ने शिक्षकों को दी होली की बधाई

**कानपुर।** भाजपा अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने गुरुवार को पूर्व प्रधानाचार्यों, अध्यापकों से भेंट कर होली की बधाई दी। कानपुर नगर के सभी पांचों मूल्यांकन केन्द्रों पर जाकर बाल विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज त्रिवेदी, डीएवी इंटर कालेज प्रधानाचार्य शैलेंद्र मोहन सक्सेना, हर सहाय इंटर कॉलेज पी रोड की प्रधानाचार्य श्वेता गुप्ता, डीपीएस इंटर कॉलेज नवाबगंज के प्रधानाचार्य नंद किशोर मिश्रा के साथ उपस्थित अध्यापकों को होली की शुभकामनाएं देकर मूल्यांकन केन्द्रों के विषय में भी जानकारी ली। इस दौरान जितेंद्र सिंह जादौन, अरुण त्रिवेदी, शैलेंद्र द्विवेदी, राहुल मिश्रा, अवधेश कटियार, अशोक सिंह दद्दा रहे।


यज्ञ करते भाजपा नेता। अमृत विचार

### राहुल के लिये भाजपा ने किया यज्ञ

**कानपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तीन दिन पहले मुंबई में इंडी गठबंधन की एक सभा में कहा कि हम भाजपा व मोदी से नहीं लड़ रहे, हम हिंदू धर्म की शक्ति से लड़ रहे हैं। इस तरह का बयान देकर राहुल गांधी ने सीधे शक्ति स्वरूपा मातृ शक्ति का अपमान किया है। जिसको भारत ही नहीं, विश्व की मातृ शक्ति कभी माफ नहीं करेगी। यह बात गुरुवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पनकी में महिला मोर्चा के सद्बुद्धि यज्ञ व कन्या पूजन के दौरान कही। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने 9 कन्याओं का तिलक कर पूजन किया। महिला मोर्चा नेताओं ने नारा लगाते हुए कहा कि शक्ति की महिमा न्यारी है, चंड मुंड पर भारी है। कन्या पूजन व हवन में अनीता गुप्ता, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, विजया तिवारी, मोना शुक्ला , रंजीता पाठक, पुष्पा तिवारी, सीमा सिंह, अनीता चतुर्वेदी, प्रियंका सिंह, शीलू त्रिपाठी, शोभा शुक्ला, लवली सक्सेना, शुभ्रा अवस्थी, जय श्रीवास्तव, सुरुचि पांडे, प्राजंलि शुक्ला, पूनम शुक्ला, गीता तिवारी, मुन्नी जोशी रहीं।


व्यापारियों ने ज्ञापन दिया। अमृत विचार

### व्यापारियों के लिए बढ़ाई जाए नकदी सीमा

**कानपुर ।** उद्योग व्यापार मंडल (कंछल गुट) के अध्यक्ष शैल शुक्ला की अगुवाई में गुरुवार को व्यापारियों ने डीएम राकेश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने डीएम से कहा कि चुनाव के साथ त्योहार व सहालग भी है। ऐसे में निर्धारित 50 हजार रुपये व्यापारियों के लिए नाकाफी हैं। व्यापारियों के लिए नकदी सीमा ढाई लाख की जाए। बता दें कि चुनाव आचार संहिता के कारण कोई भी व्यक्ति यदि 50000 से अधिक की नकदी लेकर चलता है तो उसे नगदी का स्रोत बताना पड़ेगा, अन्यथा नकदी जब्त कर ली जाएगी। इसी सिलसिले में गुरुवार को उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी, व्यापारी डीएम से मिले और उन्हें अपनी समस्या बताई। व्यापारियों ने कहा कि इस नियम का अनुपालन मौजूदा समय में कष्टदाई है। क्योंकि इस महंगाई के इस दौर में यह बहुत कम रकम है। चुनाव के साथ ही त्योहार व सहालग भी है। व्यापारियों को बहुत से लेनदेन करने पड़ते हैं। व्यापारियों ने मांग किया कि नकदी सीमा को 50,000 से बढ़ाकर 2,50,000 किया जाए। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष शैल शुक्ला, महामंत्री अनूप तिवारी, सदन तिवारी, विनय वर्मा, युवा अध्यक्ष आयुष द्विवेदी, रजनीश सिंह, मनीष गुप्ता, आदित्य चौहान, रोशन भारती, उज्जवल त्रिवेदी, मनोज तिवारी, यशपाल सिंह, दिनेश राठौर आदि व्यापारी रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में वांछित के पैर में लगी गोली

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचारः** बुधवार की रात चेकिंग के दौरान बिधनू पुलिस की शातिरों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक वांछित के पैर में गोली लगी, जबकि मौके से भागकर झाड़ियों में छिपे उसके साथी को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराने के बाद जेल भेज दिया है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार के मुताबिक बुधवार की रात बिधनू पुलिस किसान नगर रोड पर चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान एक बाइक पर दो लोग आ रहे थे। पुलिस ने संदेह के आधार पर बाइक रोकने का इशारा किया तो बाइक सवार रुकने के बजाय बाइक मोड़कर तेज गति से पीछे की ओर भागने लगे। ब्लाइंड कर्व होने और बाइक की रफ्तार अधिक होने के करण बाइक फिसल गई और दोनों गिर गए।



मुठभेड़ में गोली लगने से घायल सलीम उर्फ शेरा। अमृत विचार

चेकिंग टीम जब दोनों के करीब पहुंची तो शातिरों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। आत्म रक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिससे एक के पैर में गोली लगी और उसका दूसरा साथी मौके से भाग खड़ा हुआ। आसपास के थाने की फोर्स मौके पर बुलाई गई और सघन कांबिंग कराई गई। कांबिंग के दौरान उसका भागा साथी झाड़ियों में छिपा मिल गया, जिसे पुलिस ने दबोच लिया।

पुलिस उपायुक्त के मुताबिक गोली लगने से घायल शातिर ने अपना नाम सलीम उर्फ शेरा बताया, जबकि झाड़ियों में पकड़े गए साथी ने अपना नाम आरिफ बताया। गोली लगने से घायल सलीम उर्फ शेरा को चिकित्सीय उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा गया। दोनों का मेडिकल कराने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### साथी भी गिरफ्तार

- किसान नगर में वाहन चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़
- साथी भाग कर झाड़ियों में छिपा पुलिस ने दबोचा

#### तमंचा के साथ चापड़ और रस्सी बरामद

पुलिस उपायुक्त रविंद्र कुमार के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद दोनों के पास से तमंचे, कारतूस और गोकशी करने का सामान चापड़, रस्सी, प्लास्टिक की बोरी, अंगौछा आदि बरामद हुआ है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि पकड़े जाने के भय से दोनों ने भागने की कोशिश की।

#### बिधनू थाने में गोकशी का मुकदमा दर्ज है

पुलिस उपायुक्त के मुताबिक सलीम उर्फ शेरा और आरिफ के खिलाफ बिधनू थाने में गोकशी का एक मुकदमा पंजीकृत है, जिसमें ये दोनों वांछित अभियुक्त थे। इनके आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# सांड़ ने मजदूर को पटककर मार डाला

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचारः** बिधनू क्षेत्र में अन्ना मवेशीयों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को काम की तलाश में घर से निकले मजदूर को सांड़ ने पटक-पटक कर मार डाला। गांव वालों ने किसी तरह सांड़ को भगाकर मजदूर को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बिधनू क्षेत्र के तेजीपुरवा गांव का रहने वाला मजदूर हीरालाल पासवान (45) पुत्र प्रहलाद अविवाहित था। वह अपने छोटे भाई राजकुमार के परिवार के साथ रहकर मजदूरी करता था। गुरुवार की सुबह हीरालाल काम की तलाश में रमईपुर के पास स्थित घाटूखेड़ा गांव पैदल जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह कोटेदार की गली में पहुंचा, तभी सामने से आए काले सांड़ ने उस पर हमला कर दिया। सांड़ ने उसे सींग मारकर सड़क पर गिरा दिया और पेट में लगातार सींग मारते हुए उसे मार डाला।



मजदूर की मौत के बाद गांव पहुंची पुलिस। अमृत विचार

- काम की तलाश में घर से निकला था मजदूर
- बिधनू क्षेत्र के घाटूखेड़ा गांव में हुई घटना

ग्रामीणों ने जब मजदूर पर सांड़ को बेरहमी से हमला करते हुए देखा तो लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और सांड़ को भगाया। गांव वाले जब तक मजदूर के पास पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों के अनुसार गांव में काले सांड़ का एक सप्ताह से आतंक व्याप्त है। वह एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों पर हमला कर चुका है। मजदूर की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बिधनू पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# हत्या की एफआईआर, चचेरे भाई गिरफ्तार

## घटना के बाद हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों को भेजा गया जेल, तहरीर के आधार पर पुलिस ने लिखा मुकदमा

कसिगवां कांड

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचारः** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के कसिगवां गांव में मंगलवार की रात आग से जलकर हुई मौसेरे भाइयों की मौत के मामले में आखिर पुलिस ने हत्या की एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना के बाद हिरासत में लिए गए चचेरे भाइयों के खिलाफ हत्या का नामजद मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के कसिगवां गांव में मंगलवार की रात एक साथ एक ही चारपाई पर सोए सुनील उर्फ अनिल और उसके मौसेरे भाई राज की आग से जलकर मौत हुई, उसको लेकर शुरू से ही हत्या की आशंका जताई जा रही थी।

#### ब्लाक प्रमुख ने परिवार के बीच पहुंचकर बांटा दर्द

ब्लाक प्रमुख अरुण कोरी गुरुवार को कसिगवां गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका दर्द बांटा। ब्लाक प्रमुख ने राज उर्फ छोटू के पिता प्रेम सिंह से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि घटना में जो भी दोषी है, उसे कठोर सजाने दिलाने की पैरवी की जाएगी।

रात करीब 11 बजे तक सुनील की अपनी मंगेतर उर्वशी से मोबाइल फोन पर बातचीत होने और उसी दौरान कुछ गिरने की आवाज आने, फिर घटना के बाद पेट्रोल जैसे तेज ज्वलनशील पदार्थ की बदबू आने से परिवार वाले चीख-चीख कह रहे थे कि दोनों को जलाकर मारा गया है, लेकिन पुलिस बुधवार की देर शाम तक सीधे हत्या की बात स्वीकार करने से इंकार करती रही।



कसिगवां गांव में राज के दरवाजे भीड़ लगी रही। अमृत विचार

इस घटना के तुरंत बाद राज के पिता प्रेम सिंह ने सेन पश्चिम पारा थानाध्यक्ष को तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया था, लेकिन खुद पुलिस ने वारदात को हादसा और हत्या में उलझा दिया और देर शाम तक एफआईआर दर्ज नहीं की। हालांकि पुलिस ने घटना के बाद ही दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया था। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने राज के पिता प्रेम सिंह उर्फ बबलू की तहरीर के आधार पर सुनील उर्फ अनिल के ताऊ के लड़के कल्याण सिंह और विनोद कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों को गुरुवार को मेडिकल कराने के बाद जेल भेज दिया गया है।

#### शादी के कार्ड में नहीं डाले गए थे आरोपियों के नाम

मां-बाप की मौत के बाद अनाथ हुए सुनील उर्फ अनिल की 24 अप्रैल को शादी होनी थी। शादी के लिए निमंत्रण कार्ड छप गए थे। जिस रात घटना हुई, उसके दूसरे दिन से ही सुनील को कार्ड बांटने के लिए निकलना था। यह बात सुनील के मौसा प्रेम सिंह ने बताई थी। खास बात यह है कि शादी के कार्ड में पारिवारिक भाई होने के बावजूद सुनील ने कल्याण सिंह उर्फ बदलू और विनोद का नाम नहीं डलवाया था। आरोपियों को इसकी भी खुन्नस थी। यह भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि अनिल की चचेरे भाइयों से नहीं पटती थी।

#### अलमारी में रखे मिले दोनों के मोबाइल

आग में जिंदा जलकर भुने सुनील उर्फ अनिल और राज के मोबाइल फोन को लेकर सवाल उठ रहे थे। छानबीन के दौरान दोनों के मोबाइल फोन अलमारी में रखे मिल गए हैं। पुलिस दोनों मोबाइल फोन की काल डिटेल खंगाल रही है। हालांकि घटना के बाद कसिगवां गांव पहुंची सुनील की मंगेतर उर्वशी ने इस बात की पुष्टि की थी कि रात 10 बजे से करीब 11 बजे तक उसकी फोन पर बात चल रही थी। इसी बीच कुछ गिरने की आवाज आने और राज उर्फ छोटू के घर पहुंचने के कयास पर फोन पर बातचीत बंद हुई थी।

#### अधिग्रहीत जमीन का मिलना है मुआवजा

बताते हैं कि सुनील उर्फ अनिल की चार बीघे जमीन प्रस्तावित रिंग रोड में अधिग्रहीत हुई है, जिसका दो महीने बाद मुआवजा मिलना है। मुआवजे का फैसला भी 21 मार्च को होना था। यह भी बताया गया कि 58 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा मिलना है।

# आवास दिलाने के नाम पर सफाईकर्मी ने ली रिश्वत

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचारः** चौबेपुर विकास खंड कार्यालय निलंबित सफाई कर्मी ने सरकारी आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर महिला से 35 हजार रुपये रिश्वत ले ली। आवास न मिलने पर पीड़ित महिला की ओर से शिकायत किए जाने के बाद अधिकारियों के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी ने गुरुवार को सफाई कर्मी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

चौबेपुर ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मुकेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि चौबेपुर ब्लॉक में तैनात रहे निलंबित सफाई कर्मी गौरव कुमार ने हलवाखेड़ा, गोविंद नगर की सिमरन मसीह पुत्री मनोज मसीह से सरकारी आवास दिलाने के नाम पर 35 हजार रुपये ले लिया। कुछ दिन बाद लाभार्थी

- एडीओ पंचायत ने सफाई कर्मी के खिलाफ दी तहरीर
- मौजूदा समय में निलंबित चल रहा आरोपी सफाईकर्मी

लिस्ट में नाम न होने पर उसने पैसा वापस मांगा, लेकिन सफाई कर्मी ने पैसा नहीं लौटाया।

इसके बाद जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से 26 दिसंबर को कारण बताओ नोटिस सफाई कर्मी को भेजी गई, लेकिन उसने उसका कोई उत्तर नहीं दिया और न ही आरोपी सफाई कर्मी ने महिला के खाते में पैसा वापस किया। अधिकारियों के निर्देश पर एडीओ पंचायत मुकेश कुमार ने गुरुवार को मामले की तहरीर थाने में दी है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि एडीओ पंचायत की ओर से तहरीर मिली है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# छह फीट गहरी सुरंग खोद चोरी

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के रामसारी गांव में बुधवार की रात छह फीट गहरी सुरंग खोदकर चोर घर में घुसे और जेवरात-नकदी से भरा बक्शा उठा ले गए। सुबह जब घर की बहू झाड़ू लगाते हुए कमरे में पहुंची तो सुरंग देख उसके होश उड़ गए। छानबीन के दौरान घर के बगल में खाली प्लाट पर खाली बक्शा मिला, जिससे नकदी और जेवरात गायब थे। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

क्षेत्र के रामसारी गांव निवासी अनमोल सिंह ने गुरुवार सुबह घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की रात घर पर उनकी पत्नी सुधा और बहू सोनी सो रही थीं। देर रात घर के बगल में खाली पड़े प्लाट से छह फीट गहरी सुरंग खोदकर चोर उनके घर के पूजा वाले कमरे में दाखिल हुए। इसके बाद चोर बक्शे सुरंग के रास्ते उठाकर बाहर ले गए।

बगल में खाली पड़े प्लाट पर चोरों ने बक्शे का कुंडा तोड़कर उसमें रखी एक लाख रुपये की नकदी समेत सोने का हार, अंगूठी, मंगलसूत्र, हाफपेटी, बेटे की पांच अंगूठियों समेत लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। गुरुवार की सुबह जब उनकी बहू सोनी घर में झाड़ू लगाते हुए पूजा घर पहुंची तो वह सुरंग देखकर दंग रह गई। पूजा घर के कमरे में लगभग छह फीट गहरी सुरंग खोदी हुई थी। परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो बक्शे गायब थे। जब वह बगल के प्लाट पहुंचे तो वहां टूटे बक्शे के साथ कुछ सामान तितर-बितर पड़ा था। मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस जांच में जुट गई है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

### वारदात

- घाटमपुर थाना क्षेत्र के रामसारी गांव में हुई वारदात
- जेवरात और नकदी से भरा हुआ बक्सा उठा ले गए चोर



सुरंग खोदकर घर के कमरे तक पहुंचे चोर। अमृत विचार

# फांसी लगाते समय पेड़ की डाल टूटी

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र की भीतरगांव चौकी क्षेत्र की तिवारीपुर मोड़ में युवक ने पीपल के पेड़ में फांसी लगाने की कोशिश की। पेड़ की डाल टूट जाने से युवक नीचे गिर गया और सलामत बच गया। परिजन युवक को लेकर चले गए।

भीतरगांव निवासी महेन्द्र पाल उर्फ बरेदी पुत्र रामसेवक पाल ने पीपल के पेड़ पर चढ़कर डाल में रस्सी बांधी। उसके छलांग लगाते ही डाल टूट कर नीचे आ गिरी, जिससे युवक सलामत बच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन युवक को लेकर पहले सीएचसी पहुंचे, जहां हालत सही सलामत देखते हुए घर चले गए। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया युवक ने फांसी लगाने की कोशिश की थी, परंतु डाल टूट जाने से वह सही सलामत बच गया। परिजनों ने बताया कि महेंद्र पाल ट्रक ड्राइवर है। एक दुर्घटना के मामले में अभी हाल ही में उसकी जमानत कराई गई थी। घरेलू विवाद के चलते उसने ऐसा घातक कदम उठाने का प्रयास किया।

# संदिग्ध हालात में लगी आग, गृहस्थी जली

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** सजेती थाना क्षेत्र के हरदौली के मजरे महुआपुर में बुधवार की रात एक घर में संदिग्ध हालात में आग लग गई। आग में गृहस्थी जलने के साथ एक मवेशी की जलकर मौत हो गई, जबकि तीन मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए।

महुआपुर निवासी भूरा अपनी पत्नी के साथ तीन दिन पहले सजेती क्षेत्र के ही मकरंदपुर गांव लाही कटाई की मजदूरी के लिए गए हुआ था। घर में बिटिया मोहिनी और बेटा अजय (14), आकाश (10) थे। बुधवार की रात सभी बच्चे एक साथ घर में सो रहे थे। रात लगभग 11 बजे संदिग्ध हालात में आग लग गई। आग की लपटें देखकर गांव में हड़कंप मच गया।

आग की ऊंची लपटें देखकर गांव वाले दौड़े और आग बुझाने का प्रयास किया। पड़ोसियों को इस बात की जानकारी थी कि भूरा और उसकी पत्नी घर पर नहीं है। सिर्फ बच्चे ही मौजूद हैं। लोगों ने बच्चों की जान बचाने के लिए आग बुझाने का हर संभव प्रयास शुरू किया। जब तक लोग आग पर काबू पाते, तब तक भूरा की गृहस्थी जलकर राख हो गई।

### हड़कंप मचा

- आग में जलकर एक मवेशी की चली गई जान
- सजेती थाना क्षेत्र के महुआपुर में हुई घटना, दंपति घर में नहीं थे



ब्लाक प्रमुख ने बंजारनपुरवा पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। अमृत विचार

#### गांव वालों ने बचाई तीन बच्चों की जान

महुआपुर गांव में रात के सन्नाटे में आग की ऊंची लपटें देखकर ग्रामीणों ने शोर मचाया। शोर सुनकर गांव वाले एकत्र हो गए। कुछ जागरूक ग्रामीण साहस दिखाते हुए कंबल ओढ़ कर घर के अंदर घुसे और तीनों बच्चों को बाहर निकालकर सकुशल बचा लिया। गांव वालों ने सबमर्सिबल पंप चलाकर चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

#### झोपड़ी में लगी आग गृहस्थी हुई खाक

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के अहमदपुर नदीहा गांव के बंजारनपुरवा गांव में अस्थाई डेरा बनाकर रहने वाले बंजारों के घर में आग लग गई। देर रात 10 बजे झोपड़ी के बगल में मुकेश की पत्नी बच्चों के साथ सोई थी। गनीमत रही कि पत्नी और बच्चे आग की चपेट में नहीं आए। सूचना पर पहुंची डायल 112 के पुलिस कर्मियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। गुरुवार को ककवन ब्लाक प्रमुख विनय यादव ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और आर्थिक सहायता के लिए उपजिलधिकारी से वार्ता कर मदद दिलाने का भरोसा दिया।

आग की लपटें मवेशीखाना तक पहुंच गई थीं। मवेशीखाना में बंधे एक मवेशी की जलकर मौत हो गई, जबकि तीन मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए। अग्निकांड की सूचना पाकर भूरा पत्नी के साथ गांव पहुंचा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने आग से हुए नुकसान का आकलन किया है।

कार्रवाई

## उत्तरीपुरा कस्बे में तीन महीने से बगैर रजिस्ट्रेशन संचालित हो रहा था अस्पताल

# एसडीएम का अस्पताल पर छापा, सील किया

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** एसडीएम रश्मि लांबा ने गुरुवार को उत्तरीपुरा कस्बे के एक प्राइवेट अस्पताल में छापा मारा। बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल संचालित किए जाने और तमाम खामियां मिलने के बाद एसडीएम ने अस्पताल में ताला लगवा दिया और तीन दिन के भीतर जरूरी कागजात उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

तहसील क्षेत्र में निजी हॉस्पिटलों की संख्या बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जनपद मुख्यालय पर बैठकर सिर्फ खानापूरी कर रहे हैं। क्षेत्र में खुले प्राइवेट अस्पतालों में गलत इलाज और लोगों को लूटा जा रहा है। विभागीय अधिकारी कभी इनकी ओर आंख उठाकर नहीं देखते हैं।




गुरुवार को एसडीएम ने उत्तरीपुरा के निजी अस्पताल में छापा मारा। अमृत विचार

गुरुवार को उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ तहसील क्षेत्र के उत्तरीपूरा कस्बे के निकुंज हॉस्पिटल में छापा मारा। छापेमारी के दौरान अस्पताल के संचालक ने बताया कि एक जनवरी से अस्पताल का संचालन शुरू किया था। अभी उन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। बगैर रजिस्ट्रेशन के अस्पताल संचालित होने पर एसडीएम का माथा ठनक गया।

अस्पताल प्रबंधन ने एसडीएम से मरीजों की जानकारी साझा नहीं की। ओपीडी में एक मरीज का रिकार्ड दिखाया गया, जिसे लेकर एसडीएम ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने अस्पताल संचालक को तीन दिन के अंदर नियमावली और मानक के अनुसार कागजात उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने निकुंज हास्पिटल के संचालक को तत्काल अस्पताल बंद करने के निर्देश दिए और अपने सामने ही अस्पताल में ताला लगवाया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ. दिलीप कटियार भी मौजूद रहे।

#### बगैर रजिस्ट्रेशन क्षेत्र में चल रहे कई अस्पताल

तहसील क्षेत्र में अरौल, विषधन, ककवन, उत्तरीपूरा, शिवराजपुर, बिल्हौर, चौबेपुर आदि कस्बों में मानकविहीन अस्पताल संचालित हो रहे हैं। एसडीएम रश्मि लांबा ने कहा कि बिल्हौर व अरौल में कई अस्पतालों की जानकारी मिली है। जल्द छापेमारी की जाएगी।

# ट्रक से भिड़ा डंपर चालक की मौत

**बिधनू।** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में हमीरपुर रोड पर बुधवार देर रात तेज रफ्तार डंपर आगे जा रहे ट्रक में पीछे से जा घुसा। हादसे में डंपर चालक बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने उसे हैलट पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

महाराजपुर थाना क्षेत्र के धमना गांव का डंपर चालक प्रताप पुत्र जंगा करबई से गिट्टी लोड कर कानपुर की ओर जा रहा था। हमीरपुर रोड पर बिनगवां मौरंग मंडी के पास पहुंचा, तभी आगे चल रहे ट्रक के चालक ने एकबारगी ब्रेक लगा दी, जिससे तेज रफ्तार डंपर का चालक गति काबू नहीं कर पाया और डंपर आगे चल रहे ट्रक के पीछे जा घुसा। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल डंपर चालक प्रताप को हैलट अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# पुलिस ने सुरक्षा का अहसास कराया

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव, होली एवं रमजान को लेकर पुलिस गुरुवार को अर्धसैनिक बल के साथ सड़क पर उतरी। कस्बे के साथ इटर्रा गांव में पुलिस और अर्ध सैनिक बल ने पैदल मार्च किया। लाउडस्पीकर के माध्यम से अराजक तत्वों को चेतावनी भी दी गई। पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का महसूस कराया।

एसीपी रंजीत कुमार सिंह व इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह की अगुवाई मे पैरामिलिट्री के जवानों ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधिकारी भी जवानों के साथ कदम पर कदम मिलाते नजर आए। अधिक संख्या में पुलिस बल को देखकर लोग चकित रह गए। घाटमपुर पुलिसकर्मी लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।पुलिस अधिकारियों ने रमजान और होली



फ्लैग मार्च करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है। पुलिस और आईटीबीपी की संयुक्त रूप से सड़क पर उतारा गया है।फ्लैग मार्च के दौरान अफवाहों से दूर रहने की नसीहत दी गयी। और अफवाह फैलाना फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं।आह्वान किया गया कि संदिग्ध मामला संज्ञान में आने की सूचना तुरंत पुलिस को सूचना दे। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ महत्वपूर्ण स्थानों पर अतिरिक्त चौकियां स्थापित करने पर भी काम कर रही है। एसीपी रंजीत कुमार सिंह,घाटमपुर थाना प्रभारी प्रदीप सिंह, एस एस आई खुर्शीद अहमद सहित पुलिस बल व आईटीबीपी के जवान मौजूद रहे।

# दायित्व निभाने में सजग रहें मास्टर टेनर्स

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बैठक में मातहतों को निर्देश देते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

- डीएम ने बैठक में मास्टर ट्रेनर्स व पीठासीन अधिकारियों को दिए कई निर्देश

**अमृत विचार।** पारदर्शी, निष्पक्ष व सकुशल लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 सम्पन्न कराने के लिए विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में 131 नामित मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने सभी मास्टर टेनर्स को पीठासीन अधिकारियों सहित अपेक्षित सभी मतदान कर्मियों को कुशलता पूर्वक प्रशिक्षण देने के लिए स्वयं को बेहतर ढंग से तैयार किए जाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना भी मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान कर्मचारियों की दक्षता सफलता पूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराने की सबसे बड़ी जरूरत होती है। इसलिए मास्टर ट्रेनर्स को जिले की साख बनाने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन सजगता से करना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षण टीम को छोटे प्रशिक्षण सत्र कराने को कहा। कहा कि शंका समाधान के लिए प्रश्नोत्तरी को भी शामिल किया जाए। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उनसे मिलने वाले उपयोगी सुझावों पर आगे प्रशिक्षण में शामिल किया जाएगा। जिस पर कई ट्रेनर्स ने अपने सुझावों रखे। जिला प्रशिक्षण अधिकारी रामबहल व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता जय सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी मास्टर टेनर्स को प्रशिक्षित किया। साथ ही कंट्रोल व बैलेट यूनिट के साथ वीवीपैट के संयोजन व संचालन का प्रशिक्षण भी दिया। प्रोजेक्टर संचालन दिलीप कुमार जेई एमआई के निर्देशन में हुआ। इस दौरान डीडीओ संजय कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## टार्च की रोशनी पड़ने के विवाद में पीटा

**आसीवन।** माखी थानाक्षेत्र के पावा गांव निवासी अनमोल बुधवार को भाई अमित, बहन शांती, चचेरे भाई कुलदीप व सुभाष के साथ आसीवन थानाक्षेत्र के बरौंकी गांव में भांजी के मुंडन में शामिल होने गया था। रात में अमित टार्च जलाकर लघुशंका के लिए जा रहा था। रास्ते में खड़े गांव के शिवपाल के चेहरे पर टार्च की रोशनी पड़ गई। इस पर वह गालीगलौज करने लगा। अमित ने इसका विरोध किया तो दोनों में कहासुनी हो गई। बात बढ़ी तो शिवपाल ने फोन कर भाई शिव प्रसाद सहित पांच अन्य लोगों को बुलाकर अमित को पीटना शुरू कर दिया। उसकी चीख पुकार सुन उसके भाई व अन्य रिश्तेदार दौड़े तो सभी लोग भाग निकले। पीड़ित ने मारपीट की शिकायत पुलिस से की। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# बाजारों में नहीं दिख रहा खरीदारी का 'रंग'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कर्मचारियों को वेतन, व्यापारी को ग्राहकों का इंतजार
- आम आदमी किसी तरह त्योहार निपटाने को मजबूर



अबीर व गुलाल की दुकान पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली का त्योहार नजदीक है लेकिन, अभी तक बाजारों में पर्व की रौनक नहीं दिख रही है। खरीददारों की आवक न बढ़ने से कारोबारियों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। नौकरी पेशा लोगों को जहां वेतन मिलने का इंतजार है वहीं कारोबारी भी बाजार की रौनक बढ़ने की राह देख रहे हैं। जबकि आमजन किसी तरह त्योहार निपट जाने की बात कह रहे हैं।

आगामी 24 मार्च को होलिका दहन के साथ भाईचारे का पर्व होली शुरू हो जाएगा। त्योहारी तैयारियों के तहत महिलाओं ने किसी तरह पापड़-कचरी तो बना ली है, लेकिन माह के अंत में हो रहे होली पर्व से पहले वेतन भुगतान होने को लेकर असमंजस की स्थिति है। निजी क्षेत्र में नौकरी करने वालों को तो ऊपर से होली तक वेतन या एडवांस दिए जाने का भरोसा मिल रहा है लेकिन, राज्य कर्मचारियों में वेतन मिलने को लेकर असमंजस है। यह बात दूसरी है कि अधिकांश कर्मचारी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की वजह से सत्तारूढ़ दल द्वारा भुगतान कराने की उम्मीद बांधे हैं। वहीं, कारोबारियों का कहना है कि उनका त्योहार बाजार की रौनक कराता है। क्योंकि त्योहार पर बिक्री के लिए स्टाक जुटाने में पूंजी फंसाई जा चुकी है। अब खरीददारों की आवक बढ़ने से होने वाली बिक्री के मुनाफे से परिवार की जरूरतें पूरी करनी हैं। वहीं आम लोग कह रहे हैं कि परिवार सहित उनकी सीमित संसाधनों में जिंदगी गुजारने की आदत है। इसलिए पिछले तमाम त्योहारों की तरह होने वाली होली भी वह किसी न किसी तरह मना ही लेंगे।

**होली आई रे...**

### खरीदने हैं बच्चों के कपड़े मेहमानों का करेंगे स्वागत

उत्साह व उमंग के त्योहार होली पर दोपहर तक रंग खेलने के बाद लोग तैयार होकर नए कपड़े पहन कर एक-दूसरे के घरों में पहुंचकर गले मिल शुभकामनाएं देते हैं। इसलिए न सिर्फ नए कपड़े खरीदने होते हैं बल्कि, घर आने वाले मेहमानों की आवभगत भी करनी होती है। इसलिए किसी को वेतन मिलने की दरकार है तो किसी को मुनाफे की चिंता सता रही है।

# जिम्मेदार सुस्त, पुलिस ही करती कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई

## होली और लोकसभा चुनाव में खपत करने के लिए धधकने लगीं कच्ची शराब की भट्ठियां

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



जिले भर में कुछ इस तरह से धधक रहीं कच्ची शराब की भट्ठियां। अमृत विचार

- सबसे अधिक सदर, अजगैन, सोहरामऊ, बारासगवर, मौरावां व पुरवा में होता अवैध काम

**अमृत विचार।** होली और लोकसभा चुनाव आते ही जिले में अवैध शराब का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। इसे रोकने के प्रमुख जिम्मेदार आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सिर्फ कागजों पर कार्रवाई कर कोरम पूरा करते हैं। इससे सदर, अजगैन, सोहरामऊ, बारासगवर, मौरावां व पुरवा यह अवैध धंधा करने वाले लोग बेखौफ होकर इसका संचालन कर रहे हैं। हालत यह हैं कि क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर शराब की दुकानों के अलावा परचून व पान दुकानों और घरों से भी धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। बावजूद इसके आबकारी विभाग के जिम्मेदार मौन हैं। अगर कोई हादसा होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

**सदर कोतवाली क्षेत्र भी नहीं है अछूता :** सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा व अकरमपुर में कई ऐसे प्वाइंट हैं जहां पियक्कड़ों को उनकी सुविधा के अनुसार शराब उपलब्ध कराई जाती है। बस, इसके लिए उन्हें दाम थोड़े अधिक देने होते हैं। वहीं गदनखेड़ा, ललऊखेड़ा, उन्नाव बाइपास, दरोगा बाग, किशोरी खेड़ा, रामबख्स खेड़ा, अब्बासपुर आदि स्थानों पर ठेकों के अलावा परचून दुकानों तक से देशी-अंग्रेजी शराब बिकती है।

### सोहरामऊ क्षेत्र बना अवैध शराब कारोबार का हब

सोहरामऊ थानांतर्गत कस्बा समेत गावों में भी पान व परचून दुकानों से शराब बिकती है। सब जानते हुए भी जिम्मेदार मौन हैं। सोहरामऊ कस्बा व कुसुंभी, अजगैन, इटकुटी, भौली, जालिमखेड़ा, चमरौली, नानाटिकुर, सोहरामऊ, हिम्मतगढ़, आशाखेड़ा, अर्जुनामऊ, सरौती, नदौहा, रानीपुर गावों में कारोबार चरम पर है। कस्बा नवाबगंज में भी देररात तक शराब बिकती है। लेकिन कार्रवाई नहीं होती है।

### रात होते ही सजती है अवैध शराब की मंडी

देसी व अंग्रेजी शराब दुकानों पर मिलावटी शराब का धंधा जोरों पर है। पुरवा ब्लाक क्षेत्र के गांव पल्हरी व पासाखेड़ा में देररात तक बंदी के बाद भी शराब की खूब बिक्री होती है। इसकी फोटो भी इंटरनेट मीडिया में कई बार वायरल हो चुकी हैं। लेकिन कुछ दिनों की सख्ती के बाद सब पुराने ढर्रे पर चलने लगता है। ग्रामीणों के अनुसार, दुकानों व होटल-ढाबों में भी विक्रेता अधिक रेट पर शराब बेचते हैं।

### मनमाने दामों में होती शराब की ब्रिकी

बारासगवर क्षेत्र में भी शराब की दुकानों में नियमों को ताक पर रख शराब बिकती है। शराब दुकानों को सुबह 10 से रात 10 बजे खोले जाने के आदेश हैं। लेकिन दुकानदार सुबह सात बजे से ही पिछली खिड़की से बिक्री करने लगते हैं जो सिलसिला देररात तक चलता है। लोग बताते हैं कि दुकानदार आसपास की दुकानों में शराब रख देते हैं और ग्राहकों को वहां भेजकर मनमाने दाम पर शराब दी जाती है।

### बोले जिम्मेदार

जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार कच्ची व अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को भी जिले के आबकरी निरीक्षकों द्वारा अलग-अलग थानाक्षेत्रों में दबिश देकर 9 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए 223 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। साथ ही 300 किलो लहन भी नष्ट किया गया। वहीं, 2 लोगों को मौके से गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही की गई।

## शांति कमेटी की बैठक में दिए जरूरी निर्देश

**पुरवा।** आगामी त्योहारों को देखते हुए कोतवाली परिसर में आयोजित हुई शांति कमेटी की बैठक में एसडीएम रनवीर सिंह ने कहा कि शांतिपूर्व ढंग से होली व ईद के त्योहार मनाएं। कहा कि चुनाव को देखते हुए अचार संहिता लागू है। इसके चलते कोई भी व्यक्ति बाइक में दो से अधिक लोगों को बैठाकर बाइक न चलाए। ऐसी स्थिति में आचार संहिता के उल्लघंन में कार्रवाई होगी। सीओ सोमेंद्र विश्वास ने कहा कि त्योहार को भाई चारे के साथ निपटाएं। कहीं कोई अराजकता व सौहार्द वातावरण को दूषित करे तो पुलिस को बताएं। शिकायत कर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा। अराजकता व सौहार्द वातावरण को बिगाड़ने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई होगी।

# हत्या के आरोपी तक पहुंची पुलिस

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- औरास थाना क्षेत्र में हुई थी सेवादार की हत्या

**अमृत विचार।** बीते दिनों औरास थानाक्षेत्र में हुई सेवादार की हत्या के मामले पुलिस को आखिर सफलता मिली ही गई। सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने हत्यारोपी को दबोच लिया है। हालांकि अधिकृत तौर पर अभी पुलिस ने खुलासा नहीं किया है। बताते हैं कि पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर आलाकत्ल बरामद कर हत्या की वजह जानने में जुटी है। पुलिस सूत्रों की मानें तो इसका शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के आलमखेड़ा गांव के पास जमाल नगर टीले पर बने साईं मंदिर के पुजारी मैकू सांईं के पास कुशीनगर जिले के थाना विशुनपुर के कुवैरा सुवाल पट्टी मिश्रौली निवासी अजीत मिश्रा (39) सेवादार के रूप में रह रहा था। बीती सोमवार देरशाम जमाल नगर गांव से वह खाने-पीने का सामान लेकर लौट रहा था। तभी ब्रह्मदेव मंदिर के पुजारी बबलू पासवान ने उसकी गर्दन में धारदार बांके से कई वार कर मौत के घाट उतार दिया था। मंगलवार शाम पहुंचे भाई राजन मिश्रा ने बबलू पासवान के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस की तीन टीमें जिले के अलावा पड़ोसी जिलों में उसे तलाश रही थीं। सूत्र बताते हैं कि गुरुवार को पुलिस ने लखनऊ जिले के मलिहाबाद के पास से हत्यारोपी को उसकी मौसी के यहां से पकड़ लिया। सेवादार की हत्या के पीछे नशेबाजी व पड़ोस के एक गांव की महिला से नजदीकियां होने व लेनदेन की बात सामने आ रही है। हालांकि, इंस्पेक्टर रेखा सिंह ने बताया कि पुलिस हत्याकांड के खुलासे के करीब है। जल्द खुलासा किया जाएगा।

### करीबियों और रिश्तेदारी में दबिश पड़ने के बाद चढ़ा हत्थे

**उन्नाव।** सूत्र बताते हैं कि हत्या करने के बाद बाबा बबलू पासी शारदा नहर के रास्ते पैदल पहले सीमऊ फिर औरास पहुंचा। इसके बाद लखनऊ सर्विस लेन से होकर लिफ्ट लेकर अपनी मौसी के घर पहुंचा। इधर खुलासे में जुटी पुलिस की टीमें रिश्तेदारों व करीबियों को उठाकर कड़ाई से पूछताछ कर रही थी। चर्चा रही कि बबलू अपनी मौसी के घर पहुंच गया। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे क्षेत्र के एक चौराहा से दबोच लिया और औरास थाना ले आई।

## फटा डीजल टैंक, दो गंभीर घायल

**सफीपुर उन्नाव।** ट्रक की डीजल टंकी में वेल्डिंग करते समय जोरदार धमाके के टंकी फट गई। जिसकी चपेट में वेल्डिंग कर रहे दुकानदार व पड़ोसी दुकानदार गंभीर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां उन्हें गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के हरदोई-उन्नाव मार्ग पर कस्बा स्थित बीज भंडार के पास चांद बाबू पुत्र मुन्ने खां निवासी सैय्यद वाड़ा गैस वेल्डिंग की दुकान किए है। जिसमें गुरुवार को एक ट्रक चालक डीजल की टंकी लेकर आया और गैस वेल्डिंग करने को दुकानदार से बोला। दुकान स्वामी टंकी में वेल्डिंग करने लगा तभी अचानक टंकी तेज धमाके के साथ फट गई। जिसकी चपेट में चांद बाबू व पड़ोस में नाई की दुकान खोले सुनील पुत्र बनवारी निवासी गोपालपुर आ गए। दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां से उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया गया। धमाका सुन दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई।

## सार-संक्षेप

### चोरी के मोबाइल बेचने वाले गिरोह के सदस्य को दबोचा

**परियर।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर गांव निवासी रिजवान हब मोबाइल सेंटर से इमरान व आरिफ पुत्र उस्मान अली को चोरी के मोबाइल बेचने के मामले में कानपुर की क्राइम ब्रांच ने उनकी दुकान से उठाया है। जबकि तीन मोबाइल चोर इस दौरान भागने में सफल रहे। इस संबंध में परियर चौकी प्रभारी राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने चौकी पुलिस को बिना सूचना दिये यह कार्रवाई की है। इस कारण से उन्हें इसकी सही जानकारी नहीं है।



एसडीएम को ज्ञापन देते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### अधिवक्ताओं ने ज्ञापन देकर की चालक पर कार्रवाई की मांग

**बांगरमऊ उन्नाव।** तहसील बार एसोसिएशन बांगरमऊ के सदस्यों ने बीते बुधवार तहसील हसनगंज में निजी कर्मचारी द्वारा अधिवक्ता से मारपीट व फर्जी रिपोर्ट को लेकर तहसीलदार साक्षी राय को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद गुरुवार को बार एसोसिएशन व अधिवक्ता एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नम्रता सिंह को देकर आरोपी कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। दोनों एसोसिएशन के अध्यक्ष-महामंत्री व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन में कहा कि हसनगंज तहसील में नायब तहसीलदार के निजी वाहन चालक ने अधिवक्ता सुधीर सिंह से मारपीट की और उल्टे नायब तहसीलदार द्वारा अधिवक्ता के विरुद्ध फर्जी तरीके से रिपोर्ट भी दर्ज करा दी गई। इससे बार एसोसिएशन की गरिमा को ठेस पहुंची है। ज्ञापन में मांग की गई कि अधिवक्ता के विरुद्ध दर्ज फर्जी रिपोर्ट को समाप्त करते हुए निजी चालक के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुभाष चंद्र शुक्ला व महामंत्री राजमणि हंस सहित रामभरोसे वर्मा, विष्णुकांत मिश्रा, मनोज सेंगर, मुजम्मिल अहमद, प्रतीक कटियार, रमेश द्विवेदी, महमूद आलम, ललित बाजपेई, परवेज आलम व अधिवक्ता एसोसिएशन अध्यक्ष सत्यपाल वर्मा व महामंत्री अजीत द्विवेदी, सत्य नारायण कनौजिया, अनिल वर्मा, योगेश लोधी आदि सदस्य शामिल थे।



शिविर में शिक्षकों को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

### विद्यालय को निपुण बनाएं शिक्षक

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के गांव नसिरापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा व गणित शिक्षण के चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों से कहा कि अपने-अपने विद्यालय को निपुण बनाए। प्रशिक्षक एआरपी रमेश चंद्र ने गणित शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए गणित किट व टीएलएम का अधिक से अधिक प्रयोग करने पर जोर दिया। प्रशिक्षक एआरपी छत्रपाल ने भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई शिक्षण सामग्री को प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में एआरपी अखिलेश कनौजिया, अमित पटेल, वंदनापाल, रमेश चंद्र, छत्रपाल व शिक्षक गंगा प्रसाद, संजय कुमार, दीपक वर्मा, महेश कुमार, अनुपम शुक्ला, अमित गुप्ता, रागिनी, जीवनी गौतम, शिप्रा, मो. असलम, राहुल कुमार, रमेश चंद, आनंद सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, प्रतीक दीक्षित, मनोज शंकर, अखिलेश प्रताप सिंह, कपिल कनौजिया, कृपाशंकर, जय मंगल, प्रेम सागर आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## चेन्नई में लापता हुआ किशोर तीन माह बाद पहुंचा घर, खुश हुए परिजन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बाल संरक्षण अधिकारी ने परिजनों को किया सुपुर्द

**अमृत विचार।** आर्थिक तंगी से परेशान किशोर तीन माह पहले घर से काम की तलाश में अपने पिता के पास चेन्नई चला गया। किशोर चेन्नई पहुंचकर भटक गया और पिता के पास नहीं पहुंच सका। किशोर को वहां भटकता देख स्थानीय पुलिस ने पूछताछ की तो वह सही पता नहीं बता सका। इसके बाद पुलिस ने उसे चेन्नई की बाल सुरक्षा की टीम को सौंप दिया। जहां पूछताछ में किशोर ने खुद को उन्नाव के पुरवा का निवासी बताया। तीन माह बाद सही पता मिलने पर किशोर को चेन्नई से उन्नाव लाकर उसके परिजनों को सौंपा गया।

बता दें कि 30 नवंबर-2023 को पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव अमरापुर मिर्रीकला निवासी 15 वर्षीय किशोर विमल काम की तलाश में चेन्नई गया था। पिता चंद्रशेखर की बीमारी के चलते उसने वहां बर्फ बेचने का काम शुरू कर दिया। 2 जनवरी-2024 को वह बर्फ बेचकर अपने चेन्नई में रहने वाले स्थान पर जा रहा था तभी वह रास्ता भूल गया। काफी देर तक घर न मिलने पर वह रोने लगा। सड़क पर उसे रोता देख चेन्नई पुलिस ने रेस्क्यू कर उसे बाल कल्याण समिति चेन्नई को सौंप दिया। जहां पूछताछ में किशोर अपना सही नाम पता नहीं बता सका।

## घर में फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव जनसार के मजरा पंचनगर में एक युवक का शव कमरे में फांसी के फंदे से लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पंचनगर निवासी 24 वर्षीय चंदन पुत्र बदलू घर पर अकेला था। उसके परिजन गांव के बाहर खेत में काम करने गए थे। दोपहर बाद उसका शव कमरे में फांसी पर लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। फांसी की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताते हुए पीआरवी को सूचना दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी।

# पत्नी के हत्यारे को 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने के दोषी पति को कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने उस पर 10 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

बता दें कि कुंवर बहादुर पुत्र कृष्ण बहादुर सिंह निवासी गांव पूरे लाल बहादुर का पुरवा मजरा गुमावा थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसने अपनी बहन रेनू की शादी रोहित पुत्र बलवीर सिंह गांव सैदपर बीघापुर कोतवाली से आठ अप्रैल-2012 को हिन्दू रीति रिवाज से की थी। शादी के बाद से कम दहेज लाने का उलाहना देते हुए पति व अन्य ससुरालीजन उससे मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। बताया कि बहन इसकी जानकारी मायके वालों को भी देती थी। आठ अक्टूबर-2017 को रात में बहन की उसके पति रोहित ने गला दबाकर हत्या कर दी और बड़ी बहन मालती को फोन पर बताया कि आपकी बहन ने रात में आत्महत्या ली है। बड़ी बहन से मिली सूचना पर उसने घटना की जानकारी बीघापुर पुलिस को दी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और रोहित के विरुद्ध 22 अक्टूबर-2017 को दहेज हत्या व उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की थी। आईओ तत्कालीन सीओ बीघापुर श्यामानंद तिवारी ने 19 अप्रैल-2018 को आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य जुटाते हुए कोर्ट में चार्जशीट पेश की ।

### गैर इरादतन हत्या के प्रयास में चार को पांच-पांच साल की कैद

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीतांबर नगर में जमीनी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामलें में जिला जज ने चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीतांबर नगर निवासी नमन यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 17 नवंबर-2015 की शाम साढ़े छह बजे मोहल्ला निवासी गोविंद, योगेंद्र सिंह उर्फ बग्गड, रिंकू यादव व वैकांत उसके घर आए और चबूतरा बढ़ाने को लेकर उसके पिता के सिर पर डंडों से वार कर गंभीर घायल कर दिया था। पिता को बचाने के दौरान हमलावरों ने उससे भी मारपीट की थी। गुरुवार को जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने गोविंद, योगेंद्र सिंह उर्फ बग्गड, रिंकू यादव व वैकांत सिंह को मामले में दोषी करार देते हुए पांच-पांच साल की सजा सुनाई।

**सियासत** 2004 में ब्रजेश पाठक ने बसपा की झोली में डाली थी सीट, अब भाजपा ने कैडर वोट में कर रखी है सेंधमारी

# ब्राह्मण पर दांव लगाकर बसपा मारना चाहती है मैदान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बसपा सुप्रीमो मायावती के साथ उम्मीदवार अशोक पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले से ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने के बाद भी बसपा के लिए सन-2004 के लोकसभा चुनाव के परिणाम को दोहरा पाना मुश्किल माना जा रहा है। पार्टी की ओर से अशोक पांडेय को प्रत्याशी घोषित किया गया है। वे इस बार जीत का दंभ भी भरते नजर आ रहे हैं। हालांकि शहर सहित कस्बाई व ग्रामीण क्षेत्र में अधिक प्रचार न दिखने से विपक्ष के साथ आम आदमी भी सजातीय सहित कैडर वोट बैंक को लामबंद कर पाना असंभव बताया जा रहा है।

प्रदेश के मौजूदा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस संसदीय सीट पर सन-2004 में बसपा का कब्जा कराने में सफलता पाई थी। इस बार बसपा ने फिलहाल चुनावी कास्ट केमेस्ट्री को भुनाने के लिए एक बार फिर ब्राह्मण चेहरे के तौर पर अशोक पांडेय को मैदान में उतारा है। शुरुआती दौर में जिले के अधिकांश लोग बसपा को तीसरे पायदान की पार्टी बता रहे हैं। इसके पीछे सत्तारूढ़ दल की योजनाओं से सर्वाधिक बसपा व सपा के वोट बैंक के लाभांवित होने का तर्क दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि मौजूदा डिप्टी सीएम ने बसपा से प्रत्याशी घोषित होने से करीब एक साल पहले से ही जिले में राजनीतिक जमीन तैयार करनी शुरू कर दी थी। साथ ही उम्मीदवार बनते ही प्रचार अभियान भी शुरू किया था। वहीं दूसरी ओर अब प्रत्याशिता तय होने के कई दिन बाद भी कहीं कोई प्रचार नहीं दिख रहा है। इसके अलावा लोग डिप्टी सीएम व वर्तमान प्रत्याशी के आयु वर्ग के अंतर को भी तुलना का आधार बना रहे हैं। उनका कहना है कि सन-2004 में बसपा प्रत्याशी ने जिले की खाक छानते हुए बिना सफलता की दहलीज में कदम रखा था। यही नहीं ब्रजेश पाठक छात्र राजनीति करते हुए लोकसभा उम्मीदवार बने थे, जबकि मौजूदा प्रत्याशी पत्रकारिता जगत के अलावा समाजसेवा में भी तत्पर हैं। इसके बाद भी यह राह उनके लिये आसान नहीं दिख रही है।

## नष्ट किया दो क्विंटल खोवा, भेजे गए नमूने

**उन्नाव।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने अभियान चलाकर जिले के पांच स्थानों पर निरीक्षण करते हुए खाद्य सामग्री व पेय पदार्थों के नमूने संग्रहित किए। वहीं सूचना पर एक गाड़ी से बेचने को ले जाया जा रहा दो कुंतल खोवा नष्ट कराया।

विभागीय अधिकारियों को एक गाड़ी से बिक्री के लिए ले जाए जा रहे खोवा की जानकारी मिली। इस पर सहायक उपायुक्त (खाद्य) मंजूषा सिंह ने टीम रवाना कर शुक्लागंज में गाड़ी रुकवाई। टीम ने गाड़ी से बरामद मिलावटी खोवा को नष्ट करा दिया। वहीं टीमों ने जहां बीघापुर के गंगा नगर से खोवा का एक नमूना लिया गया।

# नेपाली चौकीदारों के भरोसे पुलिस ने छोड़ा नगर, क्षेत्रीय लोगों का विरोध

## गैर मुल्क से आए चौकीदारों पर विश्वास करने से कतरा रहे क्षेत्र के लोग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नगर के कुछ वार्डों में स्थानीय पुलिस द्वारा गश्त नहीं की जा रही है। जिससे क्षेत्र में छोटी से लेकर बड़ी चोरी की घटनाएं हो रही हैं। हां यह जरूर है कि कोतवाली पुलिस ने गैर मुल्क से आये नेपालियों के भरोसे में रात के समय नगर के पॉश इलाके छोड़ दिये हैं। जो रात के समय मकानों और दुकानों के बाहर जाकर सीटी बजाने का काम कर रहे हैं। इसके एवज में दुकानदारों और मकान मालिकों से रुपये ले रहे हैं। गुरुवार को नेहरु नगर के वाशिंदों ने इसका विरोध किया और पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े किये।

नेपाल से आये परिवार धन बहादुर दमाई, शेर बहादुर दमाई, तिलवीर दमाई, लक्ष्मन दमाई, चन्द्र बहादुर दमाई आये हुये हैं। जो गंगाघाट कोतवाली प्रभारी और वार्डों के सभासदों से अनुमति लेने के लिये एक गुजारिश प्रार्थना पत्र दिया। जहां पुलिस और सभासदों ने उनके प्रार्थना पत्र में मोहर लगाकर उन्हें रात के समय चौकीदारी करने की अनुमति दे दी। यही परिवार नगर के विभिन्न मोहान्नों में चौकीदारी करने के लिए भवनस्वामियों से मिलकर 100 रुपये प्रतिमाह और दुकानदारों से 150 रुपये प्रतिमाह मेहनताना लिये जाने की बात कह रहा है। नगर के साकेतपुरी में पहुंचने के दौरान लोगों ने गैर देश के अंजान लोगों पर भरोसा जताने से इंकार करते क्षेत्र में चौकीदार करने का विरोध जताया। गुरुवार को वार्ड 16 नेहरु नगर और साकेतपुरी में लोगों ने दो नेपाली तिलवीर दमाई व चंद्रबहादुर दमाई से जानकारी ली। तो उन्होंने कहा कि थाना पुलिस ने उन्हें चौकीदारी की अनुमति दी है। रात ग्यारह बजे से सुबह चार बजे तक ड्यूटी करते हैं और घर-घर से रुपये लेते हैं।



गंगाघाट थाने से मिला लिखित आदेश दिखाते नेपाली चौकीदार। अमृत विचार

● साकेतपुरी, नेहरू नगर, कृष्णा नगर समेत कई मोहल्लों में कर रहे चौकीदारी

### चौकीदारी होने के बावजूद हो रहीं चोरियां

साकेतपुरी में रहने वाले विनय सिंह, अमित तिवारी, हरीओम द्विवेदी, विजय खरे, संदीप श्रीवास्तव, साकेतपुरी मुख्य मार्ग व अमन बाजपेई के घर में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में चौकीदारों और पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बोले जिम्मेदार

चौकीदारों को आज ही कोतवाली बुलवाया जायेगा, सभी से पूछताछ की जायेगी और उन पर शिकंजा कसा जायेगा।

–रामफल प्रजापति, कोतवाली प्रभारी गंगाघाट

# जिला जज की मौजूदगी में ली बार कार्यकारिणी की शपथ




पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी, मौजूद जिला जज व अन्य।

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** नव निर्वाचित बार कार्यकारिणी को गुरुवार को एक समारोह में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान बार काउंसिल यूपी के स्थाई सदस्य प्रशांत सिंह अटल व जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

चुनाव अधिकारी प्रकाश कुमार निगम ने अध्यक्ष पद पर निर्वाचित सतीश शुक्ला, महामंत्री अरविंद दीक्षित, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार लोधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रेनू तिवारी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याशंकर मिश्रा, संयुक्त मंत्री नीलम, मणिकांत, आशुतोष, वरिष्ठ सदस्य अनुपम, आशीष, नीरज, अरविंद, मुकेश, बाबूराम समेत अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं को पेंशन व मिलने वाली धनराशि में बढ़ोत्तरी करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया और मृतक अधिवक्ताओं के परिजनों को चेक दी गईं। इस दौरान न्यायिक अधिकारी व एल्डर कमेटी के पदाधिकारी समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# हाईवे पर मवेशी से बचने में छह घायल

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अचानक अन्ना मवेशी के सामने आने से हुये सड़क हादसों में आधा दर्जन वाहन सवार घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया गया।

अजगैन कोतवाली अंतर्गत पक्षी विहार के सामने हाईवे पर अन्ना मवेशी के सामने आने से ट्रैक्टर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिससे ट्रैक्टर के पीछे आ रही तेज रफ्तार पांच कारें आपस में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं। इसमें लखनऊ से मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहे परिवार के सदस्यों में अमित पुत्र राजकिशोर, राकेश पुत्र अमित कुमार, रीता पत्नी अमित कुमार, अंजू पत्नी राकेश, अनिकेत पुत्र राकेश निवासी थाना चकेरी कानपुर के अलावा अन्य वाहन सवार आलोक पुत्र श्याम बहादुर व सियावती पत्नी श्याम बहादुर आदि मामूली चोटहिल हो गये। जो निजी अस्पताल में इलाज कराकर गंतव्य को रवाना हो गये। वहीं दूसरी घटना में अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव दिलवल निवासी सनी पुत्र कमलेश बाइक से गुरुवार को अपनी बुआ के घर जा रहा था। तभी पावर हाउस के पासा अन्ना मवेशी से टकराकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी पर सीएचसी पहुंचे परिजन युवक का इलाज निजी अस्पताल में कराने के लिये लेकर चले गये।



एक-दूसरे से टकरा कर क्षतिग्रस्त हुईं कारें। अमृत विचार

● तेज रफ्तार पांच कारें आपस में टकरा गईं

# होलिका दहन से सड़क बचाने को डाली बालू

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** होली के पर्व पर नगर के सभी वार्डों पर हर साल की तरह इस बार भी होलिका सजाई जा रही है। होलिका दहन के दौरान सड़कें खराब हो जाती हैं। जिसे देखते हुये गरुवार को ईओ ने होलिका स्थल का सर्वे कराया। जिसके बाद अब सभी स्थलों पर बालू डलवाने का कार्य कराया जा रहा है। जिससे सड़कों को खराब होने से बचाया जा सके।

पालिका क्षेत्र के ऋषि नगर, आनंद नगर, सुभाष नगर, आदर्श नगर, सर्वोदय नगर, कंचन नगर, अंबिका पुरम, कृष्णा नगर, चंपापुरवा, मिश्रा कॉलोनी, नेहरू नगर, गोपीनाथ पुरम, भातू फार्म, गायत्री नगर, साकेत पुरी, गांधी नगर, प्रेम नगर, बिंदा नगर, श्री नगर, डॉकतार कॉलोनी, राम नगर के अलावा फोरलेन के मुख्य मार्गों पर अभी से होली के लिये लकड़ी एकत्र होने लगी है। होलिका दहन के दौरान डामर सड़क, इंटर लॉकिंग और आरसीसी सड़कें आग की तपिश से खराब हो जाती हैं।




होलिका स्थल पर बालू डालते पालिका के कर्मचारी।

# ड्रोन से फसलों पर दवा छिड़काव की दी जानकारी

**पुरवा उन्नाव।** राष्ट्रीय आजीविका मिशन ने कन्वर्जन के माध्यम से इंडोरामा इंडिया कंपनी ने बसनोहा गांव के मां चंद्रिका महिला सहायता समूह की महिला मालती देवी को कंपनी से आए कृषि विशेषज्ञ ने निःशुल्क ड्रोन सौंपकर लोगों को कृषि सम्बंधियां जानकारियां दीं।

कंपनी के कृषि विशेषज्ञ डीपी सिंह ने ड्रोन से फसलों में दवाओं के छिड़काव के बारे में बताया। आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी व आत्म निर्भर बनाने के लिए महिलाओं को समूहों के जोड़ा जा रहा है। ब्लाक मिशन प्रबंधक विनय शर्मा ने कहा कि महिलाएं स्वावलंबी बनें।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोपेड सवार की मौत

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही मोपेड में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें मोपेड सवार गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव कलवारी महमदाबाद निवासी कैलाश नाथ द्विवेदी (70) पुत्र मेवालाल संडीला मार्ग स्थित गांव काजीपुर के पास स्थित एक ईंट भट्ठे पर मुनीम था। गुरुवार देरशाम वह भट्ठे से मोपेड से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर हवाई पट्टी के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने मोपेड में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें मोपेड क्षतिग्रस्त हो गई और कैलाश नाथ गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उसे एंबुलेंस से सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे हायर सेंटर ले जाने के लिए अन्य एंबुलेंस का इंतजार ही कर रहे थे तभी उसने दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी सुनीता के अलावा शिवम व आकाश दो पुत्र व मओनम, बिट्टो व दीक्षा तीन पुत्रियां हैं।

● बेहटा मुजावर में एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर हुआ हादसा

# दो मोहल्लों की सात घंटे गुल रही बिजली लोग रहे परेशान

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर में रीवैंप योजना के तहत विद्युतीकरण का कार्य कराया जा रहा है। गुरुवार को कार्यदायी संस्था ने नगर के दो मोहल्लों में जर्जर तार बदलने का काम किया। इस दौरान दोपहर से शाम तक डेढ़ हजार से अधिक घरों की बिजली गुल रही।

गुरुवार को कार्यदायी संस्था सर्वोदय नगर और पोनी रोड शिवराज गेट के पास पहुंची। जहां क्षेत्र के जर्जर तार बदलने के लिये विभाग ने ट्रांसफार्मरों से तार हटाकर क्षेत्र की आपूर्ति बंद कर दी। जिसके बाद बिजली कर्मियों ने जर्जर तार बदलने का काम शुरू किया। इस दौरान दोनों मोहल्लों में दोपहर बारह बजे से शाम सात बजे तक बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

# सवा साल बाद श्मशान घाट पर टिनशेड

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट के जीर्णोद्धार का काम वर्ष 2022 दिसंबर माह में शुरू हुआ था। ठेकेदार की लापरवाही के कारण सवा साल तक घाट ऊबड़-खाबड़े पड़ा रहा। जिससे घाट पर अव्यवस्था होने के कारण अंतिम संस्कार कराने वालों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। जिसे देखते हुये पालिका प्रशासन ने घाट के सुंदरीकरण का काम दोबारा शुरू कराया। जहां घाट पर टिनशेड लगाने का काम तेजी से कराया जा रहा है।

अंतेष्टि स्थल विकास योजना के तहत मिश्रा कॉलोनी में श्मशान घाट का सुंदरीकरण का काम कार्यदायी संस्था ने वर्ष 2022 के दिसंबर माह में शुरू कराया था। जिसमें ठेकेदार ने अंतेष्टि स्थल की फर्श, जीना को जेसीबी से तुड़वाकर कर ऐसे ही छोड़ दिया। वहीं श्मशान घाट पर लगी टिनशेड को हटवा दिया गया है, जिसे कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से शव यात्रा में शामिल होने वाले लोग अंतेष्टि स्थल पर खड़े नहीं हो पाते थे। एक साल से अधिक समय तक घाट में अव्यवस्थाएं रही। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने समस्याओं को देखते हुये घाट के कार्य दोबारा शुरू कराया और मार्च तक कार्य पूरा करने की डेड लाइन दी थी। इधर ठेकेदार ने तेजी से काम कराया और अब टिनशेड लग रहा है। जिससे गर्मी के दिनों में लोगों को तेज धूप और बारिश में राहत मिलेगी।



मिश्रा कॉलोनी श्मशान घाट पर लगाया जाता टिनशेड। अमृत विचार

### श्मशान घाट पर यह होंगे निर्माण

ईओ ने बताया कि अंतेष्टि स्थल पर पिलर के सहारे टिनशेड, फर्श पर इंटरलॉकिंग, शव के स्नान कराने का प्लेटफार्म, जलाने के लिये अलग प्लेटफार्म बनाया जायेगा। जिसके लिये युद्धस्तर से काम कराया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### आज 8 घंटे गुल रहेगी पश्चिमी क्षेत्र की बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** बिजली विभाग की ओर से नगर के मोहल्लों में जर्जर तार बदलने का काम किया जा रहा है। उसी को लेकर पश्चिमी क्षेत्र में भी जर्जर तार बदले जायेंगे। जिसके बाद शुक्रवार सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक क्षेत्र की बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोगों को परेशानीस उठानी पड़ सकती है। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवर अभियंता विष्णु शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि कार्य के दौरान चंपापुरवा, मिश्रा कालोनी, गोताखोर, मनसुखेड़ा, राजीव नगर खंती, तेजी पुरवा, गगनीखेड़ा, सरैयां समेत अन्य क्षेत्रों की बिजली प्रभावित रहेगी।

### ई-पॉस मशीनों में सर्वर नहीं, राशन वितरण ठप

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में पिछले एक सप्ताह से राशन वितरण किया जा रहा है लेकिन ई पॉस मशीनों में सर्वर न आने के कारण कार्डधारकों को राशन नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण सुबह से शाम तक दुकानों में लोगों की भीड़ लगी रहती है। होली के त्योहार को देखते हुये नगर गरीब तबके के लोग सरकारी राशन से अपना त्योहार और परिवार चलाते हैं। राशन लेने के लिये पिछले एक सप्ताह से अधिकांश कार्डधारक राशन लेने के लिये दुकानों में पहुंच रहे हैं लेकिन सर्वर न आने के कारण वह घंटों लाइनों में खड़े रहते हैं। इसके बावजूद उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। कोटेदारों ने बताया कि ई-वेइंग मशीन में सर्वर व अन्य तकनीकी दिक्कतें आने से राशन वितरण नहीं हो पा रहा है। सर्वर न आने के कारण मशीन अंगूठा नहीं ले रही है और न ही वजन माप रही है। कभी ब्लूटूथ से डिवाइस कनेक्ट नहीं होती है तो कभी ई पॉस मशीन से कनेक्ट नहीं हो पा रही है। पूरे दिन में पंद्रह से बीस कार्ड धारकों को राशन बांट पाते हैं। जिससे कोटेदारों के अलावा राशन कार्ड धारकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं 29 मार्च तक राशन वितरण होना है लेकिन सर्वर न आने के कारण राशन नहीं बंट पा रहा है। इधर होली का त्योहार भी पास में है। राशन के कारण अधिकांश कार्डधारक त्योहार की खरीददारी नहीं कर पा रहे हैं।

### श्मशान घाट पर सुलगती चिता में कूदा युवक, झुलसा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट में बुधवार रात सुलग रही चिता में एक युवक कूद गया। जिससे वह झुलस गया। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए कानपुर उर्सला में भर्ती कराया है। बुधवार रात लगभग 10 :00 बजे मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट पर एक चिता सुलग रही थी। इस दौरान लकड़ी की टाल में काम करने वाला बउवा वहां पहुंचा। जहां वह सुलगती चिता में कूद गया। जिससे अंगारों से वह गंभीर रूप से झुलस गया। शोर सुन आस पास मौजूद लोग दौड़े। जहां उसे बाहर निकाला। इसके बाद गंभीर हालत में इलाज के लिए कानपुर उर्सला ले गए। टाल पर मौजूद लोगों ने बताया कि शाम के समय एक अंतिम संस्कार कराया गया था। उसमें रात के समय थोड़ी आग थी। जिससे वह झुलस गया।

### 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' का दिया मंत्र

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को नगर पंचायत द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व चेयरमैन प्रतिनिधि मो. कामिल कुरैशी व ईओ अरविंद सिंह ने किया। रैली नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर गांधी मैदान, मुख्य चौराहा, हरदोई-उन्नाव मार्ग, पुलिस चौकी व मोहल्ला अहिराना होते हुए कार्यालय पर समाप्त हुई। इस दौरान मतदाताओं को नारों के माध्यम से जागरूक किया गया। रैली के बाद नागरिकों को संबोधित करते हुए नगर पंचायत ईओ अरविंद सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान सभी का परम कर्तव्य है। चेयरमैन प्रतिनिधि मो. कामिल कुरैशी ने लोगों से आगामी 13 मई को लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कर कर्मठ व ईमानदार प्रतिनिधि चुनने की अपील की। रैली में 'बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता' व 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' जैसे नारे लगाए। रैली में नागरिकों के अलावा सभी नगर पंचायत कर्मी व सफाई कर्मी भी शामिल हुए।

### लोन जमा न करने पर किसान समेत तीन पर एफआईआर

**उन्नाव।** मोहान कस्बा की आर्यावर्त ग्रामीण बैंक से सात लाख रुपए का कर्ज लेने के बाद अदा न करने पर कोर्ट के निर्देश पर किसान व उसके दो गारंटर पर एफआईआर दर्ज हुई है। किसान पर कूटरचित दस्तावेजों से लोन लेने व बैंक की शर्तों का उल्लंघन कराने का भी आरोप है। आर्यावर्त ग्रामीण बैंक की मोहान शाखा के प्रबंधक चंदन मिश्रा पुत्र स्व. व्यास निवासी अहिमामऊ थाना अर्जुनगंज जिला लखनऊ ने अपने अधिवक्ता की मार्फत कोर्ट में दिये प्रार्थनापत्र में बताया था कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के पिछ्वाड़ा गांव निवासी रामशंकर सिंह पुत्र जसपाल ने 25 सितंबर-2017 को उनकी शाखा से अपनी जमीन बंधक रख सात लाख सात हजार रुपए का कर्ज लिया था। इसके लिये उसने बैंक की शर्तों को मानने और समय से किस्त अदा करने सहित उस जमीन को कहीं और बंधक न होने का शपथ पत्र भी दिया था। गांव के मोती पुत्र रोशन व मिश्रीलाल पुत्र गयादीन ने उसकी गारंटी ली थी। लेकिन उसने लोन की किस्त अदा नहीं की। कर्ज अदायगी के लिए पहुंचे बैंक कर्मियों से अभद्रता करने के साथ कूटरचित दस्तावेजों से दूसरी बैंक से भी लोन ले लिया। एनपीए होने पर बैंक ने एसपी को इस बाबत प्रार्थनापत्र भेजा लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट ने हसनगंज पुलिस को इसमें एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने किसान व उसके दोनों गारंटर पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### 11 पर दर्ज कराई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के नख खेड़ा और फत्तेपुर की विवाहिताओं के उनके ससुरालीजन दहेज को लेकर मारते पीटते थे। इसके साथ ही दहेज की मांग पूरी न होने पर घर से निकला दिया। दोनों पीड़िताओं की तहरीर पर पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नया खेड़ा निवासी सोनी गौतम ने बताया कि 10 फरवरी 2022 को उन्नाव करोवन के सलेमपुर निवासी दिनेश के साथ उसकी शादी हुई थी। दहेज में दस लाख रुपये न देने पर ससुरालीजन प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति दिनेश, सास विमला, ननद सुषमा, ससुरर मंगली प्रसाद, देवर नरेन्द्र, अंकित व अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं सहजनी के फत्तेपुर निवासी शिवानी ने बताया कि 2021 में उसकी शादी मंशा खेड़ा निवासी निखिल पांडे के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद ससुरालीजन उससे पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न करने पर उसे मारपीटकर घर से निकाल दिया। जिस पर पुलिस ने पति निखिल, ससुर रमाकांत, सास सिया दुलारी, ननद काजल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### 28 कनेक्शन काटकर वसूला गया राजस्व

**शुक्लागंज उन्नाव।** बिजली विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर गुरुवार को बिजली कर्मियों ने नगर के कई मोहल्लों में अभियान चलाया। जहां कई बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे और उनसे राजस्व भी वसूला। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद के निर्देश पर जेई विष्णु शुक्ला और अक्षय तिवारी के नेतृत्व में बकाया राशि वसूलने का अभियान चलाया गया। जहां बिजली कर्मी नगर के अवस्थी फार्म, केके पुरम, सरजू नगर, राजधानी मार्ग, मिश्रा कालोनी में घर-घर जाकर बिजली के बिल चेक किया।

धर्म-अध्यात्म

श्रीमद्भागवत कथा न केवल मोक्षदायिनी है बल्कि वह प्रभु की लीलाओं का मनमोहक रसपान कराती

# श्रीकृष्ण के 16108 विवाहों का वर्णन सुन श्रोता आनंदित



आरती उतारते भक्त। अमृत विचार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के गांव गोशाकुतुब में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास अवधेश अवस्थी ने श्री कृष्ण के 16108 विवाहों का वर्णन किया। साथ ही सुदामा चरित्र व रुक्मणी विवाह की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

भागवताचार्य ने बताया कि कृष्ण-सुदामा मिलन वस्तुतः आत्मा और परमात्मा के मिलन की गूढ़ कथा है। सभी आत्माओं का अलौकिक पिता परमात्मा है। उन्होंने बताया कि आत्मा अपने पिता से मिलने को सदैव लालायित रहती है और जब आत्मा का परमपिता परमात्मा से संबंध-संपर्क जुड़ जाता है तब आत्मा पूर्ण संतुष्टि प्राप्त कर शांति का अनुभव करती है। आत्मा के पूर्ण समर्पण से परमात्मा भी उसे धन-धान्य से परिपूर्ण कर देते हैं। गुरुवार दोपहर कथा विश्राम के बाद हवन व विशाल भंडारा आयोजित हुआ। भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुवार को हुई भागवत कथा में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार भी पहुंचे और कथा श्रवण कर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक देवी प्रसाद पाठक, अभिषेक पाठक, आशुतोष पाठक, अखिलेश पाठक, आकांक्षा पाठक, राजू तिवारी, छोटे तिवारी, सरस्वती त्रिपाठी, रचना पाठक, निरुपमा पाठक, रमन बाजपेई आदि भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती कर प्रसाद वितरित किया।

● सुदामा चरित्र व रुक्मिणी विवाह की कथा भी सुनाई

### प्रभु की कृपा बरसने लगती

**सफीपुर उन्नाव।** संकटमोचन धाम गांव उनवा में चल रही 12वीं श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास पं. विनोद तिवारी ने श्रीकृष्ण की विभिन्न मनोहारी बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा न केवल मोक्षदायिनी है बल्कि वह प्रभु की लीलाओं का मनमोहक रसपान कराती है। जिससे श्रोताओं का मन भटकने नहीं पाता है। उन्होंने बताया कि हालांकि, ईश्वर की लीलाएं रहस्यमई हैं फिर भी वो रसमयी बन जाती हैं। जो मनुष्य के अंतर्मन पर उस भाव भूमि का सृजन कर देती हैं जिससे वह कृष्ण प्रेम में दीवाना हो जाता है। इसी स्थिति में उस पर प्रभु की कृपा बरसने लगती है। इस दौरान श्रीचंद्र, कमलेश गुप्ता, विमलेश गुप्ता, सतीश चंद्र गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, पंडित दिवाकर द्विवेदी, पप्पू तिवारी, बद्री तिवारी, हरिपाल सिंह, सौरभ तिवारी आदि भक्त उपस्थित रहे।

# अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु, जो बुद्धि भ्रष्ट कर देता

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है यह बुद्धिमान व्यक्ति की भी बुद्धि भ्रष्ट कर देता है। अहंकार व्यक्ति अपने बराबर किसी को नहीं समझता है और एक दिन यही उसके पतन का कारण बनता है। यह वचन गुरुवार को क्षेत्र के पंडाखेड़ा स्थित सिद्धपीठ माता मंशारानी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथावाचक पं. संजय मिश्र जी महाराज ने कहे। इस दौरान उन्होंने ईश्वर के अन्य अवतारों के प्रसंग भी सुनाये। श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथावाचक ने कहा कि जिस व्यक्ति में काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या व द्वेष जैसे दुर्गुण आ जाते हैं उस व्यक्ति का पतन होते देर नहीं लगती। महाराज ने गोवर्धन पूजा की कथा सुनाते हुए कहा कि एक बार मां यशोदा और ब्रज के लोग इंद्रदेव की पूजा की तैयारी कर रहे थे। भगवान कृष्ण जानते थे कि इंद्रदेव बहुत अहंकारी हैं इसलिए उन्होंने मां यशोदा से कहा कि पूजा तो इंद्रदेव की जगह गोवर्धन पर्वत की होनी चाहिए। जो हमारी गायों को खाने के लिए भोजन देते हैं और इन्हीं गायों से हमें शुद्ध दूध पीने को मिलता है। इंद्रदेव को जब इस बार का पता चला तो उन्होंने क्रोध में आकर वहां भारी वर्षा शुरू कर दी। तब कुलवासियों को बचाने के लिए श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठ अंगुली से गोवर्धन पर्वत को 7 दिन तक उठा रखा था। भागवत कथा में मंशारानी मेला प्रबंधक रामबक्श सिंह, परीक्षित वीरेंद्र सिंह, प्रभात सिंह, शिवपाल सिंह, राजेश सिंह, जितेंद्र सिंह, रिंकू, नितिन, हिमांशु सिंह, शिवेंद्र सिंह, पुट्टीलाल, कमलेश दिवाकर, महेश यादव, शिशुपाल यादव आदि भक्त उपस्थिति रहे।



कथा श्रवण करते भक्त। अमृत विचार

# दूसरे हत्यारोपी जावेद को ऑटो चालकों ने दबोचा

## बरेली में पकड़ा गया तो की आत्मसमर्पण के लिए पुलिस को बुलाने की फरियाद, चालकों ने पुलिस को सौंपा

बदायूं हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता, बरेली/ बदायूं

**अमृत विचार :** बदायूं में दो बच्चों की गला काटकर हत्या के मामले में दूसरे आरोपी जावेद को गुरुवार तड़के सेटेलाइट बस स्टैंड पर कुछ ऑटो चालकों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद दिल्ली भागा जावेद लखीमपुर खीरी जाने के लिए सेटेलाइट स्टैंड पहुंचा था, जहां उसे एक ऑटो चालक पहचानने के बाद अपने साथियों की मदद से दबोच लिया। रात में बदायूं पुलिस बरेली आकर जावेद को अपने साथ ले गई। बदायूं पुलिस की पूछताछ में जावेद ने बताया कि उसके भाई साजिद के बच्चे नहीं हो रहे थे। वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। बच्चों से नफरत करता था।



आरोपी जावेद।

### बच्चों से नफरत करने लगा था साजिद

बदायूं में जावेद ने बताया कि उसके भाई साजिद के बच्चे नहीं हो रहे थे। इसलिए वह बच्चों से नफरत करता था। वह चाकू खरीदकर बच्चों के घर गया था। घटना वाले दिन वह साजिद के साथ विनोद कुमार के घर गया था। साजिद ने दोनों बच्चों की हत्या की। इसके बाद वे दोनों साथ भागे थे। जावेद के अनुसार साजिद जल्दी गुस्सा हो जाता था। इसलिए साजिद का बचपन से ही इलाज चल रहा था।

बदायूं की बाबा कॉलोनी में ठेकेदार विनोद कुमार के दो नाबालिग बेटों की 19 मार्च की देर शाम हत्या करने वाले साजिद को पुलिस ने मुठभेड़ में उसी रात मार गिराया था मगर हत्या के दौरान उसके साथ रहा उसका भाई जावेद फरार हो गया था।

गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे उसे कुछ ऑटो चालकों ने सेटेलाइट बस स्टैंड पर दबोच लिया। बताया जा रहा है कि जावेद लखीमपुर खीरी जाने की फिराक में था और दिल्ली की बस से बरेली पुराने रोडवेज बस अड्डे पर उतरने के बाद साहिल मौर्य के ऑटो में बैठकर सेटेलाइट स्टैंड पहुंचा था। रास्ते में ही साहिल को उस पर शक हुआ। साहिल के मुताबिक अखबारों में छपी जावेद की फोटो उसके मोबाइल फोन में थी। उस फोटो से चेहरा पूरी तरह मिलताजुलता लगा तो उसने सेटेलाइट पहुंचकर अपने साथी अभिषेक प्रताप सिंह, शेखर यादव और विकास सोनकर को इकट्ठा कर जावेद को रोक लिया। ऑटो चालकों ने इसके बाद जावेद से उसका नाम पूछा तो वह हड़बड़ा गया। उसने भागने की कोशिश की तो ऑटो चालकों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया और एक ऑटो में बैठा लिया। उससे दोबारा पूछताछ की तो उसने कुबूल कर लिया कि वह जावेद ही है और आत्मसमर्पण करना चाहता है। इसके बाद ऑटो चालकों ने पुलिस को सूचना दी।

### इनाम लेने बदायूं पहुंचे ऑटो चालक

एक तरफ पुलिस जावेद की गिरफ्तारी का श्रेय ऑटो चालकों को देने से कतराती रही तो दूसरी तरफ उसे पकड़ने वाले ऑटो चालक जावेद पर घोषित 25 हजार का इनाम लेने बृहस्पतिवार को बदायूं एसएसपी के आवास पर पहुंच गए। वहां उन्होंने पूरा घटनाक्रम बताकर जावेद पर घोषित इनाम दिलाने को कहा। ऑटो चालक अभिषेक और शेखर ने बताया कि बदायूं के अधिकारियों ने उन्हें इनाम दिलाने का आश्वासन दिया है, उनका फोन नंबर भी ले लिया है।

### पुलिस ने बार-बार बदली कहानी

जावेद के हाथ आने के बाद पुलिस शाम तक उलझन में रही कि उसे गिरफ्तार दिखाकर इसका श्रेय खुद ले या ऑटो चालकों को उसे पकड़ने का श्रेय दे। इसी वजह से सुबह बारादरी पुलिस ने पहले यह दावा किया कि जावेद नहीं उसका भाई पकड़ा गया है, फिर उसके आत्मसमर्पण करने की बात कही। शाम को इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि देर रात जावेद को सेटेलाइट स्टैंड पर कुछ लोगों की मदद से पकड़े जाने की बात कही। उधर, बदायूं के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने भी दावा किया कि जावेद को बरेली से गिरफ्तार किया गया है।

## 13 प्रसिद्ध शायर अपनी रचनाओं से बताएंगे राम की महिमा

**अयोध्या कार्यालयः** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी ऐतिहासिक आयोजनों की भी साक्षी बन रही है। इसी तरह का अपने आप में पहला आयोजन आज 22 मार्च को शाम 6 बजे से तुलसी उद्यान में अदब-ए-श्रीराम का होगा। इस मुशायरे में वसीम बरेलवी समेत 13 प्रसिद्ध शायर अपनी रचनाओं से राम की महिमा बताएंगे। इसी के तहत अब देश के प्रसिद्ध शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक बड़ा मुशायरा होने जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजन से जुड़े युवा कवि रामायण धर द्विवेदी ने बताया कि इस मुशायरे में प्रसिद्ध शायर अंजुम रहबर, फ़हमी बदायूनी, फ़रहत एहसास, शकील आज़मी, मासूम ग़ाज़ियाबादी, मदन मोहन दानिश, शारिक़ कैफ़ी, दीक्षित दनकौरी, अज़हर इक़बाल, मनीष शुक्ल, श्वेता श्रीवास्तव अज़ल और चराग़ शर्मा प्रभु राम के आदर्शों को अपनी शायरी में प्रस्तुत करेंगे।

# पुलिस ने पकड़ा अवैध अस्त्र-शस्त्रों का जखीरा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● अवैध शस्त्र बनाने के आरोप में पिता पुत्र हुए गिरफ्तार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस व एसओजी टीम ने अवैध असलहों का जखीरा बरामद कर लिया है। पुलिस ने दो फैक्ट्री संचालकों को भी गिरफ्तार किया है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि थाना मऊदरवाजा पुलिस व एसओजी टीम को सूचना मिली की ग्राम कुइया बूट में अवैध असलहे बनाकर चुनाव के समय भारी कीमत पर असमाजिक तत्वों को बेचे जा रहे हैं। इस सूचना पर एसओजी टीम और पुलिस ने छापा मार कर शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर गैंगस्टर के आरोपी समेत दो फैक्ट्री संचालको को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने 19 देशी तमंचा 315 बोर, 2 अधिया तमंचा 315 बोर, 2 तमंचा 12 बोर,1 तमंचा 32 बोर, 1 रायफल 315 बोर बरामद की है।आरोपियों से पुलिस को 14 अधबने देशी तमंचा, 1 भट्टी, 1 जिंदा व 2 खोखा 315 बोर कारतूसब रामद किये है। शस्त्र निर्माण में उपयोग होने वाले बड़ी मात्रा में उपकरण भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार किए गए मजहब सिंह निवासी कुइया बूट थाना मऊ दरबाजा पर गैंगस्टर समेत आधा दर्जन मुकदमा दर्ज है।उसके पुत्र इंद्रजीत पर दो मुकदमा दर्ज है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए कार्रवाई की गई है। जिले में तमंचा समेत अवैध हथियारों के चलन को खत्म करने को लेकर यह कार्यवाही जारी रहेगी। एसपी विकास कुमार ने थाना मऊ दरवाजा पुलिस, एसओजी टीम, सर्विलांस टीम को बेहतर कार्य करने पर 25 हजार रुपए का इनाम देने को कहा।

# 15 साल बाद किसान की हत्या में सात दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

● राजेपुर के कटरी में खेत जोतने से मना करने पर घटना को दिया गया था अंजाम

**अमृत विचार।** थाना राजेपुर के कटरी क्षेत्र में खेत जोतने को लेकर 15 साल पहले ग्रामीण की हत्या कर दी गई थी। मामले में न्यायालय एसटीएससी एक्ट ने सात आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 3.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव कुसमापुर निवासी विपिन कुमार ने अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव बलीपट्टी निवासी संतोष मिश्रा, बबलू मिश्रा, नन्हें, अजीत, हरिओम, रामदुलारे, सुशील, सुरेंद्र उर्फ दरोगा, अवध किशोर, रामसनेही, रामकिशोर, चंद्रभान, बनवारी लाल शुक्ला व धर्मेंद्र उर्फ धनीराम के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में विपिन कुमार के पिता बालकिशन, चाचा रामकिशन, भाई वीरेश व अरुणेश सात अक्टूबर 2009 को गंगा की कटरी में जुताई करने के लिए गए थे। आरोपितों ने खेत जोतने से मना किया तो मारपीट व फायरिंग शुरू हो गई, जिससे बालकिशन की गोली लगने से मौत हो गई। घटना में चाचा रामकिशन व भाई वीरेश व अरुणेश घायल हो गए। दूसरे पक्ष से गांव बलीपट्टी निवासी मुकुंदराम, गांव कुसमापुर निवासी रामकिशन जाटव, विनय कुमार उर्फ छोटे भइया समेत 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया गया था। सुनवाई के दौरान आरोपित चंद्रभान की मौत हो चुकी है। विवेचक ने संतोष मिश्रा, बबलू मिश्रा, नन्हें, अजीत, रामदुलारे, सुशील, सुरेंद्र उर्फ दरोगा, रामसनेही, रामकिशोर, धर्मेंद्र उर्फ धनीराम, बनवारी लाल शुक्ला के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। बुधवार को मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश ने आरोपी संतोष मिश्रा, बबलू मिश्रा, नन्हें, अजीत, हरिओम, रामदुलारे, सुशील को दोषी करार दिया था। साक्ष्य के अभाव में सुरेंद्र उर्फ दरोगा, रामसनेही, रामकिशोर, अवध किशोर, धर्मेंद्र उर्फ धनीराम, बनवारी लाल शुक्ला को दोषमुक्त कर दिया। जानलेवा हमले के मुकदमे में विवेचक ने रामकिशन जाटव, विनय कुमार उर्फ छोटे भइया उर्फ विजय कुमार, अनिल कुमार जाटव, अजयपाल जाटव, अरुणेश जाटव, रामपाल जाटव, पिंटू उर्फ बंटू उर्फ चुन्नू, विनय कुमार जाटव के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में सभी आठों लोगों को दोषमुक्त किया।

## गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई 29 को

**सुलतानपुर।** महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गुरुवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण बहस नहीं हुई। बहस के लिए 29 मार्च की तारीख नियत की है। दायर परिवाद में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है । यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

# रामलला के दर्शन को रोजाना बढ़ रहे श्रद्धालु

विवेक सक्सेना, अयोध्या

● दो माह में 1.12 करोड़ भक्तों ने अयोध्या जाकर किए दर्शन

● दर्शन-पूजन करने रोज रामनगरी आ रहे सवा लाख भक्त, मंगलवार को होती है सर्वाधिक भीड़

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के दर्शन-पूजन के लिए प्रतिदिन मंदिर में एक से सवा लाख रामभक्त पहुंच रहे हैं। 22 जनवरी से लेकर 20 मार्च तक एक करीब दो माह में 1.12 करोड़ श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए हैं। अयोध्या में आयोजित होने वाले पर्वों और मंगलवार को यह संख्या और बढ़ जाती है।

**हर साल बढ़ रही भक्तों व पर्यटकों की संख्याः** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और पर्यटन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार 2017 में दीपोत्सव शुरू होने के बाद से अयोध्या में हर साल भक्तों और पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। रामलला के दर्शन करने के लिए यहां आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2020 में करोना काल में इनमें कुछ कमी आई थी।



रामलला का दर्शन करने को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। फाइल फोटो

## पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में सुनवाई 30 को

**सुलतानपुरः** भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को सुनवाई टल गई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 30 मार्च की तारीख नियत की है ।केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है ।अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।



# दो तिहाई बहुमत से मोदी को बनाना है पीएम

संतकबीरनगर

● भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए बूथ संरचना मजबूत करें कार्यकर्ता

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुवार को जनपद मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय पर लोकसभा क्षेत्र संत कबीर नगर के अंतर्गत चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। मुख्य अतिथि कलस्टर प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव से संबंधित दिशा निर्देश दिया।

बैठक संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज हो चुका है। इस बार पुनः हम सबको मिलकर प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाना है और नरेंद्र मोदी को अभूतपूर्व बहुमत से प्रधानमंत्री बनाना है। मुख्य अतिथि ने कहा कि पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी को ऐतिहासिक मतों से चुनाव जिताने के लिए जिले से लेकर सेक्टर तक बूथ संरचना ठीक करना होगा। कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के पक्ष में प्रचण्ड लहर चल रही है।

मोदी जी को दो तिहाई बहुमत से प्रधानमंत्री बनाना है और देश में रामराज्य की स्थापना करानी है तो संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद की ऐतिहासिक विजय बेहद जरूरी है। विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि हर कार्यकर्ता खुद प्रवीण निषाद बनकर क्षेत्र में जाएगा और भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक विजय दिलाएगा।

खजनी विधायक श्रीराम चौहान ने कहा कि इस बार के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के साथ भगवान श्रीराम की कृपा बरस रही है। पार्टी संतकबीरनगर समेत देश की 400 से ज्यादा लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी।




भाजपा कार्यालय पर आयोजित चुनाव संचालन समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

## किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को सात साल की सजा

**फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने गांव के गोलू उर्फ अनिल, प्रदीप, बिंटू, छम्मन, रामतीर्थ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें बताया कि 2 मई 2016 की रात को यह लोग एक घर में घुस आए। 14 वर्ष की पुत्री को अपने साथ लेकर चले गए। पुलिस ने गोलू के पुश्तैनी मकान से बेटी को बरामद कर लिया। पुत्री ने बताया कि गोलू उर्फ अनिल व प्रदीप ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विवेचक ने गोलू उर्फ अनिल व प्रदीप के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश ने गवाह व साक्ष्य के आ्धार पर गोलू उर्फ अनिल को दुष्कर्म में दोषी करार किया था।


# रामलला का आशीर्वाद लेने पहुंचे लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाड़ी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आकर श्रीराम के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेने की इच्छा पूरी हो गई। भगवान राम की जन्मभूमि में कुछ ऐसा विशेष है जो केवल महसूस किया जा सकता है, व्यक्त नहीं किया जा सकता। ये बातें गुरुवार को साउथ अफ्रीका के क्रिकेटर लखनऊ सुपर जॉइंट्स टीम के स्पिनर केशव महराज गुरुवार ने कहीं। वो लखनऊ सुपर जॉइंट्स टीम के कोच जस्टिन लैंगर व जॉन्टी रॉड्स के साथ रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। सभी ने कहा कि 24 मार्च को आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जयपुर में सीजन की शुरुआत से पूर्व आज हमने रामलला के दर्शनकर आशीर्वाद लिया है। लखनऊ सुपर जॉइंट्स टीम के खिलाड़ियों की सुरक्षा दृष्टिकोण से प्रशासन ने गुपचुप तरीके से दर्शन किया।




जॉन्टी रोड्स।



जस्टिन लैंगर।

### वीडियो वायरल

रामलला के दरबार से 3 :56 मिनट का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें लखनऊ सुपर जॉइंट्स टीम के खिलाड़ी एक बस से अयोध्या पहुंचे दिखाई पड़ रहे हैं। वीडियो में टीम से जुड़े कई खिलाड़ी व लोग मौजूद दिखे। सभी रामलला से प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। इस संबंध में अभी कोई भी अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।



साउथ अफ्रीका के क्रिकेटर केशव महाराज।

धर्म-कर्म

अगले वर्ष होगा अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव : कुलपति, चार दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा का भव्यता के साथ समापन

# धर्म- संस्कृति और शास्त्रों की रक्षा करे युवा पीढ़ी : चंपत राय

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** युवा पीढ़ी धर्म संस्कृति और शास्त्रों की रक्षा और समय का सदुपयोग करें। भविष्य में संस्कारों का आधान किया जाना चाहिए। ये बातें गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने कहीं। वो केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की 61वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा का समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मणिराम दास छावनी के श्रीराम सत्संग भवनम् में आयोजित समापन समारोह में देश भर के संस्कृत विद्वान जुटे।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी ने घोषणा करते हुए कहा कि अगले वर्ष शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव का आयोजन शास्त्रोत्सव मथुरा नगरी में किया जाएगा। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि स्वामी कमल नयन दास ने कहा कि संस्कृत के संवर्धन के लिए सभी विद्वानों को आगे आना चाहिए। संस्कृत के विद्वान प्रो. कृष्णामूर्ति शास्त्री ने संस्कृत और शास्त्रों की रक्षा के उपाय बताए। वेद विद्वान स्वामी सत्येंद्र दास ने भारतीय शास्त्रीय परंपरा को स्थापित करने की बात कही।

विशिष्ट अतिथि दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ कर संस्कृत और शास्त्रों का संवर्धन करना होगा। निर्णायक मंडल के प्रो. श्रीपाद सुब्रमण्यम, प्रो. बृजभूषण ओझा, प्रो. श्रुति एच के ने अपने अनुभव साझा करते हुए शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा को देश के लिए गौरवशाली बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन शास्त्रों और संस्कृत को नई दिशा प्रदान करेगा।

वहीं नागपुर से आईं श्वेता शर्मा, गुजरात के डॉ. गौरी शंकर और प्रो .भारत भूषण त्रिपाठी ने भी इसे सफलतम आयोजन बताया। समापन समारोह में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। केन्द्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलसचिव प्रो. मुरलीकृष्णन ने देश भर से आए विद्वानों और अतिथियों का वाचिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मधुकेश्वर भट्ट, प्रो. लोकमान्य मिश्र, प्रो. मदनमोहन पाठक, आचार्य प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी, आचार्य धनीन्द्र कुमार झा, आचार्य गुरुचरण सिंह नेगी, आचार्य गणेश शंकर विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।




शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में पुरस्कृत किए विभिन्न प्रदेशों से आए संस्कृत के छात्र –छात्राएं। अमृत विचार



स्वामी कमलनयन दास को ग्रंथ भेंट करते कुलपति। अमृत विचार

### सर्वाधिक पदक प्राप्त करने पर कर्नाटक के गण को विजय वैजयंती

चार दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में सर्वाधिक पदक प्राप्त करने पर कर्नाटक राज्य के गण को विजय वैजयंती से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 28 राज्यों से आए 600 प्रतिभागियों में से 110 को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इस प्रतिस्पर्धा की यह विशेषता थी कि छोटे-छोटे बच्चों ने शास्त्रों को कण्ठस्थ करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिनमें सम्पूर्ण अमरकोष को करने वाली वसुधा ने अद्भुत प्रदर्शन किया। इसी प्रकार गौरव उपाध्याय ने सुभाषित कण्ठपाठ, प्रमति न.स. और अमृत बन्धु शर्मा ने श्रीमद्भगवद्गीता, मुक्ता एस ने न्याय भाषण तथा अनुशा ने पुराणेतिहास शलाका का आश्चर्यचकित कर देने वाला प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल की ओर से इसे उत्कृष्ट घोषित किया गया।

## आरोपी युवक की पुलिस कस्टडी में मौत

**गोरखपुर :** पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत हो गई। उसे छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने हिरासत में लिया था। थाने लाने पर उसकी तबियत बिगड़ी तो पुलिसकर्मी उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोरखपुर के गोला थाना क्षेत्र में बाढ़ा में रहने वाले विनय शंकर पांडेय उर्फ दीपक (42) पर गांव की एक नाबालिग लड़की ने छेड़खानी का आरोप लगाया था जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। बुधवार की शाम करीब 5 बजे पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ने लगी थी, बाद में मौत हो गई।

मूर्खस्तु परिहर्तव्य : प्रत्यक्षो द्विपद : पशु : ।
भिनत्ति वाक्यशूलेन अदृश्ययं कण्टकं यथा ॥

मूर्ख व्यक्ति को दो पैरों वाला पशु समझकर त्याग देना चाहिए, क्योंकि वह अपने शब्दों से शूल के समान उसी तरह भेदता रहता है, जैसे अदृश्य कांटा चुभ जाता है।

## संपादकीय

# केंद्र के फैसले पर रोक

केंद्र सरकार को उच्चतम न्यायालय से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार की उस तथ्य जांच इकाई (एफसीयू) पर रोक लगा दी है, जिसे आनलाइन कंटेट की निगरानी के लिए बनाया गया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड पर रोक लगाकर भाजपा समेत तमाम राजनीतिक दलों को झटका दिया था। गुरुवार को उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए एफसीयू से संबंधित केंद्र सरकार की एक दिन पहले की अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि यह अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ है। इस इकाई को 2023 में कानून में शामिल किया गया था। मगर इस यूनिट को कानून में शामिल करने की कोशिश विवादों के घेरे में रही है। सरकार ने एक दिन पूर्व ही अधिसूचना जारी कर इसे लागू किया था। कई पत्रकारों और विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकार की आलोचना करने वाली मीडिया की स्वतंत्र रिपोर्टिंग को कुचलने की कोशिश है। बांबे हाईकोर्ट ने 11 मार्च को इस अधिसूचना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई थी। याचिकाकर्ताओं कहना था कि सबके लिए एक स्वतंत्र एफसीयू रहनी चाहिए जबकि केंद्र सरकार इसे सिर्फ अपने लिए ला रही है, जो मनमाना है। क्या गलत है या क्या नहीं, यह तय करने के लिए एफसीयू केंद्र के फैसले पर निर्भर नहीं हो सकता। चुनाव के समय एफसीयू केंद्र के लिए एक हथियार बन जाएगा, जिससे वे तय करेंगे कि मतदाताओं को कौन सी जानकारी दी जाए। पीठ ने कहा मामला गंभीर संवैधानिक सवालों से जुड़ा है। उच्च न्यायालय के समक्ष प्रश्न संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) पर मुख्य प्रश्नों से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार परिषद भी इंटरनेट के अधिकार को मौलिक स्वतंत्रता और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के उपकरण के रूप में मानता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक बांबे हाई कोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में पेश संशोधनों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। अब लोकसभा चुनाव के समय आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और प्रमुख कर्मियों को चुनाव कार्य में व्यस्त कर दिया गया है। केंद्र के एक अलग तथ्य-जांच इकाई बनाने के प्रयास फिलहाल विफल हो गए हैं। महत्वपूर्ण है कि विचारों की आजादी लोकतंत्र का आधार है। देखना होगा कि सोशल मीडिया को जिम्मेदार व जवाबदेह बनाने की दिशा में कैसे जागरुकता बढ़ाई जाए।

# मंदिर-मठों के बौद्धिक नवजागरण पर चिंतन



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं।

अधिकांश भारत मूर्तियों और मंदिरों में ही उलझा हुआ है। प्राचीन समय में मंदिरों का निर्माण नगर और गांव से बाहर किया जाता था और इन्हें या तो मठों के निकट या भीतर निर्मित किया जाता था या इन्हें नागर शैली में नगर से बाहर एक जल स्रोत के निकट के शांत और वनाच्छादित क्षेत्र में स्थापित किया जाता था ताकि ये एक इंस्टिट्यूशंस ऑफ आर्ट एंड नॉलेज की तरह से कार्य कर सकें। यहीं रहकर एकाग्रता से चिंतन, अध्ययन और अन्वेषण की प्रक्रिया पूरी होती थी।

कुछेक ऐसे ही देवालय-मठ इतने विशाल थे जिनकी व्यवस्था राजकोष से या इन्हें दान में दी गई भूमि से हुआ करती। इस भूमि पर कृषि कार्य करके फसल उगाकर अन्न पैदा किया जाता था और गोचारण में गाय रखने के अलावा अन्य भारवाहक पशु रखने की भी व्यवस्था हुआ करती। अनेक मठों में हाथी भी रखे जाते थे। छात्रों और अध्येताओं से शुल्क नहीं लिया जाता था। भारत की व्यवस्था ऐसी ही थी, लेकिन डेमोक्रेसी और इलेक्शन्स ने भारत के लोगों में एक आदत यह पैदा की कि, ज्ञान के इन पारंपरिक 'अस्थानों' (आस्था-स्थल अथवा संस्थान) को वास्तु कला और ज्ञान-सृजन की परिधि से निकाल कर सिर्फ दर्शनीय और कर्मकांड स्थल बना दिया गया। राजनेताओं की जमात सत्ता-सुख की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद स्थल के रूप में इन्हें ऐसे इस्तेमाल करने लगी जैसे की यह इनका निजी अधिकार हो गया है।

एक मिनी विश्वविद्यालय के रूप में काम करने वाले प्राचीन समय में स्थापित मठों और ज्ञान-संस्थाओं का ह्रास चिंतित करता है, क्योंकि इन्हें अपेक्षाकृत कर्मकांड और पूजा-पाठ का स्थल समझा जाने लगा है। इसलिए कि हिम्मत करके कोई यह बताने वाला नहीं रहा कि सैकड़ों और हजार से अधिक साल से आबाद रहे मंदिर संस्थानों-मठों की स्थापना का वास्तविक उद्देश्य क्या था। इनका सही उद्देश्य नए ज्ञान का सृजन करना, ज्ञान को लिपिबद्ध करना स्मृति और श्रुति दोनों विधियों से और ज्ञान का प्रसार तर्क और न्याय के तत्वों का ध्यान रखना करना था। यूरोप में ईसाई मत में और इस्लाम में ऐसा हुआ तो परंतु काफी बाद में और चुनिंदा विधाओं में।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया।

इनके मुकाबले में हिंदू ज्ञानकोष और वांग्मय में अत्यधिक विस्तार है जिसे यूरोपियन और अन्य अनेक भारत अध्येताओं ने स्वीकार किया है, सिवाय मैक्स म्युलर के जो पूरे भारत को ईसाईयत से सराबोर करना चाहते थे। भारत में जन्मे गौतम बुद्ध की शिक्षाओं को मानने वाले दक्षिण एशिया के देशों के राजनीतिज्ञ बौद्ध मठों में जाकर राजसत्ता प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद लेते हुए कभी नहीं देखे जाते सिवा ऐसे अवसर के जब या तो राजा का अभिषेक होता है या फिर किसी उत्सव के समय।

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं। यह भी विचित्र है कि इन कर्मकांडों में वैदिक और वैष्णव दोनों ही पद्धतियों से कार्य निष्पादन होता है। लोगों की आस्था अब मंदिरों-मठों में रहने वाले ज्ञानियों द्वारा ज्ञान सृजन, अन्वेषण और परंपरा से ज्ञान के आख्यान का मूल्य समझने की उतनी नहीं रही जितना कर्मकांड में दिखाई जाने वाली 'आस्था' के प्रति बढ़ गई प्रतीत होती है। आस्था भाव एक हद तक ही सही है, लेकिन मनुष्य को अगर यह पोंगापंथी बनाए और बारम्बार एक ही रिचुएल को करते रहने की उसके मन में आदत डाल दे तो इससे विचारों की उन्नति में बाधा उत्पन्न होती है। व्यक्ति में नया काम करने के लिए उत्साह नहीं रहता और वह डरपोक बनता है। 'धर्म', प्रकृति और मनुष्य समाज में जीने की एक तरह की अद्वितीय पद्धति है जिसका संप्रेषण भाव संस्कृतिनिष्ठ कार्य पद्धति में दिखाई देता है। पूजा-पाठ और कर्मकांड तो इस समग्र संस्कृति का एक छोटा सा अंश मात्र हैं। इसे ही प्रमुख बना देना अव्यावहारिक है। यह विचित्र ही नहीं, लेकिन सत्य बात है कि खेत या कहीं और श्रम करने वाला व्यक्ति पूजा-पाठ और कर्मकांड से अधिकतर दूर रहता है।

इतिहास बताता है कि धर्म के पारंपरिक स्वरूप के प्रति आस्था और भय का प्रभाव यूरोप के लोगों में भारत से भी अधिक बड़ा था, क्योंकि वहां के धर्माचार्यों ने इसे रहस्यमयी और क्रूर भी बनाया जैसा कि पूर्वी यूरोप के रोमानिया, बुल्गारिया और स्पेन के प्राचीन ईसाई मठों के इतिहास से मालूम होता है। हिंदुस्तान में 'धर्म' के प्रति, जैसा कि इसे प्रेक्षित किया जाता रहा, भय का भाव तो कभी था ही नहीं। 'निर्भय हो' कथन आचार्य वर्ग ने हमेशा प्रतिस्थापित और संप्रेषित किया। यह भाव तब पैदा हुआ जब विदेशी आक्रांताओं से मुकाबला करने और इन्हें देश की उत्तर-पश्चिमी सीमाओं से परे खदेड़ने में भारत बिल्कुल नाकामयाब हो गया। 'धर्म' के बारे में विवेचना, विमर्श और आलोचना की प्रवृत्ति को आघात पहुंचाया गया। आधुनिक भारत में क्षुद्र-प्रवृत्ति राजनीतिज्ञों ने मौके पर इस स्थिति का शोषण किया है। सरदार पटेल और नेहरू जैसे चंद राजनीतिज्ञ ही ऐसे हुए जिन्होंने धर्म-संस्कृति से जुड़ी हुई संवेदना का शोषण करने की प्रवृत्ति से गुरेज किया।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया। ऐसे अवसर दुर्लभ की श्रेणी में आते हैं और आपत्ति से परे। राजनीति करने वालों की आम प्रवृत्ति या आमजन की आम दिनों वाली प्रवृत्ति से विलग भाव से इसमें देखने की जरूरत है। निहितार्थ, फिर भी दूरगामी प्रभाव वाले तो हैं हीं। आमजन को इस प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा। राजनीति करने वालों को भी चुनाव के दिनों में इस प्रवृत्ति के प्रदर्शन से तौबा करनी होगी। धर्माचार्यों और समाज के बौद्धिकों को वास्तविक ज्ञान प्रणाली से प्रशिक्षित बौद्धिक क्षमता के आधार पर बहुत सी बातों को नकारने की हिम्मत पैदा करनी होगी। हमारे ज्ञान ग्रंथों की व्यवस्था में ऐसे निर्देश नहीं है जिसके अंतर्गत आममन के भीतर धर्म-भीरू या देव-भीरू स्वभाव की उत्पत्ति की जाए। भारत में 'युगों' की बात भी बेमानी है, क्योंकि यह हमारे ही आचार्यों और गणितज्ञों -आर्यभट और भास्कर के अध्ययनों से मेल नहीं खाता। भारत में इन्हीं आचार्यों द्वारा काल गणना की सर्वमान्य वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार पुराणों में दी गई काल गणना, कथा-तत्व के नाते, सिर्फ एक 'फिक्शनल हिस्ट्री' है। क्या सतयुग में मनुष्य दुखी नहीं था? क्या सतयुग और त्रेतायुग में छल और हिंसा नहीं थी? पुराणों में अनेक कहानियां ऐसी हैं, जो मनुष्य मात्र में देवों और नरेशों के प्रति भय की उत्पत्ति करती हैं।

उपरोक्त के मद्देनजर हिंदुओं, पारसियों, मुसलमानों और बौद्धों के 'धर्म' पर मीमांसक ग्रंथ अब उपलब्ध हैं। कुछ रोज से मैं सन् 1832 में प्रकाशित किताब 'ऑब्जर्वेशंस ऑन द मुसलमान्स ऑफ इंडिया -ए डिस्क्रिप्टिव ऑफ देयर मैनर्स, कस्टम्स, हैबिट्स एंड रिलिजियस ओपिनियन्स' ध्यानपूर्वक देख रहा हूं। इसे मीर हसन अली की बेगम साहिबा ने दो खंडों में तकरीबन ग्यारह सौ प्रकाशित पन्नों में उपलब्ध करवाया। इसकी भूमिका भारत में दशकों तक निवास करने वाले अंग्रेज स्कॉलर-ब्यूरोक्रेट विलियम क्रूक ने लिखी। हमारे देश में मुसलमानों की संस्कृति की जो झलक इसमें से निकलती है उसके अनुसार बहुत सी रवायतों, परंपराओं और कार्य पद्धतियों में वैज्ञानिकता का पुट है। धर्मांधता और अंधविश्वास बाद में कैसे निर्मित हुए, यह विश्लेषण की विषय वस्तु है। ऐसी ही पुस्तक हिंदुओं के बारे में उपलब्ध हैं जिनमें वैज्ञानिक तत्वों की व्याख्या के बारे अब बात नहीं होती। आमजन के गाइड वही हैं, जो अल्प-बौद्धिक हैं और धर्म-संस्कृति के गलत आख्यान देते हैं।

## प्रसंगवश

# परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि

चुनाव का चित्र अब स्पष्ट हो गया है। थोड़ा बहुत झोल-झक्कड़ है तो उसे भी समाप्त कर लिया जाएगा। प्यार मोहब्बत नाराजगी शुरु है। इधर से उधर, उधर से इधर आना-जाना भी चल रहा है। हर पार्टी ने कुछ नए जोड़े कुछ पुराने छोड़े। किसी का दिल जुड़ाया तो किसी का टूटा। कोई बल्ले-बल्ले उछल रहे हैं तो कोई छले जाने का दोष लगा रहे हैं। अपनी कमजोरी और खामियां कोई नहीं बता रहे। सब दूसरों में खोट निकाल रहे हैं। पांच सालों तक मटरगश्ती करने वाले नेताजी ने फिर से हाथ जोड़ना और दांत निपोरना शुरू कर दिया है। सांसदों का गोद लिया गांव आज भी बदहाल है, यह और बात है कि नेताजी सदा खुशहाल बने रहे। सीटी बज गई तो चुनावी दंगल के पहलवान ताल ठोंककर कूदने के लिए तत्पर हो गए। उतर अखाड़े कूदते, लेकर अपने दांव!/अपने-अपने पैंतरे, घोषित हुआ चुनाव!! केंद्रीय शासन पर काबिज भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए इंडिया महागठबंधन बनाने का बिगुल फूंका तो गया, मगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उसमें छेदकर दिया और उसकी हवा फुस्स से निकाल दी।



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अपने लाल तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हड़बड़ाए हुए थे। मामला यहीं से गड़बड़ हो गया। नीतीश बाबू को सत्ता की कुर्सी बड़ी प्यारी लगती है। उसे छोड़ना भी नहीं चाहते हैं। अपने बिगड़ते हुए माथे का भी उन्हें ख्याल नहीं है। क्या से क्या बोल जाते हैं यह भी उन्हें पता नहीं रहता है, लेकिन यह सब उनकी महत्वाकांक्षा को मजबूती ही देता है तभी तो कभी नहीं बीजेपी समझौता कर सकती है जैसी घोषणा के बावजूद बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व सारी पुरानी बातों को भूलकर उनके साथ चिपक जाता है।

अल्टू-पल्टू बनी रही पार्टियां और नीतीश जी का पलटू राम नाम रख दिया, जबकि नीतीश जी तो मुख्यमंत्री पद पर स्थिर हैं, आज भी बने हुए हैं। पार्टियों की नीतियों की दुहाई देने वाले बड़े-बड़े सूरमा सिद्धांतों को ताक पर रखकर घुटने टेक देने में तनिक भी हिचकते नहीं हैं। भारत जोड़ो यात्रा पर धूम धड़ाके के साथ निकलते रहे कांग्रेस के राजकुमार चाटुकारिता में बड़े-बड़े बोल और बयान देते रहे पाले-पोसे हुए तोते। प्रायोजित होती रही रैलियां। अधिकार और रोजगार की मांग पर बरसती रही लाठियां! परेशान होते रहे युवा और किसान! बदहाल रही जनता। परोसे जाते रहे भाषण और आश्वासन। बुला-बुलाकर विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को दिखलाया गया रुतबा, सुनाई गई विरुदावलियां। दुहाई दी गई भारत की महान जनता और संस्कृति की। सबने मूल समस्याओं को नजरअंदाज किया। धरती और प्रकृति जार-जार रो रही है और आकाश में नगाड़ों की धमक गूंज रही है। धरती के भगवान बेहाल हैं और आसमान में उड़ रहे हैं देवराज! सब अपनी-अपनी धुन में हैं। राजनीति में स्तर की बात सब करते हैं, मगर धज्जियां उड़ाते हुए जैसी भाषा और व्यवहार का प्रदर्शन होता है उसे क्या कहा जा सकता है? चुनावी समर में जिन वीर-बांकुरों की घोषणा हो गई वे उछल-उछलकर, मचल-मचल कर अपनी कर्मठता का बयान दे रहे हैं। अखाड़ा तैयार है। पहलवान ताल ठोंक रहे हैं। कई पहलवानों की लंगोट अदल-बदल गई है। राजनीति का सच तमाम नैतिकताओं के सच से सर्वथा अलग होता है। यहां के सारे कर्मकांड परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि के लिए किए जाते हैं। सामाजिक समरसता के नाम पर दंगे कराए जाते हैं, निर्माण के नाम पर ध्वंस का नजारा खड़ा किया जाता है। ईश्वर, अवतार, स्वतंत्रता सेनानी सबके सब चुनावी वैतरणी की नाव पर चढ़ते उतरते रहेंगे जिसके सम्मोहन में जनता फंस जाए वैसा ही तुरुप का पत्ता फेंका जाएगा।

मुखौटों का बाजार सज गया है। नेताओं का करबद्ध पोस्टर अखबारों से लेकर दीवारों तक पर टंग गया है। मीडिया की दुकानदारी में एक दूसरे की टांग खिंचाई चल रही है। प्रायोजित तू-तू मैं-मैं चालू है। भोली-भाली जनता सचमुच लड़ रही है। अपने-अपने नेता के नाम पर बरसों की सामाजिकता को तोड़ रही है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव चुनाव सारी मर्यादाओं की धज्जियां देता है। देश का हर भाग उद्वेलित और आंदोलित हो गया है। जोड़-तोड़ का गणित बैठाया जा रहा है। कुबेर के खजाने खुल रहे हैं। यमराजों की लाठियां तेल पी रही हैं। नगाड़े बज रहे हैं, शोहदे उछल रहे हैं। कुछ रो रहे हैं तो कुछ ठहाकों में डूब गए हैं। देश की राजधानी में बैठने के लिए सब मचल रहे हैं। बहसें वादे नीतियां, सबकुछ है बकवास!/ सबकी है यह चाहना, दिल्ली हो आवास!!

# पर्यावरण हितैषी व्यवहार से ही कम होगा वायु प्रदूषण



डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है।

स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग रिपोर्ट ने 2024 में एक बार फिर भारतीयों को प्रदूषण फैलाने वाली आदतों में सुधार करने पर सोचने-विचारने के लिए मजबूर किया है। वहीं केन्द्र व राज्य सरकारों को और कारगर नीतियां बनाने तथा उन्हें शक्ति से लागू करने पर ध्यान देने की ओर संकेत दिया है।

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार तो विश्व के 50 सबसे वायु प्रदूषित शहरों में से 42 शहर भारत के हैं तथा भारत की राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की दृष्टि से दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। इतना ही नहीं इस रिपोर्ट के आधार पर भारत की 96 प्रतिशत आबादी 'खराब एयर क्वालिटी वाले शहरों' में रह रही है। इस रिपोर्ट में प्रदूषित शहर उन्हें माना गया है, जहां 2.5 पीएम का औसत वार्षिक स्तर पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ज्यादा हैं। भारत में वायु प्रदूषण के लिए जो प्रमुख कारण दिखाई देते हैं उनमें सम्मिलित हैं। भारतीयों द्वारा पेट्रोल तथा डीजल से चलने वाले वाहनों का अधिक संख्या में इस्तेमाल करना, इसमें भी पुराने वाहनों की संख्या अच्छी खासी है। भारत सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई प्रयास किए हैं। जैसे नई स्क्रेप नीति लागू की है, ई-वाहनों के निर्माण तथा उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है, सीएनजी आधारित चार पहिया वाहनों का चलन बढ़ा है, ऑड-ईवन नंबर वाले फार्मूला भी विकल्प के रूप में उपयोग में लाया जाता है (दिल्ली)।

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। वायु प्रदूषण को कम करने वाली स्वदेशी तकनीक पर शोध निरंतर जारी है। आने वाले कुछ वर्षों में इसका अच्छा असर दिखना तय है। विकासशील राष्ट्र होने के कारण भारत में निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से निकलने वाले धूल के कणों की अधिक मात्रा वायु में प्रवेश कर 'परक्यूलेट मैटर' को बढ़ा रही है, वायु प्रदूषण का कारण बन रही है। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत के अधिकांश शहर अपने यहां जनसंख्या के अनुपात में आधारभूत सुविधाओं में विकास करने के लिए सड़क, पुल, मेट्रो को विकसित करने, बढ़ाने में लगे हुए हैं, मल-जल निकासी में सुधार कर रहे हैं, पेयजल व्यवस्था को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं, आवासीय एवं औद्योगिक भवन, कारखाने, रहवासी तथा औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि आदि करने के लिए संकल्पित हैं। शहरों में कचरे के निष्पादन हेतु चोरी छुपे उसे जलाना जारी है (यद्यपि नगरी प्रशासन द्वारा इस पर प्रतिबंध है, पुर्नचक्रीकरण पर बल दिया जा रहा है, कचरे से ईंधन गैस बनाने पर जोर है, व्यवस्था भी है और तकनीक भी भारत के पास है। इंदौर शहर इसका एक अच्छा उदाहरण है, किसानों द्वारा पराली का जलाना (पराली जलाना नहीं पड़े इसके लिए अल्टरनेटिव व्यवस्था उपलब्ध है, पर ऐसा लगता है वह किसान फ्रैंडली नहीं है, इसीलिए शायद सभी भारतीय किसानों द्वारा उस तकनीक को उपयोग में नहीं लाया जा रहा है।) भी वायु प्रदूषण को बढ़ा रहा है।

लकड़ी के लिए जंगल से पेड़-पौधों को चोरी-छुपे काटना जारी है। साथ ही जिस अनुपात में जंगलों से पेड़-पौधों की कटाई की जाती है, उस अनुपात में पेड़-पौधों लगाने की व्यवस्था माकूल दिखाई नहीं देती है। अभी भी जितना जंगल/वन क्षेत्र भारत के पास (कुल क्षेत्रफल के आधार पर) होना चाहिए, उपलब्ध नहीं है। कोयले से विद्युत उत्पादन, उद्योगों का संचालन और रेल परिवहन की निर्भरता धीरे-धीरे कम की जा रही है। बिजली उत्पादन के लिए भारत में सौर और पवन ऊर्जा का विस्तार बहुत तेजी से हुआ है, आगामी कुछ वर्षों में इसका असर दिखना शुरू हो सकता है।

हर उद्योगों को चिमनी से निकलने वाले धुएं से वायु को प्रदूषित होने से रोकने वाली तकनीक का उपयोग करने हेतु संकल्प लेने की आवश्यकता है। मेरा तो यही मानना है कि भारत को स्विस रिपोर्ट के दबाव में अपने विकास कार्यों की रफ्तार को धीमी करने की आवश्यकता बिल्कुल नहीं है। हां वायु प्रदूषण को रोकने व कम करने के लिए प्रयास और तेज करने होंगे, डीजल-पेट्रोल की खपत को जितना कम किया जा सकता है कम करना होगा। ईंधन के ऐसे विकल्पों को बढ़ावा देना होगा, जो वायु को कम प्रदूषित करते हैं। साथ ही कुल क्षेत्रफल के अनुपात में आपेक्षित वन क्षेत्र के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करना होगा। यह सब संभव है जनसहयोग से, सुविधा भोगी आदतों में बदलाव से, पर्यावरण हितैषी व्यवहार से, प्रदूषण को कम करने के लिए बने नियम-कानून के पालन से।

## सोशल फोरम

# परंपराओं को अद्यतन कीजिए

हम अपनी परंपराओं पर गर्व करते हैं और उनमें किसी भी परिवर्तन का पुरजोर विरोध करते हैं, लेकिन देखा जाए तो हमारी सारी परंपरा समय, स्थान, काल और जरूरत के आधार पर विकसित होती हैं और समयानुसार बदलती भी रहती हैं। एक ही धर्म में दो अलग स्थानों पर दो अलग-अलग परंपराएं विकसित हो सकती हैं।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

हिमाचल के सिरमौर जिले में एक जनजाति है हाटी। इनके यहां एक परंपरा में एक घर में अगर दो या दो से अधिक भाई हैं तो उनकी एक ही पत्नी होती है। अब कहा जाता है कि ये इलाका इतना दुर्गम था कि स्त्रियों की सुरक्षा के लिए ऐसा किया जाता था। एक और कारण भी गिनाया जाता है कि इन गरीब लोगों के पास काश्त के लिए कम जमीन थी। इसलिए जमीन का और बंटवारा न हो इसके लिए ये प्रथा शुरू की गई। ये सामान्य विवाह व्यवस्था से अलग परंपरा विकसित हुई।

एक शव के दाह संस्कार के लिए 40 मन लकड़ी लगती है, लेकिन मैंने पढ़ा था कि किसी इलाके में लकड़ी की कमी के कारण उपलों से दाह संस्कार संपन्न किया जाता है। एक समय था कि शादियां तीन चार दिन तक चलती थीं और मृत्यु पर तेरह दिन तक शोक मनाया जाता था। आज शादियां एक ही रात में संपन्न होती हैं और तेरह दिन शोक मनाने का समय अब घटता जा रहा है।

किसी समय बाल विवाह बहुत प्रचलित थे। फिर लड़की की शादी की न्यूनतम उम्र 12 वर्ष निर्धारित की गई। 1930 के शारदा एक्ट में इसे 14 वर्ष किया गया और फिर 18 वर्ष। हर बार जब उम्र बढ़ाई गई तो कुछ लोगों ने इसे अपने धर्म और परंपरा में गैर जरूरी हस्तक्षेप कह इसका विरोध किया। विरोध इतना प्रबल था कि आजादी के बाद नेहरू जी को एक हिंदू कोड बिल को चार हिस्सों में बांट कर पास कराना पड़ा।

ऐसा दुनिया में कुछ भी नहीं जिसमें परिवर्तन न हुआ हो। ये जो हम सनातन, सनातन शब्द सब तरफ सुनते हैं तो सनातन भी उतना सनातन नहीं। सनातन यानी शाश्वत, आरंभ से बोलकर आज यहां कुछ भी नहीं है। सब कुछ यहां परिवर्तनशील है और लगातार बदल रहा है। इसलिए परंपराओं से बहुत ज्यादा मोह मत पालिए। हो सके तो बदलते समय के साथ परंपराओं को अद्यतन भी कीजिए। -फेसबुक वॉल से

# आयरलैंड के प्रथम समलैंगिक प्रधानमंत्री

पड़ोसी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की भांति भारतीय मूल के अशोक वराडकर आयरलैंड के प्रधानमंत्री थे। हाल ही में उन्होंने त्यागपत्र देकर सियासी बवंडर उठा दिया। पद छोड़ने का कारण उन्होंने दिया : "बेहतर व्यक्ति प्रधानमंत्री पद संभाले। सात साल तक पीएम रहने के बाद मेरी निजी अनुभूति है कि मैं सर्वाधिक श्रेष्ठ नेता नहीं हूं। आयरलैंड के लोग मुझसे बेहतर मुखिया बना सकते हैं।" यह 45 वर्षीय राजनेता सबसे कम उम्र (38) में प्रधानमंत्री निर्वाचित हो गए थे। वे आयरलैंड के प्रथम और दुनिया के पांचवें समलैंगिक प्रधानमंत्री हैं। यूरोप के सबसे रूढ़िवादी देश माने जाने वाले आयरलैंड में वराडकर उदारवाद का चेहरा बनकर उभरे थे।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

आयरलैंड में 1993 तक समलैंगिकता को अपराध माना जाता था, किंतु 2013 में एक जनमत संग्रह करवाया जिसके बाद वहां 2015 के मई महीने में समलैंगिक शादी को मान्यता दी। इसके कुछ महीने पहले जनवरी 2015 में वराडकर खुलकर सामने आए और उन्होंने अपने समलैंगिक होने की बात सार्वजनिक तौर पर घोषित की। उस वक्त वो स्वास्थ्य मंत्री थे। उन्होंने कहा : "मैं गे हूं और ये कोई राज नहीं है। ये मेरी परिभाषा का हिस्सा नहीं है। न तो मैं आधा-भारतीय राजनेता हूं, न तो डॉक्टर राजनेता हूं और न ही गे राजनेता हूं। ये मेरे जीवन का हिस्सा है मेरे चरित्र का हिस्सा है।" वराडकर ने 2017 में पेशेवर आयरिश भाषा में एक कोर्स पूरा किया और अपने उपनाम, डी वरद के लिए एक आयरिश भाषा फॉर्म तैयार किया। उन्होंने कहा है : "आयरिश के प्रति मेरा दर्शन केवल इसे बोलना है। आयरिश बोलें! यह इसे पूर्ण करने के बारे में नहीं है। यह मजे करने और इसे बोलने का प्रयास करने के बारे में है।" वे दक्षिण भारत का उदाहरण देते हैं, जहां हिंदी भी तमिल के साथ बोली जाती है। डबलिन में जन्मे वरदकर बहुजातीय हैं। उनके पिता मुंबई से और मां डुंगरवन (काउंटी वॉटरफोर्ड) से हैं। उन्होंने ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन में चिकित्सा का अध्ययन किया और अस्पताल में डॉक्टर बने। किशोरावस्था से ही फाइन गेल पार्टी के सदस्य रहे। लियो वराडकर अशोक और मिरियम (नी हॉवेल) वराडकर के इकलौते बेटे हैं। उनके पिता का जन्म मुंबई में हुआ था। वह डॉक्टर के रूप में काम करने के लिए 1960 के दशक में यूनाइटेड किंगडम चले गए थे। इनकी मां अपने भावी पति से स्लॉ में नर्स के रूप में काम करने के दौरान मिलीं। उन्होंने यूके में शादी कर ली। वराडकर ने 2000 के दशक के अंत में एक मुखर मनमौजी व्यक्ति के रूप में उभरे। उनकी "असामान्य" टिप्पणियों के कारण इवनिंग हेराल्ड ने उन्हें "गलतियां करने वाला" बताया। आयरिश टाइम्स के स्तंभकार स्टीफन कोलिन्स ने 2017 में वराडकर को "जनता, विशेषकर युवा मतदाताओं के सामने ऐसे पेश किया, जैसे कि वह राजनेता नहीं हैं"।

पत्रिका आयरिश परीक्षक 2010 में वराडकर को "रूढ़िवादी" बताया, जबकि उसी वर्ष पत्रिका हॉट प्रेस ने उनकी नीतिगत स्थिति को "कट्टरपंथी अधिकार" के रूप में वर्णित किया। हालांकि उसी लेख में उन्होंने खुद को "केंद्र-दक्षिणपंथी" बताया। वराडकर की राजनीतिक उपलब्धियां कई हैं। जिस वक्त वे पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, ब्रिटेन ब्रेक्सिट लागू करने की तैयारी में था। आयरलैंड उसके साथ सीमापार व्यापार को लेकर चर्चा कर रहा था। वराडकर के नेतृत्व में आयरलैंड ने ब्रिटेन से बात की ताकि दोनों के बीच सीमा पार लोगों के आने-जाने को लेकर सख्त पाबंदियां न लगाई जाएं। इसके बाद जब 2020 में चुनाव हुआ वराडकर देश के नए डिप्टी प्रधानमंत्री चुने गए। देश इस समय कोविड महमारी से जूझ रहा था। कोविड के वक्त निभाई अहम जिम्मेदारी आयरलैंड अपने उस नेता को याद रखेगा।

# परिवेश विज्ञान

परिवेश क्या है? परितः वेष्टनम्। जिस दृश्य और अदृश्य से हमारा जीवन चारों ओर से परिवेष्टित है, घिरा हुआ है, जिस ज्ञात और अज्ञात से हमारा जीवन चारों ओर से लिपटा हुआ है, वह अपनी समग्रता में हमारा परिवेश है। यह परिवेश हमारे बाहर ही नहीं है, यह समग्र परिवेश हम में ओतप्रोत है। हम में समाया हुआ है। हमारे शरीर में भी और मन में भी। इसीलिए परिवेश को जानना-समझना अत्यंत आवश्यक है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह अंतरिक्ष, यह अनंत ब्रह्मांड मंडल, यह विराट प्रकृति हमारे जीवन से विच्छिन्न नहीं है। विराट प्रकृति अलग है और मनुष्य जीवन अलग है। ऐसा सोचना गलत है, असत्य और अवैज्ञानिक है। सच्चाई यह है कि विराट प्रकृति ही मनुष्य जीवन में अभिव्यक्त होती है। मनुष्य की जो शक्ति है, वह प्रकृति की ही शक्ति है। मनुष्य प्रकृति की ही रचना है। उसका समस्त जीवन-व्यवहार अंततः प्रकृति का ही व्यापार है, अंततः शब्द को ध्यान में रखिए। आकाश में ग्रह-नक्षत्र चल रहे हैं, धरती पर ऋतुचक्र चल रहा है, हवा बह रही है, बीज से वृक्ष बन रहा है, मेघ वर्षा कर रहा है, समुद्र तरंगित हो रहा है। तितली उड़ रही है, वैसे ही मनुष्य जीवन भी चल रहा है। यह सच है कि अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी एक प्राणी है, अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी जन्म लेता है, मरता है, खाता-पीता-सोता है, मूल-प्रवृत्तियों से संचालित होता है, लेकिन इससे भी बड़ा सच यह है कि मनुष्य शरीर, मन और मस्तिष्क की विशिष्टता के कारण अन्य प्राणियों से भिन्न भी है। जैसे चूहा बिल बनाता है, पक्षी नीड़ बनाता है, मकड़ी जाला बुनती है। उसी प्रकार मनुष्य भी अपने जीवन-परिवेश की रचना करता है विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश।

असीम अंतरिक्ष और अनंत ब्रह्मांड मंडल जीवन का विराट प्राकृतिक परिवेश है और इसका अध्ययन प्राकृतिक विज्ञान करते हैं। विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश मनुष्य की रचना है। मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों की रचना है। इस परिवेश को समझने के लिए हम इसे भौतिक और मनोवैज्ञानिक दो वर्गों में वर्गीकृत कर सकते हैं। देह और मन।

## एक नजर

### योगी ने की आध्यात्मिक गुरु जग्गी वासुदेव के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना



अमृत विचार, लखनऊ : आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव के जल्द स्वस्थ होने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने एक संदेश में कहा कि सद्गुरु जग्गी वासुदेव को सर्जरी से शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की हार्दिक शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को भारत रत्न बिस्मिल्लाह खां को उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा कि उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ने शहनाई वादन को साधना एवं आराधना के रूप में आत्मसात किया।

# इस सत्र में शुरू होंगे तीन नए एटीएस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जौनपुर में दो और अयोध्या में एक नए आश्रम पद्धति विद्यालय में होंगे दाखिले
- उपनिदेशक और जिला समाज कल्याण अधिकारी ने तीनों का किया निरीक्षण
- छात्रों का होगा दाखिला, आउटसोर्स से रखे जाएंगे 70 शिक्षक

**अमृत विचार :** नए शैक्षणिक सत्र से तीन नए आश्रम पद्धति विद्यालय शुरू हो जाएंगे। आश्रम पद्धति विद्यालय (एटीएस) का संचालन होने से जरूरतमंद बच्चे शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। विद्यालय के लिए 70 शिक्षक आउटसोर्स से रखे जाएंगे।

प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों का अभी संचालन हो रहा है। इनका संचालन समाज कल्याण विभाग के अधीन होता है। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। पिछले माह नए आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए बजट स्वीकृत हुआ था। जौनपुर में दो और अयोध्या में एक विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उपनिदेशक समाज कल्याण और जिला समाज कल्याण अधिकारी ने तीनों विद्यालयों का निरीक्षण कर रिपोर्ट निदेशक को भेज दी है।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि विद्यालयों में छात्रों के दाखिले के लिए शीघ्र आवेदन कराए जाएंगे। साथ ही 70 शिक्षकों को आउटसोर्स के माध्यम से रखा जाएगा। जबकि स्थायी शिक्षकों की नियुक्त के लिए अध्याचन आयोग को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि नए शैक्षणिक सत्र से विद्यालयों का संचालन शुरू हो जाए।

### एटीएस में दाखिले के लिए तय की परीक्षा तिथि

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में छात्र-छात्राओं के दाखिले के लिए 27 को होने वाली परीक्षा की तिथि बढ़ाकर 28 मार्च कर दी गई है। समाज कल्याण निदेश कुमार प्रशांत ने बताया कि 27 मार्च को बेसिक शिक्षा की परीक्षा होनी थी इसलिए तिथि एक दिन आगे बढ़ाई गई। उन्होंने बताया कि कक्षा छह के बच्चों के लिए किताब और ड्रेस खरीदने के लिए सभी जिलों को दो-दो लाख रुपये की धनराशि दी गई है।

# होली पर अनाधिकृत वाहनों और वस्तुओं की होगी धर-पकड़

## 1 अप्रैल तक चलेगा अभियान, प्रतिबंधित व विस्फोटक सामग्री पर रहेगी नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- होली पर यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए सभी बसों को सड़क पर उतारने के निर्देश

**अमृत विचार :** होली के पर्व पर सभी जिलों में अनाधिकृत वाहनों के रोकथाम के लिए संयुक्त चेकिंग अभियान गुरुवार से शुरु हो गया है। इतना ही नहीं सड़कों पर दौड़ी रहीं सभी बसों के भीतर भी गैरकानूनी वस्तुओं की चेकिंग के निर्देश हैं। यह अभियान 1 अप्रैल तक चलेगा। साथ ही यात्रियों की सुविधा को देखते हुए परिवहन निगम की सभी बसों को मेनटेंनेंस के साथ चलाने को कहा गया है।

चेकिंग अभियान के दौरान यह भी देखा जाएगा कि बसों में अवांछनीय, प्रतिबंधित व ज्वलन्तशील विस्फोटक सामग्री न ले जाई जा सके। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने भी सभी संभागीय व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को गुरुवार को निर्देशित किया है कि, होली के अवसर पर उप्र. के अंदर आने वाली व यहां से अन्य राज्य में जाने वाली अथवा राज्य के विभिन्न स्थानों से बहुतायत में संचालित होने वाले अनाधिकृत वाहनों से जहां एक ओर निगम की आय प्रभावित होती है, वहीं दूसरी ओर व्यापक कर चोरी से शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ यात्री सुरक्षा मानकों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता है।

वहीं, होली पर यात्रियों के भारी संख्या में आवाजाही की संभावनाओं को देखते हुए परिवहन निगम की सभी बसों को सड़क पर उतारने के निर्देश दे दिए गए हैं। इस क्रम में सभी क्षेत्रीय, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को शत-प्रतिशत बसों के संचालन के साथ-साथ बस अड्डों पर व्यापक यात्री सुविधा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### शत-प्रतिशत बसें होंगी ऑनरोड

उप्र. परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने गुरुवार को जारी एक सूचना में कहा कि 24 व 25 मार्च को मुख्य पर्व की तिथि से पूर्व व उसके बाद विभिन्न गन्तव्यों के लिए जनसामान्य का भारी संख्या में आवागमन देखते हुए यात्रियों को पर्याप्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से बसों को शत-प्रतिशत आनरोड करते हुए संचालन कराया जाएगा। इस कड़ी में प्रत्येक क्षेत्र सभी बसों की यांत्रिक एवं भौतिक दशा को मजबूत व ऑनरोड कराकर शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करेगा। सभी सक्षम चालक-परिचालक से संचालन का कार्य लिया जाएगा।


### अतिरिक्त बैठने की भी व्यवस्था

एमडी ने कहा कि एसी बसों के संचालन को निर्धारित कर आनलाइन बुकिंग, आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यात्रियों के बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था के साथ-साथ सभी बस अड्डों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

# भ्रामक कंटेट पर प्रतिक्रिया करने से बचे

## सोशल मीडिया से जनता तक तथ्यपरक जानकारी पहुंचाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सांइटिफिक कन्वेशन सेंटर में कार्यशाला की दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी को भगवान राम की मूर्ति भेंट करते एमएलसी पवन सिंह चौहान।

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के साइबर योद्धा होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि सभी भ्रामक कंटेट पर प्रतिक्रिया करने से बचे और सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक तथ्यपरक जानकारी पहुंचाएं। संगठन के बड़े पदाधिकारियों ने यह सलाह पार्टी की गुरुवार को संपन्न सोशल मीडिया प्रदेश कार्यशाला में दी।

राजधानी के अटल बिहारी वाजपेयी सांइटिफिक कन्वेशन सेंटर में कार्यशाला की शुरुआत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने की। इस मौके पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता और सोशल मीडिया संयोजक अंकित चंदेल मौजूद रहे। कार्यशाला में क्षेत्र एवं जिलो के सोशल मीडिया के संयोजक व सहसंयोजक और प्रभारी भी शामिल हुए। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि वर्तमान युग डिजिटल युग है जिसमें त्वरित जानकारी और त्वरित प्रतिक्रिया प्रत्येक व्यक्ति के पास उपलब्ध है। जलशक्ति मंत्री एवं लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक स्वतंत्र देव सिंह ने विचार रखा कि, आने वाले दिनों में विपक्ष अपने हथकंडो के साथ सोशल मीडिया पर भ्रम, झूठ, फरेब से नकारात्मक नेरेटिव क्रिएट करने का प्रयास करेंगे, लेकिन हम तथ्यों के आधार पर विपक्ष के झूठ को बेनकाब करने का काम करें।

- भाजपा की सोशल मीडिया प्रदेश कार्यशाला में संगठन के बड़े पदाधिकारियों ने दी सलाह

प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा कि आज सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म प्रतिदिन नए फीचर्स के साथ आ रहे है। ऐसे में पदाधिकारी होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम प्रत्येक अपग्रेड के लिए अपडेट रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से सोशल मीडिया के प्रदेश सहसंयोजक शशिकुमार एवं गौरव वार्ष्णेय और प्रदेश सोशल मीडिया टीम के सदस्य निखिल सिन्हा एवं शुभम मिश्रा मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन सौरभ मारोदिया ने किया।

### सकारात्मक लेखन करने वाले को कराएं सम्मानित : सुधांशु

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सकारात्मक लेखन कर रहे लोगों को स्थानीय जनप्रतिनिधि से सम्मानित कराएं। साथ ही भाजपा की उपलब्धियों को लोगों को बताएं। त्रिवेदी ने उक्त बात बख्शी तालाब स्थित एसआर इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में मीडिया कार्यशाला दौरान कही। उन्होंने दशरथ नंदन राम के जन्म का सही अर्थ बताया। साथ ही कहा कि भाजपा शासन में ही सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन, रक्षा क्षेत्र में मिसाइल के सटीकता से लक्ष्य भेदन का सफल परीक्षण आदि हुए। बताया कि प्रधानमंत्री ने अबकी बार 400 पार का नारा क्यों दिया है। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने सभी अथितियों को भगवन श्रीराम का विग्रह मूर्ति रूप देकर सम्मानित किया। पीयूष सिंह चौहान ने प्रदेश अध्यक्ष और डॉ. त्रिवेदी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संजय राय, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष विनय सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, हिमांशु दुबे, एसआर ग्रुप के वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने तय किए यूपी के प्रत्याशियों के नाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की दिल्ली में गुरुवार को हुई बैठक में प्रदेश की 17 लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों पर मंथन हुआ। पार्टी की ओर से प्रत्याशियों के नामों की औपचारिक घोषणा नहीं की गई। प्रत्याशियों की सूची जल्द जारी होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में ज्यादातर प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि अमेठी सीट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी के नाम पर सहमति बनी है। इसके अलावा वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, बाराबंकी से तनुज पुनिया, अमरोहा से दानिश अली अंसारी, कानपुर से आलोक मिश्रा, बासगांव से सदल प्रसाद सिंह, देवरिया से अखिलेश सिंह, झांसी से प्रदीप जैन आदित्य व सहारनपुर से इमरान मसूद के नाम तय किए गए हैं। मालूम हो कि दानिश अली अंसारी हाल ही में बसपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि पार्टी जल्द ही सूची की औपचारिक घोषणा करेगी। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद पार्टी पर सूची शीघ्र जारी करने का दबाव बना हुआ है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों की ओर से केंद्रीय नेतृत्व को कहा गया है कि प्रत्याशियों की सूची शीघ्र जारी की जाए ताकि प्रत्याशी चुनाव की तैयारी समय से शुरू कर सकें।




गुरुवार को पार्टी मुख्यालय पर जनता दल लोकतांत्रिक की महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह समेत पदाधिकारी महिलाएं और फिल्म अभिनेता समेत दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ली। अमृत विचार

## रालोद में फिल्म अभिनेता समेत दर्जनों महिलाएं हुईं शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनता दल लोकतांत्रिक की महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह समेत पदाधिकारी महिलाएं और फिल्म अभिनेता आदि दर्जनों लोगों ने गुरुवार को राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष रामशीष राय और राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की मौजूदगी में सभी ने लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को 400 पार कराने का संकल्प लिया। पार्टी का गमछा व माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराने के बाद राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि रालोद की विचार धारा लोगों को दिल से जोड़ती है, पार्टी का जनाधार बढ़ता जा रहा है। उक्त क्रम में ही जनता दल लोकतांत्रिक की महिला पदाधिकारी बीना गुप्ता, सुशीला मदान, हरजीत भल्ला, चरणजीत भल्ला, मोना अरोडा, कुसुम यादव, फिल्म अभिनेता व समाज सेवक नितिन नाथ ने पार्टी की सदस्यता ली है। साथ ही मुस्लिम समाज के दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह ज्वाइनिंग कमेंटी के रजनीकांत मिश्रा, वसीम हैदर, अम्बुज पटेल, बीएल प्रेमी, सम्राट सिंह चौहान व महेश पाल धनगर आदि तमाम लोग मौजूद रहें।

### वर्ग पहेली-17



**बाएं से दाएं**

2. 1. मानव मुख से नि :सृत सार्थक शब्द, ध्वनि 2. बोलने या बातचीत करने की शक्ति, वाचा 3. मुंह के अंदर का वह लंबा चपटा मांस पिंड जिससे रसों का आस्वादन और उसकी सहायता से शब्दों का उच्चारण होता है, जिह्वा 4. विद्या और वाणी की अधिष्ठात्री देवी, सरस्वती।

4. 1. अकथित, अनुक्त, अनभिव्यक्त 2. अवर्णित, अनुल्लिखित।

6. 1. पेड़ की टहनी या बांस आदि का किसी लंबी वस्तु के दबाव आदि से झुकना या मुड़ना, लचना 2. नखरे-नज़ाकत से स्त्रियों की कमर का बल-खाना।

7. पिया जाने वाला पदार्थ, पेय पदार्थ

8. 1. ढुलकने वाली वस्तु या चीज़, बेलन, बेलना 2. एक प्रकार का वाहन जिसका उपयोग भूमि समतल करने के लिए किया जाता है 3. बालों को घुंघराले करने का एक उपकरण।

9. 1. बादलों का समूह, मेघमाला 2. (संगीत) मेघ राग की एक रागिनी।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहां दवाओं का निर्माण अथवा बिक्री होती है

3. 1. मोहित करना, रिझाना 2. मन में अपने प्रति चाह उत्पन्न करना, ललचाना 3. बहकाना।

4. 1. अकड़ने की क्रिया या भाव, ऐंठ, तनाव 2. घमंड, अहंकार, दर्प, हेकड़ी 3. ठंड आदि के कारण अंगों में होने वाली अकड़ाहट, कड़ापन, तनाव 4. स्वाभिमान, गर्व 5. ज़िद, हठ, ढिठाई 6. हिमाकत। (मु.)-जाना : ज़िद या हठ पर अड़ जाना, सूखकर कड़ा हो जाना। -दिखाना : अभिमान प्रदर्शित करना।

5. 1. कार्य पूरा करने का साधन, अभीष्ट सिद्ध करने का साधन, प्रयास 2. उपाय, उद्योग, युक्ति, तरकीब 3. प्रबंध, इंतज़ाम 4. सुझाव।

7. पिटारी, छोटी पिटारी।

### वर्ग पहेली -16 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 सु | | | | 2 दृ | ध |
| 3 खु | र | खु | रा | ना | | |
| | धा | | | | | |
| 4 आ | मि | ष | भो | 5 जी | | 6 ध |
| | नी | | | वां | | नु |
| 7 मी | | | | 8 त | 9 लु | आ |
| 10 त | ली | | 11 अं | क | क | |

### सुडोकू -96

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 6 | | 8 | 5 | | |
| | 2 | | 9 | | | 4 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 6 | | 7 | 8 | | | | 3 | |
| | | 2 | | | | 7 | | 9 |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| | | 8 | | 5 | 2 | | | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 9 | 4 | | 6 | | | 7 |

### सुडोकू -95 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |

# रोस्टर से चलेंगे बंद प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गांवों में 16-16 लाख रुपये से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत बने अपशिष्ट प्लास्टिक प्रबंधन केंद्र शोपीस बने हैं। करीब 55-50 केंद्रों में ज्यादातर संचालित नहीं हो पाएं हैं। इससे गांवों के साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने की कवायद अधूरी है।

केंद्र के साथ राज्य सरकार ने अधिकांश यूनिट निर्मित होने के बाद क्रियाशील न होने पर नाराजगी जताई है। निर्देश के क्रम में पंचायती राज विभाग रोस्टर बनाकर गांव-गांव अपशिष्ट प्लास्टिक एकत्र करेगा और बराबर यूनिट संचालित कर निस्तारण करेगा। साथ ही सफाई कर्मी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जो सप्ताह में लक्ष्य के अनुसार प्लास्टिक एकत्र कर कलेक्शन सेंटर पर पहुंचाएंगे और वहां से यूनिट पर भेजेंगे। इस कार्य का एक सफाई कर्मी व ग्राम पंचायत का रजिस्टर बनेगा। जिस पर उपस्थिति से लेकर पूरे कार्य का ब्योरा दर्ज किया जाएगा। विकास खंड पर प्लास्टिक कलेक्शन सेंटर बनाया जाएगा। निर्माण 15वें वित्त की टाइट ग्रांट से होगा।

### सड़क निर्माण के लिए बेचनी है प्लास्टिक

इस योजना का मकसद गांवों घरों से फेंकी जाने वाली अपशिष्ट प्लास्टिक का निस्तारण कर गांवों को स्वच्छ रखना है। साथ ही प्लास्टिक का यूनिट में निस्तारण कर इसके दाने बनाकर सड़क निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग व ठेकेदारों को बिक्री करना है। इसका मिश्रण डामर में प्रयोग होता है। इससे बनी सड़कें ज्यादा टिकाऊ होती हैं। बिक्री से मिलने वाली धनराशि ग्राम पंचायत की आय है।

# शाइस्ता और जैनब के छिपे होने के इनपुट पर आधी रात पड़ा छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आधा दर्जन थानों की पुलिस ने प्रयागराज के चकिया और हटवा क्षेत्र को घेरा

**अमृत विचार :** उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन और उसकी देवरानी जैनब उर्फ रूबी के शहर आने की सूचना पर बुधवार की देर रात सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही आधा दर्जन थानों की फोर्स लेकर पहुंचे पुलिस अफसरों ने आधी रात प्रयागराज के चकिया और हटवा में छापा मारना शुरू कर दिया। इस दौरान चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। रास्तों से गुजरने वाली हर लग्जरी कार को रोककर चेकिंग की गई। रात 12:00 बजे शुरू हुआ सर्च ऑपरेशन सुबह चार बजे तक चलता रहा।

माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन उमेश पाल हत्याकांड में नामजद अभियुक्त है। उधर उसके देवर अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा उर्फ रूबी की भी पुलिस तलाश कर रही है। दोनों उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार हैं। प्रयागराज पुलिस के साथ ही एसटीएफ भी उनकी तलाश में लगी हुई है।

बुधवार रात 11:30 बजे के करीब मिले एक खुफिया इनपुट ने पुलिस अफसरों की नींद उड़ा दी। बताया गया कि शाइस्ता परवीन और जैनब किसी से मिलने शहर में पहुंची हैं। इसके बाद आधे घंटे के भीतर तमाम अफसर धूमनगंज पहुंच गए। यहां आधा दर्जन थानों की फोर्स भी बुला ली गई। रात करीब 12:00 बजे भारी पुलिस बल ने पहले हटवा गांव में छापा मारा। पुलिस फोर्स अतीक के करीबियों के घर के आसपास पहुंची और वहां रहने लोगों से पूछताछ की। गांव की ओर आने वाली हर लग्जरी कार को रोककर तलाशी ली गई। हटवा से होते हुए पुलिस फोर्स चकिया पहुंची। यहां भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया।


पुलिस फोर्स अतीक के मलबे में तब्दील हो चुके पैतृक मकान पर भी पहुंची और तलाशी ली। बताते चलें कि शाइस्ता परवीन पिछले साल 16 अप्रैल को आखिरी बार शहर में देखी गई थी। अतीक और अशरफ की हत्या के अगले दिन वह माफिया के करीबी जफरुल्लाह के खुल्दाबाद स्थित घर पर पहुंची थी।

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी पूर्ण रात्रि।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 23 मार्च 04.28 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** – आज आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम शुरू कर सकते हैं। महिलाओं को यात्रा आदि के दौरान कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर से काम का बोझ कम होगा। भाई-बहनों के मध्य प्रेम भाव बढ़ेगा।

**वृष** – आज व्यापार को गतिशील रखने के लिए बड़ा निवेश करना पड़ेगा। घर के लोगों से नाराजगी हो सकती है। माइग्रेन के रोगियों को भोजन समय पर कर लेना चाहिए। मित्रों के साथ अनबन होने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** – आज स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर रहेगा। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। दूसरे शहरों में रहने वाले लोग अपने शहरों की यात्रा कर सकते हैं। नई संपति की खरीदी करने का विचार बना सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी जिसका परिणाम सार्थक ही होगा। आडंबर और दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में आपको प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी टक्कर मिलेगी।

**सिंह** – आज कारोबार में आपको बड़े अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। युवा अपने करियर को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। आप सबके साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे जिससे आप सबके चहेते बन जाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या** – आज जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। कानून विरुद्ध जाकर भी कोई काम करना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऑफिस कनिष्ठों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आज तय समय पर अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। व्यापार में अचानक धन लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज पुरानी संपति के विक्रय के अचानक योग बन रहे हैं। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। धन के लेनदेन में चूक हो सकती है। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। व्यक्तिगत समस्याओं का असर आपके काम पर भी पड़ सकता है।

**धनु** – आज घर में मेहमान आ सकते हैं। मनोरंजन युक्त चर्चाओं का आनंद उठाएंगे। परिजन आपका सम्मान करेंगे। धर्म को लेकर मन में कुछ गलत बातें मन में आ सकती हैं। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं।

**मकर** – आज दूसरों के कार्यों में अनर्गल हस्तक्षेप न करें। कोई महत्वपूर्ण कार्य स्थगित हो सकता है। अपनी क्षमताओं का दुरुपयोग न करें। वैवाहिक संबंधों को लेकर थोड़े भावुक रहेंगे। आपको लंबी यात्रा करने से बचना चाहिए।

**कुंभ** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को मीडिया में प्रसिद्धि मिल सकती है। समझदारी पूर्वक लिए गए निर्णय भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। यात्रा को लेकर अपनी योजना बदल सकते हैं।

**मीन** – आज कुछ लोग आपकी खुशियों और सफलता से ईर्ष्या करेंगे। रक्तचाप के रोगियों को थोड़ी भी असहजता महसूस हो तो कृपया तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। महिला वर्ग अपने काम को लेकर कुछ तनाव में हो सकता है।

### आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U MOVIES | नजर के सामने | सुबह : 11.00 |
| B4U MOVIES | तकदीर का तमाशा | रात : 07.00 |
| SONY MAX | पटेल की पंजाबी शादी | सुबह : 10.52 |
| SONY MAX | आशिकी | रात : 07.00 |
| SONY PIX | टैक्सी ड्राइवर | सुबह : 09.55 |
| SONY PIX | स्पाइडर मैन 2 | रात : 09.00 |
| ZEE CINEMA | तरला | सुबह : 10.05 |
| ZEE CINEMA | जब हैरी मेट सेजल | रात : 08.30 |
| colors CINEPLEX | महान | सुबह : 10.30 |
| colors CINEPLEX | दिल | रात : 07.04 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

# अयोध्या मुद्दे से मिशन-80 को हकीकत में बदलने की तैयारी

## 40 साल पहले कांग्रेस के नाम 83 सीटें जीतने का करिश्मा

## अब प्रदेश की सभी सीटें जीतने का भाजपा बना रही माहौल

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** कांग्रेस के पक्ष में 40 साल पहले की सहानुभूति लहर से इसबार अयोध्या मुद्दे की बराबरी करना बड़ी चुनौती होगी। तब कांग्रेस ने देश की कुल 518 सीटों में 415 और उत्तर-प्रदेश (उत्तरांचल सहित) की कुल 85 मे से 83 लोकसभा सीटें जीतने का रिकार्ड बनाया। अब भाजपा और संघ अयोध्या मुद्दे से मिशनः 80 को हकीकत में बदलने का माहौल बनाने में जुटी हैं। मगर हर नारा हकीकत में बदले, यह मुमकिन नहीं।

देश के लिए 1984 का दौर बहुत कठिन था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर, 1984 को नई दिल्ली के सफदरगंज रोड स्थित उनके आवास पर सुबह 9:30 ताबड़तोड़ गोलियां दागकर हत्या कर दी गई थी, पूरे देश में गम और गुस्सा का माहौल था। राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने के दो महीने के भीतर ही 1984 का लोकसभा चुनाव हुआ। दिसंबर 1984 में लोकसभा की 542 में 515 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव एक साल बाद सितंबर 1985 में हुए। इन चुनावों में कांग्रेस को 542 में से 415 सीटों पर जीत मिली थी। इतिहास में पहली बार कांग्रेस को मिले वोटों का प्रतिशत 49.1 प्रतिशत पहुंचा। विपक्ष को जमानत बचानी मुश्किल हो गई, भाजपा दो सीटों पर सिमट गई, भाजपा के लगभग 50 फीसदी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। उसे प्राप्त वोटों का प्रतिशत 7.74 रहा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को इस चुनाव में 22 सीटों के साथ 5.87 फीसदी वोट मिले थे। भारतीय कम्युनिस्ट (भाकपा) 2.71 प्रतिशत वोट पाकर 6 सीटों पर जीती थी। 1984 के कांग्रेस के करिश्मे को आज तक कोई नहीं दोहरा पाया है।

लेकिन अगले पांच साल बाद से लेकर देश की राजनीति में इतने बदलाव आए कि अब 2024 के लोकसभा चुनाव में पांच सदी की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर का उद्घाटन लहर बना रहा है। भाजपा और संघ इसे भारत की अस्मिता और गौरव से जोड़कर पूरे देश में मतों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश में जुटे हैं।

सवाल उठता है कि क्या भाजपा उप्र. की सभी 80 सीटें जीतने के संकल्प को पूरा कर पाएगी? चुनाव विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा नीत राजग तब की सहानुभूति लहर से इतर मनमोहन सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की मदद से 2014 में उप्र. 73 सीटें हासिल कर चुकी है। यही नहीं 2019 में कांग्रेस को 1984 में मिले मत प्रतिशत को भी पीछे छोड़ चुकी है। ऐसे में मिशन 80 कठिन जरूर है, पर नामुमकिन कतई नहीं है।

### रालोद और सुभासपा भी है अब एनडीए का हिस्सा

समाजवादी पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पांच सीटें हासिल की थीं। तब बसपा और रालोद के साथ गठबंधन था। पश्चिम में सपा की मददगार रही रालोद एनडीए का हिस्सा हो गया है। बसपा फिलहाल अकेले चुनाव लड़ रही है। 2019 के बाद से पूर्वांचल में सपा की मजबूत मददगार रही सुभासपा भी एनडीए का हिस्सा बन गई है। नोनिया चौहान बिरादरी में पकड़ रखने वाले दारा सिंह चौहान फिर भाजपा में लौट आए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान दारा सिंह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे।

### बसपा का एकला चलो कहीं फायदा तो कहीं नुकसान

राजग व इंडिया गठबंधन की आमने-सामने की लड़ाई में बसपा का अकेले मैदान में होना कई जगह लड़ाई को त्रिकोणीय बनाएगा। बसपा के टिकटों के लिहाज से इस त्रिकोण का ज्यादा लाभ एनडीए के खाते में जा सकता है।

### कांग्रेस परिवार से प्रत्याशी आए तो मजबूत किलेबंदी

अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस इस बार भी कड़ी टक्कर दे सकती है, यदि गांधी परिवार से प्रत्याशी आए। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा को पांच, बसपा को 10 और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी परंपरागत सीट अमेठी तक केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन इरानी से हार गए थे। सिर्फ रायबरेली से सोनिया गांधी एक मात्रा कांग्रेस से जीत सकीं थी। पिछले विधानसभा चुनाव तक इन जिलों में कांग्रेस के भी विधायक हुआ करते थे। वर्तमान में पार्टी का एक भी विधायक नहीं है। ऐसे में सपा से गठबंधन के बाद कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली में भी सपा के विधायकों से बड़ी उम्मीद रही होगी। मगर, भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में सपा के असरदार माने जाने वाले दो विधायकों-पूर्व मंत्री मनोज पांडेय और राकेश प्रताप सिंह को अपने पाले में लाकर तहलका मचा दिया। पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की पत्नी महाराजी प्रजापति वोट देने ही नहीं पहुंचीं। ऐसे में कांग्रेस के लिए अब अमेठी और रायबरेली से गांधी परिवार को उतारना किसी चुनौती से कम भी नहीं है।



### हिंदू मतों के ध्रुवीकरण पर टिकी भाजपा की आस


चुनाव मैदान में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भावनाओं का उभार साफ दिख रहा है। ज्ञानवापी और मथुरा का प्रचार भी खूब हो रहा है। सीएए से ध्रुवीकरण करने की पूरी कोशिश दिख रही है। साथ ही सरकारी धन खर्च करके मोदी की गांरटी रथ के जरिए लाभार्थियों से सीधा संवाद करके गरीब-पिछड़ों को जमकर साधा गया। साथ ही इसबार विपक्ष में कांग्रेस-सपा का 2019 के मुकाबले सपा-बसपा-रालोद गठबंधन से कमजोर हालत में दिख रहा है। ऐसे में 80 में 80 न सही, लेकिन 1984 में जिस तरह 85 में 83 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं, उस तरह का परिणाम नजर आए तो चौंकना भी नहीं चाहिए।

## राजीव गांधी ने ही दिखाई थी सियासत को रामपथ की राह

- 1989 के लोकसभा चुनाव का अभियान अयोध्या से शुरू किया था और मुद्दा बनाया था रामराज्य


इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** राजनीति की प्रयोगशाला के तौर पर अयोध्या कोई पहली बार अब वोट की सियासत के केंद्र में नहीं आई है। इससे पहले भी राम की अयोध्या ने इस तरह के सियासी मेले और झमेले देखे हैं। आज भले ही भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव की पटकथा अयोध्या से लिखने के प्रयास में दिख रही हो, लेकिन देश की सियासत को रामपथ की राह दिखाने का काम राजीव गांधी ने किया था। 1989 के लोकसभा चुनाव के अभियान की शुरुआत उन्होंने न सिर्फ अयोध्या से की थी, बल्कि रामराज्य को उस चुनाव का मुद्दा भी बना दिया था। यह अलग बात है कि कांग्रेस इस मामले में चूक गई और उसे बहुमत नहीं मिला। केंद्र में बीपी सिंह की भाजपा और कुछ अन्य दलों की समर्पित सरकार बन गई। दरअसल देश के सियासी एजेंडे में राम मंदिर और अयोध्या खुल करके आया वर्ष 1986 में जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की वीर बहादुर सिंह सरकार थी। इसी साल फैजाबाद (अब अयोध्या) के जिलाधिकारी और एसएसपी के बयान और सहमति के आधार पर तत्कालीन जिला जज की अदालत ने विवादित रामजन्मभूमि का ताला खोल दिया था। लोकसभा का 1989 का चुनाव आया तो कांग्रेस ने अयोध्या से ही चुनाव अभियान की शुरुआत की। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की कैंटोनमेंट मैदान में पहली चुनावी रैली हुई। यहीं से राजीव गांधी ने अपने भाषण में देश में रामराज्य लाने की बात कही और मन्दिर/मस्जिद विवाद के मामले में कहा कि इसको सभी पक्षों की सहमति से हल करने का प्रयास किया जाएगा। एक तरफ जहां कांग्रेस ने यह दांव खेला वहीं दूसरी तरफ पहले से ही रामजन्मभूमि का मुक्ति का आंदोलन चला रही भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस ने कांग्रेस से इस मुद्दे को छीन लेने के लिए प्रस्तावित राम मंदिर के शिलान्यास की घोषणा कर दी। 1989 लोकसभा का आम चुनाव 22 व 26 नवंबर को होना था। इससे पहले 9 नवंबर 1989 को विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में रामजन्मभूमि मन्दिर का शिलान्यास कर दिया। जिसमें तमाम राजनीतिक हस्तियों सहित हजारों की तादात में साधु-संत शामिल हुए और राम मंदिर की नींव की पहली ईंट विहिप से जुड़े तबके एक दलित युवक कामेश्वर चौपाल के हाथों रखवाई गई। इसके पीछे भाजपा और विहिप की मंशा कांग्रेस के परंपरागत दलित वोट को छीन लेना भी था। और चुनाव परिणाम जब आये तो ऐसा दिखा भी। कांग्रेस सबसे बड़ा दल जरूर बनी लेकिन बहुमत से बहुत दूर रही। तब दूसरी सबसे बड़ी पार्टी जनता दल जो राष्ट्रीय मोर्चा का नेतृत्व करती थी, उसे अवसर दिया गया और वीपी सिंह देश के प्रधानमंत्री बन गए। तब उनके नेतृत्व की सरकार को भारतीय जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों ने बाहर से समर्थन दिया था। कांग्रेस के रणनीतिकारों में शुमार रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी आत्मकथा में बताया है कि दरअसल, 1989 के चुनाव अभियान की शुरुआत कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान के नागौर से करना तय किया था। कारण यह था कि 1949 में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने गांधी जयंती के मौके पर इसी नागौर से ही पंचायती राज व्यवस्था लागू की थी। कांग्रेस पार्टी ने 1989 के चुनाव का मुख्य मुद्दा भी पंचायत राज ही तय कर रखा था। लेकिन हुआ ठीक इसके उलट। न तो पंचायत राज के मुद्दे को लेकर कांग्रेस चुनाव में आगे आई और न ही चुनाव अभियान का श्रीगणेश नागौर से किया गया। मणिशंकर अय्यर अपनी आत्मकथा में आगे कहते हैं कि राजीव गांधी की फैजाबाद की पहली चुनावी रैली के भाषण का जो नोट्स था उसमें भी राम मंदिर या रामराज्य का बिंदु नहीं था। उनका कहना था कि राजीव गांधी के कुछ करीबी सलाहकार और खासकर शीला दीक्षित की राय पर अयोध्या से चुनाव अभियान का श्रीगणेश करने और पंचायती राज की जगह रामराज्य को मुख्य मुद्दा बनाया गया। मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि काश ऐसा न हुआ होता तो 1989 में कांग्रेस भले ही सरकार न बना पाती लेकिन सीटें इतनी कम न होतीं। कांग्रेस की यह रणनीतिक चूक थी। अब 2024 के आम चुनाव में भाजपा की कोशिश तो राम मंदिर के निर्माण को केंद्र में रखकर चुनाव मैदान फतह करने की लगती है। लेकिन वहीं बहुत सारे सियासी पण्डितों और राजनीतिक विश्लेषकों को लगता है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर बन रहे राम मंदिर का मुद्दा चुनाव का मुख्य मुद्दा नहीं बन पाएगा, लेकिन इसका पर्याप्त प्रभाव चुनाव परिणाम पर असर जरूर डालेगा।



## चुनाव कमाल का...

- देश में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या हर चुनाव के बाद बढ़ती ही जा रही है। नेशनल इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2004 में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या 128 थी जो वर्ष 2009 में 162 और 2014 में 185 और वर्ष 2019 में बढ़कर 233 हो गई। जहाँ एक ओर वर्ष 2009 में गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या 76 थी, वहीं 2019 में यह बढ़कर 159 हो गई। इस प्रकार 2009-19 के बीच गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या में कुल 109 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट में गंभीर आपराधिक मामलों में बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के विरुद्ध अपराध आदि को शामिल किया गया है।






मैं वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करूंगा। इसके लिए काफी उत्साहित हूं। लोकतंत्र के पर्व में सभी को अपने मतदान का उपयोग करना चाहिए। लेकिन सोच समझकर ही मतदान करूंगा। मतदान के द्वारा ही हम अपने मन के प्रत्याशी का चयन कर सकते हैं। शिक्षा और बेरोजगारी पर जो बात करेगा, उसे ही मतदान करेंगे।

**अभिमन्यु सोनी पुत्र दीपक सोनी**
गुदड़ी मोहल्ला, विधानसभा क्षेत्र सदर बहराइच।

## होली के रंग में भंग डाल सकती है चुनाव की आचार संहिता

- नेताजी को महंगी पड़ सकती है होली की दावत
- हिदायतः चुनावी गतिविधियों पर रखे पैनी नजर

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** सावधान हो जाइए। होली है, लेकिन आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। नेताजी को इस बार दावत देना महंगी पड़ सकता है। यह वोट के लिए प्रलोभन और उकसाने के दायरे में होगा। कार्रवाई हो सकती है। आयोग से ऐसी गतिविधियों पर नजर रखने के आदेश हैं। तीसरी नजर देख रही है। जिले में निगरानी टीमें सक्रिय हैं। हिदायत है ऐसी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सियासी दलों में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की होड़ लग गई है। ऐन-केन प्रकारेण चुनाव फतह की रणनीति है। वोट के लिए अंदरखाने में तरह-तरह की रणनीति बनाए जाने की खबर है। चुनाव के ठीक पहले होली पड़ गई। गिफ्ट और दावत देकर मतदाताओं को पक्ष में करने का प्रयास हो सकता है। चुनाव से इतर होली पर जश्न मनाने, नेताजी के साथ दावत उड़ाने की परंपरा पुरानी है, लेकिन इस बार ये महंगा पड़ सकता है। आयोग की जारी गाइडलाइन के अनुसार चुनाव के दौरान किसी भी मतदाता को रुपये, शराब या उपहार सहित दूसरे प्रलोभन के जरिए वोट लेने की कोशिश, पक्ष या विपक्ष में मतदान करने के लिए उकसाना या प्रेरित करना, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। इसके लिए दंड भी भुगतना पड़ सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि जिले में धारा 144 लागू है। आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। ऐसे में किसी भी मतदाता को वोट के लिए प्रलोभन देना दंडनीय अपराध है। होली में शराब, पैसा या गिफ्ट देना इसके दायरे में होगा। निगरानी टीमें लगाई गई है। पकड़े जाने पर विधिक कार्रवाई होगी।

### गतिविधियों पर नजर रखेंगी 15 टीमें

जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए विधानसभा वार 15 टीमें लगाई है। इनको सक्रिय कर दिया गया है। यह होली के दौरान ऐसी गतिविधियों पर नजर रखेंगी। जिला निवार्चन अधिकारी नितीश कुमार ने शिकायत पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

### उल्लंघन पर हो सकती है 1 साल की सजा

आदर्श आचार संहिता के दौरान पक्ष या विपक्ष में वोट करने या न करने के लिए प्रलोभन देकर उकसाना या प्रेरित करना, मतदाता को रुपये, शराब या उपहार का प्रलोभन देना, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 के तहत अपराध है। इसका उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 171 के तहत एक वर्ष की जेल हो सकती है।

### कंट्रोल रूम में करें शिकायत

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कोई भी व्यक्ति जिला प्रशासन से बनाए गए कंट्रोल रूम के फोन नंबर-05278-297499 पर शिकायत कर सकता है। कार्रवाई होगी।

## उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के 10 नाम तय

- राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, हरिद्वार से हरीश रावत, गुड़गांव से राज बब्बर, जालंधर व श्रीगंगानगर से चन्नी की उम्मीदवारी पर विचार

**ब्यूरो, नई दिल्ली अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के नामांकन शुरू होने के दूसरे दिन भी भाजपा एवं कांग्रेस कई उम्मीदवारों पर देर शाम तक मंथन करती रही। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं गृहमंत्री अमित शाह ने पार्टी उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्रीय चुनाव समिति का ठप्पा लगने के बाद सूची जारी होगी। इसी तरह गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी से विचार विमर्श कर उत्तर प्रदेश के 10 नाम तय कर दिए, घोषणा बाद में होगी। मध्य प्रदेश से दिग्विजय सिंह, उत्तराखंड से हरीश रावत, जालंधर से चरणजीत सिंह चन्नी व हरियाणा से राज बब्बर की उम्मीदवारी पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक कानपुर से आलोक मिश्रा, झांसी से प्रदीप जैन, बाराबंकी से तनुज पूनिया, बनारस से अजय राय, फतेहपुर सीकरी से रामनिवास सिकरवार, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह, बांसगांव से सजल प्रसाद, सहारनपुर से ईमरान मसूद की दावेदारी को केंद्रीय चुनाव समिति ने अंतिम रूप दे दिया है। उत्तर प्रदेश की अमेठी एवं रायबरेली सीट पर सबसे ज्यादा परेशानी आ रही है। वहां के लोगों ने केंद्रीय चुनाव समिति के समक्ष प्रियंका गांधी को किसी एक सीट से उम्मीदवार बनाने की मांग की है। जबकि प्रियंका ने चुनाव लड़ने से परहेज कर देशव्यापी चुनाव अभियान में मुख्य भूमिका निभाने का फैसला लिया है।

## लखनऊ की पूर्वी सीट पर रस्साकशी

- किसका होगा टिकट और कितनों का गिरेगा विकेट
- चुनावी पिच पर भाजपा और सपा के पदाधिकारियों ने शुरू की भागदौड़
- आशुतोष टंडन गोपाल की मृत्यु के बाद पूर्व विधानसभा की सीट है रिक्त



आशुतोष टंडन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा के साथ ही विधानसभा के उपचुनाव की रणभेरी भी बज चुकी है। पूर्व विधानसभा रिक्त है और भाजपा के कई पदाधिकारी इस सीट पर भाग्य आजमा कर विधानसभा पहुंचने की जुगत में है। हालांकि अभी भाजपा, कांग्रेस, बसपा व इंडिया गठबंधन के किसी दल ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

लखनऊ पूर्व की विधानसभा सीट आशुतोष टंडन गोपाल की मृत्यु के बाद खाली हो गई थी। इस सीट पर भी 20 मई को मतदान होना है। इस विधानसभा का अभी तीन वर्ष का कार्यकाल शेष है। उपचुनाव को लेकर भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी टिकट की दौड़ में शामिल हो गए हैं। उपचुनाव के लिए पार्टियां जल्द ही उम्मीदवार घोषित कर सकती है। सत्ताधारी दल भाजपा की ओर से कई नेता टिकट के लिए ताल ठोंक रहे हैं। पूर्व मंत्री कलराज मिश्र के पुत्र अमित मिश्र, ओपी श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा, संजय सिंह और अमित टंडन आदि के नाम चल रहे हैं।

कुछ महिला पदाधिकारी भी इस दौड़ में शामिल हैं। हालांकि अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है मगर लोग दिल्ली दरबार तक दौड़ लगा रहे हैं। पार्टी उपचुनाव हर कीमत पर जीतना चाहती है इसलिए चेहरा भी सोच समझकर चुना जाएगा। सूत्रों की मानें तो प्रत्याशी चयन में महानगर भाजपा के पदाधिकारियों से भी राय ली जा सकती है। चेहरे तय करने से पहले मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय सांसद से भी सलाह ली जाएगी। अभी तक पैनल में किसी का नाम नहीं भेजा गया है। माना जा रहा है कि होली के बाद इस पर कवायद शुरू होगी। इस सीट के लिए अभी कांग्रेस और बसपा ने अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। जबकि समाजवादी पार्टी से टिकट के लिए आशुतोष वर्मा, रमेश श्रीवास्तव और अनुराग भदौरिया का नाम चल रहा है।

### नगाड़ा बजवाया और घोड़ा दौड़ाया तो पड़ेगा भारी

**गोंडा, अमृत विचार।** अभी तक नगाड़ा बजवाना, घोड़े से प्रचार करना खर्च में शामिल नहीं था। अक्सर प्रत्याशी जब नामांकन करने जाते थे तो उनके साथ नगाड़ा या अन्य बजाने का साधन रहता था। किसी का यदि चुनाव चिह्न होता था तो भी उम्मीदवार खर्च से बच जाते थे। लेकिन आयोग ने नगाड़ा या ढोल बजवाने पर 500 रुपए का खर्च उम्मीदवार के खर्च में जुड़ेगा। इसी तरह घोड़े का प्रयोग करने पर या उससे प्रचार करने पर भी घोड़े का भी 1100 रुपए का खर्च जुड़ेगा। चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशी अक्सर भ्रमण के दौरान वोट मांगते समय छोटे बच्चों को पुचकारते व दुलारते दिख जाते हैं। कभी उन्हें टाफी, चाकलेट या अन्य वस्तुएं देते दिख जाते थे। इससे प्रचार में उन्हें बल भी मिलता था, लेकिन अब ऐसा नहीं कर सकेंगे। ऐसा करेंगे तो बाल संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन माना जाएगा।

## सपा के सामने राजा भैया का विजय रथ रोकने की चुनौती

### 4 बार से हैं सांसद, पिछले दो चुनावों में बड़े अंतर से मिली है जीत

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** 18 वें लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा ने गोंडा संसदीय सीट पर अपना पत्ता खोल दिया है। एक बार फिर से वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया पर भरोसा जताया है। कीर्तिवर्धन सिंह इसके पहले वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में पार्टी प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल कर चुके हैं। इस बार वह हैट्रिक पर हैं और चुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। उनके पास राम मंदिर निर्माण के साथ मोदी की गारंटी भी है। जिसके दम पर वह पूरे आत्मविश्वास में हैं।

राजा भैया के साथ गौरा विधायक प्रभात वर्मा, मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री भी लगातार मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के सामने भाजपा के विजय रथ को रोकने की बड़ी चुनौती है। सपा ने इस बार यहां से नए चेहरे श्रेया वर्मा पर दांव लगाया है। श्रेया खुद भले ही राजनीति में नई हों लेकिन राजनीति से उनका पुराना तालुल्क रहा है। श्रेया के बाबा स्व बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे हैं और उनकी गिनती प्रदेश के बड़े नेताओं में की जाती रही है। स्व बेनी प्रसाद वर्ष 2009 में गोंडा संसदीय सीट से कांग्रेस पार्टी के सांसद रह चुके हैं।

श्रेया की जीत का गणित सजातीय मतदाताओं की बड़ी तादात व बाबा के नाम पर टिका है। श्रेया के साथ सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा सिंह, पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला, पूर्व मंत्री स्व पंडित सिंह के भतीजे व सदर सीट से सपा प्रत्याशी रहे सूरज सिंह पूरे दमखम के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हैं। घर घर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं। सहयोगी दल कांग्रेस भी सपा प्रत्याशी के पक्ष में जोर लगा रही है। सपा की श्रेया वर्मा के सामने भाजपा के विजय रथ को रोकने की बड़ी चुनौती है। उनकी यह चुनौती राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी के सामने कितना असर दिखा पाती है यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।



कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा



श्रेया वर्मा, सपा

### पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन

**2019 का चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | दल | वोट |
|---|---|---|
| कीर्तिवर्धन सिंह | बीजेपी | 5,08,190 |
| पंडित सिंह | सपा | 3,41,830 |
| कृष्णा पटेल | कांग्रेस | 25,686 |

**2014 चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी | दल | वोट |
|---|---|---|
| कीर्ति वर्धन सिंह | बीजेपी | 359643 |
| नंदिता शुक्ला | सपा | 199227 |
| अकबर अहमद डंपी | बसपा | 116178 |
| बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस | 102254 |

### महासमर-2024

**कब कौन बना सांसद**

| वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951 | चौधरी हैदर हुसैन | कांग्रेस |
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | कांग्रेस |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1971 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी |
| 1980 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस |
| 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1996 | केतकी सिंह | भाजपा |
| 1998 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस |
| 2014 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 2019 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |

## एक करोड़ मतदाता बढ़े मगर घट गए पोलिंग बूथ

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** बीते 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में प्रदेश में करीब एक करोड़ प्रदेश में बढ़ी है, मगर पोलिंग बूथों की संख्या घट गई है। इससे राज्य निर्वाचन आयोग के दावे, कि किसी भी मतदाता को वोट देने के लिए दो किमी से ज्यादा की दूरी नही तय करनी पड़ेगी और एक बूथ पर औसतन 944 मतदाताओं को वोट डालने का प्रबन्ध किया गया है, सवाल उठने लगे हैं। अधिक मतदान कराने के लिए निर्वाचन आयोग समेत सभी राजनैतिक प्रयास रहते हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग मतदाताओं की सुविधाओं को निष्पक्ष मतदान कराने के लिए नियम व निर्देश तैयार करता है। उक्त क्रम में ही दस्तक दे चुके लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने 15 करोड़ 34 लाख मतदाताओं के लिए एक लाख 62 हजार 41 बूथ बनाने का निर्णय लिया है, जबकि गत 2019 के चुनाव में 14 करोड़ 58 लाख 58 हजार 553 मतदाताओं के लिए एक लाख 63 हजार 448 पोलिंग बूथ बनाये गये थे। जोकि इस बार बनने वाले पोलिंग बूथों से 1407 ज्यादा हैं। निर्वाचन आयोग की यह चुनौती प्रथम चरण के 19 अप्रैल को संपन्न होने वाले मतदान के दिन साबित होंगे। बुधवार से प्रदेश के नौ जिलों में एक करोड़ 43 लाख 39 हजार 21 मतदाताओं के लिए सात हजार 693 मतदान केन्द्रों पर 14 हजार 842 पोलिंग बूथ बनाने की तैयारी हो चुकी है। जबकि ईसीआई के आंकड़ों के अनुसार गत लोकसभा चुनाव में डेढ़ करोड़ मतदाताओं के लिए 16,581 मतदान स्थल बनाए गए थे।

### दिव्यांग बढ़े, किन्नर मतदाताओं की संख्या घटी


**अमृत विचार।** इस बार लोकसभा चुनाव में किन्नर मतदाताओं की संख्या घटी है, मगर दिव्यांग मतदाताओं की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 8374 किन्नर मतदाताओं की संख्या इस बार 6,638 रह गई है। वहीं दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 12,51,827 पहुंच गई है, जो कि गत चुनाव में 7,86,542 थी। हालांकि निर्वाचन आयोग ने 85 साल से ज्यादा उम्र और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता रखने वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा भी प्रदान की गई है।

# नई दिल्ली में हैट्रिक का रिकॉर्ड जगमोहन के नाम

- देश के सर्वाधिक अति विशिष्ट संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली सीट पर अटल, आडवाणी के बाद सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी मैदान में

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

देश की सबसे वीवीआईपी संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली को सुचेता कृपलानी के बाद भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। यहां से दो बार अटल बिहारी वाजपेई, दो बार लाल कृष्ण आडवाणी संसद पहुंचे। लेकिन हैट्रिक लगाने का श्रेय वाजपेई सरकार के सबसे विवादित एवं ईमानदार मंत्री जगमोहन के नाम जाता है। उन्होंने 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत हासिल की और आखरी बार मजदूर नेता ललित माकन के भतीजे व कांग्रेस के युवा उम्मीदवार अजय माखन से चुनाव हार गए थे।



कहां जा रहा था कि जगमोहन के बाद आर्य समाज की समर्पित कार्यकर्ता व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी 2024 में हैट्रिक लगाएंगी लेकिन भाजपा हाई कमान ने उनका टिकट काट दिया और पार्टी की हाई प्रोफाइल नेता स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज को मैदान में उतारा है। यदि बांसुरी चुनाव जीत गईं तो वे तीसरी महिला होंगी जो नई दिल्ली से संसद पहुंचेंगी।


नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अति विशिष्ट लोग जैसे राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री भारत के मुख्य न्यायाधीश व कई बड़े नेता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। इसी संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, विदेश एवं गृह



मंत्रालय हैं। कांग्रेस की सुचेता कृपलानी के बाद इस सीट से लगातार भाजपा के अटल बिहारी वाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज चुनाव जीते रहे हैं। यहां तक कि आडवाणी को पराजित करने के लिए 1991 में कांग्रेस ने फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना को उम्मीदवार बनाया था। यह देख आडवाणी ने नई दिल्ली के अलावा गांधीनगर से भी चुनाव लड़ा और राजेश खन्ना को मात्र 17 हजार वोटो से पराजित कर पाए थे। बाद में आडवाणी ने नई दिल्ली सीट से इस्तीफा देकर गांधीनगर की सदस्यता ग्रहण की थी।

जिससे नई दिल्ली के मतदाता नाराज हो गए और उन्होंने 1992 के उपचुनाव में राजेश खन्ना को जिता दिया। हालांकि भाजपा ने खन्ना के खिलाफ पहली बार फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मैदान में उतारा था, लेकिन आडवाणी से नाराज मतदाताओं ने राजेश खन्ना को विजयी बनाया था। 1996 में भाजपा ने इस सीट से जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल एवं राज्यसभा सदस्य जगमोहन को पहली बार लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। वैष्णव देवी में जगमोहन के शानदार कार्यों को देख मतदाताओं ने राजेश खन्ना को 58 हजार वोटो से पराजित किया था। उसके बाद इस सीट से जगमोहन लगातार तीन बार विजयी हुए। चौथी बार कांग्रेस के अजय माकन (सीएनजी मैन) से वे चुनाव इसलिए हार गए क्योंकि दिल्ली में सीएनजी लाने का श्रेय जनता ने तत्कालीन परिवहन मंत्री माकन को दिया था।

अजय माकन भी नई दिल्ली से हैट्रिक लगाने में विफल रहे क्योंकि 2014 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मीनाक्षी लेखी से वे पराजित हो गए थे। इसी तरह मीनाक्षी भी हैट्रिक लगाने से इसलिए वंचित रह गई क्योंकि बांसुरी स्वराज को बीजेपी ने इस बार उम्मीदवार बनाया है। हालांकि बांसुरी का बीजेपी कार्यकर्ता के रूप में ज्यादा योगदान नहीं है। उनकी पहचान उनकी मां सुषमा स्वराज की वजह से है और यदि वह चुनाव जीतती हैं तो नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से संसद पहुंचने वाली वे तीसरी महिला होंगी।



**नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से हैट्रिक का रिकॉर्ड जगमोहन के नाम**

| वर्ष | विजयी सांसद | पार्टी |
|---|---|---|
| 1952 | सुचेता कृपलानी | किसान मजदूर प्रजा पार्टी |
| 1957 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस |
| 1977 | अटल बिहारी वाजपेई | भाजपा |
| 1980 | अटल बिहारी वाजपेई | भाजपा |
| 1989 | लालकृष्ण आडवाणी | भाजपा |
| 1991 | लालकृष्ण आडवाणी | भाजपा |
| 1992 | राजेश खन्ना | कांग्रेस |
| 1996 | जगमोहन | भाजपा |
| 1998 | जगमोहन | भाजपा |
| 1999 | जगमोहन | भाजपा |
| 2004 | अजय माकन | कांग्रेस |
| 2009 | अजय माकन | कांग्रेस |
| 2014 | मीनाक्षी लेखी | भाजपा |
| 2019 | मीनाक्षी लेखी | भाजपा |

## चुनाव कमाल का...

- 21 मई 1991 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की वोटिंग के पहले दौर के ठीक एक दिन बाद हत्या कर दी गई। इसके बाद जून के मध्य तक चुनाव को स्थगित कर दिया गया। पंजाब में लोकसभा चुनाव बाद में कराए गए, जबकि जम्मू-कश्मीर में आम चुनाव हुए ही नहीं।
- जून में चुनाव संपन्न हुआ जिसमें कांग्रेस को सबसे ज्यादा 232 सीटें मिलीं। भारतीय जनता पार्टी 120 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रही। जनता दल को सिर्फ 59 सीटें मिलीं। 21 जून 1991 को कांग्रेस के पी.वी. नरसिंहराव ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- 1996 में 11वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। 161 सीटें जीतकर भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। इस चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 140 सीटें मिली और पार्टी दक्षिण में भी पिछड़ गई।
- अटल बिहारी वाजपेयी ने 16 मई को प्रधानमंत्री का पद संभाला लेकिन बहुमत साबित न कर पाने के कारण 13 दिन ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठ पाए।
- 1996 में जनता दल के नेता एचडी देवेगौडा ने एक जून को संयुक्त मोर्चा गठबंधन सरकार का गठन किया, लेकिन उनकी सरकार भी 18 महीने ही चली।
- देवेगौड़ा के कार्यकाल में ही विदेश मंत्री रहे इन्द्र कुमार गुजराल ने अगले प्रधानमंत्री के रूप में 1997 में पदभार संभाला। कांग्रेस इस सरकार को बाहर से समर्थन दे रही थी।

## चुनावी तीर



पूरे देश की निगाहें उत्तर प्रदेश पर हैं। भाजपा की साजिश और षड्यंत्र से हमें सतर्क रहना है। हमें ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने के साथ-साथ बूथ की सुरक्षा को लेकर भी सावधान रहना है। भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी के मामले में बेनकाब हो चुकी है। भाजपा हारेगी तो नौजवानों को नौकरी मिलेगी, किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा।

**- अखिलेश यादव,** सपा प्रमुख



1952 को छोड़कर पहली बार आप इतना लंबा चुनाव देख रहे हैं। आजादी के बाद पहले चुनाव में बहुत सी चीजों को समायोजित करना था, लेकिन अब तकनीक के साथ यह अवधि कम होनी चाहिए थी। लंबी अवधि के चलते एक चरण में मतदान चलता है और दूसरे चरण में चुनाव प्रचार चल रहा होता है। इससे सत्ता दल को फायदा और विपक्ष को नुकसान होता है।

**-सीताराम येचुरी,** महासचिव, माकपा

# हैवीवेट प्रत्याशियों की तलाश में उलझी हाई प्रोफाइल प्रयागराज सीट

**1996** में भाजपा का खाता खोलने के साथ ही डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने लगाई थी यहां से जीत की हैट्रिक तो बीते तीन दशक से जीत के लिए तरस रही है कांग्रेस

- पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा और जनेश्वर मिश्र के अलावा अमिताभ बच्चन भी यहां से संसद पहुंचे


● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार:** संगम नगरी प्रयागराज में लोकसभा चुनाव के लिए छठे चरण में 25 मई को 18,07,886 मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे। 2019 के पिछले चुनाव की तुलना में इस बार यहां 1,14,439 मतदाता बढ़ गए हैं। हाई प्रोफाइल गिने जाने वाले प्रयागराज लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधान सभा सीटें मेजा, करछना, बारा, कोरांव और प्रयागराज दक्षिणी शामिल है। इनमें बारा और कोरांव एससी सुरक्षित सीट हैं। वर्तमान में तीन विधानसभा सीटों करछना, कोरांव और प्रयागराज दक्षिण में भाजपा तो मेजा में समाजवादी पार्टी और बारा में अपना दल का कब्जा है। वर्तमान में यहां से भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी सांसद हैं। उन्होंने 2019 के चिनाव में सपा के राजेंद्र सिंह पटेल को 1,83,876 मतों से पराजित किया था। रीता बुहगुणा को 4,93,204 और राजेंद्र सिंह को 3,09,328 वोट मिले थे। लेकिन भाजपा ने इस बार रीता बहुगुणा जोशी की प्रत्याशिता को जहां होल्ड पर रखा है, वहीं सपा से गठबंधन के बाद हिस्से में आई इस सीट पर कांग्रेस किसी हैवीवेट प्रत्याशी की तलाश में है।

प्रयागराज वह लोकसभा क्षेत्र है, जहां से वर्ष 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निधन के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस से सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा को हराकर जीत हासिल की थी। इस लोकसभा क्षेत्र में आजादी के बाद से कांग्रेस का ही कब्जा रहा। सबसे पहले 1952 में कांग्रेस के श्रीप्रकाश सांसद चुने गए। 1957 तथा 1962 के लोकसभा चुनाव में यहां से पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री, 1967 में उनके पुत्र हरिकृष्ण शास्त्री, 1971 में हेमवती नंदन बहुगुणा कांग्रेस से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। लेकिन 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर उतरे छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र ने इतिहास बदल दिया। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार कमला बहुगुणा को हरा दिया। हालांकि अगले ही चुनाव 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने जीत हासिल करके कांग्रेस की वापसी करा दी। 1984 में यहां से सांसद चुने गए अमिताभ बच्चन ने जब बोफोर्स कांड में नाम आने पर संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और 1988 में उपचुनाव हुआ तो विश्वनाथ प्रताप सिंह ने निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की। 1989 में जनता दल से जनेश्वर मिश्र दूसरी बार और साल 1991 में हुए चुनाव में सरोज दुबे ने जीत हासिल की। प्रयागराज में भाजपा को पहली जीत 1996 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने दिलाई। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 में भी डॉ. जोशी ने जीत हासिल करके हैट्रिक लगाई। लेकिन 2004 के चुनाव में सपा ने इस सीट पर अपना खाता खोला। सपा प्रत्याशी रेवती रमण सिंह ने लगातार दो चुनावों 2004 और 2009 में जीत हासिल की। लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के श्यामाचरण गुप्ता ने सपा से यह सीट छीन ली। 2019 में भाजपा ने कांग्रेस से आईं रीता बहुगुणा जोशी को टिकट दिया और वह विजयी रहीं।

### अभी किसी दल ने नहीं खोले पत्ते, एक दूसरे के प्रत्याशी का इंतजार

प्रयागराज सीट पर भाजपा ने अभी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, हालांकि पार्टी का संसदीय बोर्ड प्रत्याशी के नाम को लेकर मंथन कर चुका है। निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी के साथ नंद गोपाल नंदी और उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी का नाम दावेदार के रूप में सबसे आगे है। नंदी प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, जबकि उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी वर्तमान में प्रयागराज की महापौर हैं। उधर, सपा-कांग्रेस गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के हिस्से में आयी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस यहां से एक बार फिर किसी दमदार बाहरी प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। पार्टी 1984 के बाद से प्रयागराज में जीत के लिए तरस रही है। कांग्रेस ने पिछले चार चुनावों में इस सीट पर दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट देकर आजमाया, लेकिन कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाया। 2014 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े बसपा से आए नंद गोपाल गुप्ता ने एक लाख से अधिक वोट पाए लेकिन जमानत नहीं बची और चौथे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2019 में भाजपा से आए योगेश शुक्ला को कांग्रेस ने टिकट दिया पर उन्हें 31956 ही वोट मिले। 2009 में श्याम कृष्ण पांडेय को 33027 और 2004 में सत्य प्रकाश मालवीय को 40545 वोट मिले थे। इन चारों चुनाव में कांग्रेस तीसरे या चौथे स्थान पर रही और जमानत नहीं बचा सकी। इस बीच सपा के कद्दावर नेता रेवती रमण सिंह कांग्रेस और बसपा दोनों के संपर्क में हैं। वह अपने पुत्र उज्ज्वल रमण के टिकट के लिए प्रयासरत हैं। रेवती रमण प्रयागराज से दो बार सांसद और करछना से आठ बार विधायक रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की ही तरह बसपा ने भी अभी इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।





### जातीय समीकरणों के लिहाज से गठबंधन प्रत्याशी को मौका

प्रयागराज लोकसभा सीट पर ब्राह्मण और ओबीसी मतदाता जीत की पटकथा लिखते रहे हैं। लेकिन मोदी लहर के बाद यह समीकरण टूट सा चुका है। एक अनुमान के मुताबिक इस सीट पर 2.40 लाख ब्राह्मण, करीब सवा दो लाख कुर्मी, दो लाख मुस्लिम, डेढ़ लाख से अधिक वैश्य और सवा लाख से ज्यादा यादव वोटर हैं। राजपूत और भूमिहार मतदाता एक लाख से ऊपर गिने जाते हैं। इसी तरह 85 हजार मौर्य और कुशवाहा, एक लाख कोल, सवा लाख निषाद-बिंद, 1.15 लाख विश्वकर्मा और प्रजापति मतदाताओं के साथ 40 से 45 हजार पाल बिरादरी का वोट माना जाता है।

**पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस | अपना दल |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 35.3 | 37.4 | 10.0 | 3.3 | 9.7 |
| 2019 लोस | 56.1 | 35.2 | -- | 3.6 | -- |
| 2017 विस | 43.1 | 25.7 | 17.1 | 5.3 | -- |
| 2014 लोस | 35.2 | 28.2 | 18.2 | 11.5 | -- |



# अखिलेश का पल्लवी से समझौता टूटा, सुनील सिंह से नाता जोड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के बीच जहां एक ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पल्लवी पटेल के कदमताल न करने की बात सामने आ गई वहीं, दूसरी ओर सपा को रालोद के जाने के बाद लोक दल का साथ मिल गया है। अपना दल कमेरावादी सपा से अलग होकर अपने प्रत्याशी उतार रही है। इसी पार्टी की नेता पल्लवी पटेल भी सपा उम्मीदवार के मुकाबले मैदान में उतरने को तैयार है।

लोक दल के प्रमुख सुनील सिंह ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव में सपा और इंडिया गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा की। सुनील सिंह ने इस दौरान जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को डुप्लीकेट पार्टी करार दिया। इस मौके पर सपा प्रमुख ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की असली पार्टी लोकदल सपा के साथ आ गई है। वहीं, अखिलेश यादव ने भी सुनील को धन्यवाद देते हुए कहा कि असली लोक दल सपा के साथ है।

बीते दिनों राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने सपा से गठबंधन तोड़कर भाजपा के साथ आए थे, अब अपना दल (कमेरावादी) ने भी सपा गठबंधन से अलग होकर अपना रास्ता चुन लिया है। इसकी औपचारिक घोषणा गुरुवार खुद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकार-वार्ता में की।



- सपा व अपना दल कमेरावादी का गठबंधन 2022 के विधानसभा चुनाव में था, 2024 के लिए कोई गठबंधन नहीं

### भाजपा ने चंदा वसूली कर ली इसलिए विपक्षियों के अकाउंट सीज हो रहे

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि, भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी में बेनकाब हो चुकी है। अखिलेश का यह भी आरोप है कि भाजपा ने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली दवा कम्पनी तक से चंदा वसूली की है। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि, चंदा वसूली की पोल खुल जाने से बौखलाई भाजपा विपक्ष पर हमलावर है। सपा प्रमुख के मुताबिक, जनता को पता ही नहीं चला कि वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली गई। भाजपा विपक्षियों के अब कुछ एकाउण्ट भी सीज कर रही है क्योंकि उसकी चोरी उजागर हो गयी है। अखिलेश गुरुवार को सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद मीडिया के सामने विचार प्रकट कर रहे थे।

### सपा में खुले है वरुण गांधी के लिए दरवाजे

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीलीभीत लोकसभा सीट से अपनी पार्टी का उम्मीदवार भले उतार दिया हो लेकिन वरूण गांधी के लिए रास्ते अब भी खोल रखे हैं। दरअसल, वरुण के सपा से चुनाव लड़ने की खबरों के बीच अखिलेश यादव ने बुधवार को पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार को प्रत्याशी घोषित कर दिया। बावजूद इसके पार्टी की ओर से ऐसे संकेत मिले हैं कि वरूण आगे आएं तो सपा टिकट बदल देगी। सपा का पीलीभीत से उम्मीदवार बनने के बाद भगवत सरन से जब मीडिया प्रतिनिधियों ने सवाल किया कि, अगर वरुण गांधी को भाजपा से टिकट नही मिला और उन्होंने सपा से टिकट मांगा तो वो क्या करेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर हाई कमान ने उन्हें टिकट दिया तो वो अपनी सीट खुशी-खुशी छोड़ देंगे।हालांकि वरुण गांधी ने पीलीभीत से ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है। अगर भाजपा से उनका टिकट कटा तो वह निर्दलीय भी मैदान में उतर सकते हैं।



# स्थानीय विजेता तो दूर, कल्याण भी नहीं तोड़ पाए महादीपक का रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


**अमृत विचार :** राजनीति में धुरंधर परिणाम आए। बदलाव भी हुए। सबने अपने अपने रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया, लेकिन मोदी की सुनामी रही हो या पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की खुद चुनाव मैदान में उतरें हुए हों, वे भी वर्ष 1977 का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए। उस समय सत्ता विरोधी लहर के चलते मतदाताओं ने ऐसा मतदान किया कि अब तक रिकॉर्ड तोड़ना तो दूर कोई छू न सका।

वर्ष 1977 के इस चुनाव में बीएलडी से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी महादीपक सिंह शाक्य ने 71.94 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस सरकार द्वारा देश में आपातकाल लगाने के बाद वर्ष 1977 में लोकसभा के लिए आम चुनाव हुए। इस आम चुनाव में देश में कांग्रेस विरोधी लहर चली। इस लहर से एटा लोकसभा सीट भी अछूती नहीं बची। इस चुनाव में एटा लोकसभा में कई रिकार्ड बने। इस चुनाव में हुआ 66.96 प्रतिशत मतदान एटा लोकसभा के रिकार्ड में दर्ज है। इस चुनाव में एक रिकार्ड ऐसा भी बना जो आज तक नहीं टूटा। इस चुनाव में बीएलडी से चुनाव मैदान में उतरे महादीपक सिंह शाक्य ने 71.94 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की। इसके बाद कई बार प्रत्याशियों ने अच्छे मत प्रतिशत से जीत हासिल की, लेकिन यह रिकार्ड नहीं टूटा। यहां तक की महादीपक सिंह शाक्य ने 1996 में व 1998 में भाजपा के टिकट से चुनाव जीता, लेकिन वह भी अपने 1977 के अपने रिकार्ड को नहीं तोड़ सके। 2004 के चुनाव में सपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह यादव, 2009 के चुनाव में सपा समर्थन से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, 2014 के चुनाव में भाजपा से राजवीर सिंह ने अच्छे वोट प्रतिशत प्राप्त कर जीत हासिल की, लेकिन वह भी इस रिकार्ड को नहीं तोड़ सके। 2019 में देश भर में मोदी की सुनामी में भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह फिर से अच्छे वोटों से चुनाव जीतें है, लेकिन वे इस चुनाव में भी 1977 में बने रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सके।

**40% से अधिक वोट पाकर जीतने वाले प्रत्याशी**

| वर्ष | प्रत्याशी का नाम | पार्टी का नाम | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1952 | रोहन लाल चतुर्वेदी | कांग्रेस | 40.52 |
| 1977 | महादीपक सिंह शाक्य | बीएलडी | 71.94 |
| 1996 | महादीपक सिंह शाक्य | भाजपा | 46.50 |
| 1998 | महादीपक सिंह शाक्य | भाजपा | 44.28 |
| 2004 | देवेंद्र सिंह यादव | सपा | 47.03 |
| 2009 | कल्याण सिंह | सपा समर्थित | 48.57 |
| 2014 | राजवीर सिंह | भाजपा | 51.28 |
| 2019 | राजवीर सिंह | भाजपा | 54.56 |

**1977** के चुनाव में सत्ता विरोधी लहर के चलते मतदाताओं ने दिलाई थी ऐतिहासिक जीत, तब से लेकर अब तक टोकना तो दूर कोई छू भी न सका आंकड़ा



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,641.19 | 22,011.95 |
| बढ़त | 539.50 | 172.85 |
| प्रतिशत में | 0.75 | 0.79 |



## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12200-12300 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7000-7100 |
| मसूरदाल | 7100-7200 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1450-1500 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4800-5100 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

### भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए फिक्की-आईबीए बैंकर की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# बैंकों के एनपीए में पिछले 6 माह में आई कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले छह माह में कमी आई है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है।

उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित

**निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घट गया**



कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। संपत्ति के आकार के आधार पर वर्गीकृत ये बैंक कुल मिलाकर लगभग 77 प्रतिशत बैंकिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिक्की-आईबीए बैंकर्स रिपोर्ट में शामिल आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा।

सर्वेक्षण में कहा गया, प्रतिक्रिया देने वाले सभी पीएसबी ने एनपीए के स्तर में कमी स्वीकार की है, जबकि भाग लेने वाले निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत बैंकों ने एनपीए में कमी देखी है। किसी भी पीएसबी और विदेशी बैंक ने पिछले छह माह में एनपीए स्तर में वृद्धि नहीं देखी है, जबकि 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है।

### बैंकों तक सबकी पहुंच आसान बनाने के लिए सरकार की ओर से दिशा-निर्देशों का मसौदा जारी

सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र तक पहुंच को सुगम करने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर लोगों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं ताकि बैंकिंग सेवाओं को दिव्यांगों समेत सभी लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सके। दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के नियमों के मसौदे में बैंकिंग क्षेत्र के भीतर भौतिक बुनियादी ढांचे, स्वचालित मशीनों, डिजिटल मंच और प्रशिक्षण पहल के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इसका उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जो बैंकों के भीतर विविध क्षमताओं वाले व्यक्तियों का स्वागत और समायोजन कर सके। इसके मुताबिक, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जानकारी या सेवा काउंटर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ हों। इसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं, छोटे कद के व्यक्तियों और देखने-सुनने में अक्षम लोगों के लिए प्रावधान शामिल हैं। निर्देशों में एटीएम और स्वयं-सहायता मशीनों के लिए पहुंच प्रावधानों का विवरण दिया गया है।

### देश के नियोक्ताओं को नहीं मिल रहे एआई दक्ष कामगार

**नई दिल्ली।** देश में हर दस में से नौ से ज्यादा नियोक्ता नियुक्तियों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के कौशल को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन 79 प्रतिशत नियोक्ताओं को अपनी जरूरत के मुताबिक एआई कौशल वाले लोग नहीं मिल पा रहे हैं जबकि एआई कौशल से काम करने वाले लोगों का वेतन 54 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ सकता है और एआई अपनाने में होती वृद्धि के साथ करियर में तेजी आ सकती है। एमेज़ॉन डॉटकॉम कंपनी एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने आज अपनी नई शोध जारी की है, जिसमें सामने आया है कि जब एआई का पूरा उपयोग होने लगेगा, तब एआई कौशल और विशेषज्ञता वाले लोगों के वेतन में 54 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो सकती है जबकि आईटी (65 प्रतिशत), शोध एवं विकास (62 प्रतिशत) में वेतन में सर्वाधिक वृद्धि होती है।

# डिजिटलीकरण के जोखिमों के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आरबीआई डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन ने दी सलाह



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि वित्तीय सेवाओं के तेजी से डिजिटल होने और वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार होने से ग्राहकों को दुरुपयोग और धोखाधड़ी से बचाने के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में स्वामीनाथन ने पेरिस में आयोजित 'ग्लोबल मनी वीक 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी ने वित्तीय सेवाओं में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन लेनदेन में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण में इस उछाल के साथ वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार भी हुआ है। स्वामीनाथन ने कहा कि अक्सर नियामकीय दायरे के बाहर काम करते हुए और पारंपरिक बैंकों को प्रभावित करने वाली परंपरागत प्रणालियों से न बंधी हुई वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय उत्पादों की पेशकश में उल्लेखनीय तीव्रता और अनुकूलनशीलता दर्शाती प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा-विकास वास्तव में स्वागत योग्य हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200-51,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,850 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

## भारत का कोयला आयात अप्रैल-जनवरी अवधि में बढ़कर 21.22 करोड़ टन हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में देश में कोयला आयात सालाना आधार पर 1.65 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 21.22 करोड़ टन हो गया है।

अंतरव्यापारिक ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष (2022-23) की इसी अवधि में भारत का कोयला आयात 20.87 करोड़ टन था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि के दौरान, गैर-कोकिंग कोयले के आयात की मात्रा 13.64 करोड़ टन थी, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान आयातित 13.69 करोड़ टन से थोड़ा कम है। अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 4.73 करोड़ टन था, जो बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज 4.60 करोड़ टन से अधिक है। प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से जनवरी में कोयला आयात बढ़कर 1.98 करोड़ टन हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में 1.69 करोड़ टन से अधिक था। जनवरी, 2024 में कुल कोयला आयात में से गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.21 करोड़ टन रहा है।

### सेंट्रल बैंक के प्रबंध निदेशक एम वी राव आईबीए चेयरमैन बने

**मुंबई।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एम वी राव को बृहस्पतिवार को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) का चेयरमैन नियुक्त किया गया।

आईबीए की प्रबंध समिति ने बृहस्पतिवार को हुई अपनी बैठक में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा, इंडियन बैंक के प्रबंध एवं सीईओ एस एल जैन और सिटी यूनियन बैंक के प्रबंध और सीईओ एन कामाकोडी को उपाध्यक्ष के रूप में चुना है।

# सेंसेक्स 539 अंक चढ़कर 72,641 पर बंद

**मुंबई, एजेंसी**

- निफ्टी में भी 172 अंक की बढ़त रही, एनटीपीसी टॉप गेनर रहा



वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांकों में बृहस्पतिवार को लगभग एक प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अनुमान जताया है कि इस साल ब्याज दर में तीन बार कटौती की जाएगी। इसके बाद वैश्विक बाजारों में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 539.50 अंक यानी 0.75 प्रतिशत उछलकर 72,641.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.77 अंक तक उछलकर 72,882.46 अंक पर पहुंच गया था। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र है जब सेंसेक्स लाभ में रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 172.85 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 22,011.95 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो सबसे अधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, मारुति सुजूकी, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजारों को वैश्विक बाजारों के रुख से मजबूती मिली। फेडरल रिजर्व ने मुद्रास्फीति के दीर्घकालिक लक्ष्य से ऊपर रहने के बावजूद इस साल ब्याज दरों में तीन कटौती की राह पर चलने का संकेत दिया है।



## एक नजर

### एसएससी कांस्टेबल भर्ती की 30 को होगी दोबारा परीक्षा

**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल और असम राइफल्स में राइफलमैन की भर्ती के लिए 16,185 अभ्यर्थियों के वास्ते 30 मार्च को दोबारा परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। आयोग द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), सचिवालय सुरक्षा बल (एसएसएफ) में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) और असम राइफल्स में राइफलमैन (सामान्य ड्यूटी) के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा 20 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की गई थी।

### कैंसर, कफ सिरप समेत 23 दवाओं के नमूने फेल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बनीं दर्द निवारक कैंसर, एलर्जी, कफ सिरफ, बैक्टीरिया संक्रमण की 23 समेत देशभर की 58 दवाइयों के नमूने फेल हो गए। केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने आज यह जानकारी दी। संगठन ने 676 दवाइयों के नमूने फरवरी में लिए थे। सीडीएससीओ से मिली जानकारी के अनुसार बद्दी की नेक्सकेम बॉयोटेक कंपनी की दर्द की दवा एसेपिक, पांवटा की लेबोरेट फार्मा की संक्रमण की दवा एमोक्सिलिन, परवाणू की हनुचौंम लैबोरेटरी की कैल्शियम और विटामिन डी-3, बेहोशी की दवा व इंजेक्शन आदि मानकों पर खरी नहीं उतरी।

# बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव को नोटिस

### सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी-दो सदस्यों पर हमला गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया के साथ की गई कथित हाथापाई का बृहस्पतिवार को संज्ञान लिया और जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को नोटिस जारी किया। वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। इसके बाद प्रधान न्यायाधीश ने घटना पर स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया। घटना बुधवार को जिला अदालत में हुई जहां वकील हड़ताल पर थे।

सिंह ने शीर्ष अदालत को बताया कि वकीलों ने कथित तौर पर

**वरिष्ठ वकील के साथ हाथापाई का मामला**



दुर्व्यवहार किया और भाटिया का 'कॉलर बैंड' छीन लिया। एक महिला वकील भी पीठ के समक्ष पेश हुईं और दावा किया कि एक मामले में पेश होने के दौरान एक अलग अदालत में उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था। पीठ ने कहा-ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह न्यायालय रिकॉर्ड पर रखी गई बात को स्वीकार न करे। आमतौर पर, हम याचिका पर जोर देते हैं। लेकिन उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के दो सदस्यों पर हमला गंभीर है। हम रजिस्ट्रार को स्वतः संज्ञान रिट याचिका दर्ज करने का निर्देश देते हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

शीर्ष अदालत ने जिला न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज अगले आदेश तक सुरक्षित रहे और घटना पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। पीठ ने कहा कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि बार के सदस्यों की हड़ताल से उन वादियों पर असर पड़ता है जो न्याय प्रणाली में अहम हितधारक हैं। उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने भी भाटिया के साथ गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में एक वकील द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की निंदा की है।

एससीबीए ने न्यायालय को बताया कि उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन अदालत कक्ष के अंदर मौजूद एक वकील द्वारा किए गए इस गंभीर दुर्व्यवहार का संज्ञान लेता है और संबंधित वकील के ऐसे गैर-पेशेवर और गैर कानूनी कृत्य की कड़ी निंदा करता है जो संपूर्ण कानूनी बिरादरी को बदनाम करता है। एससीबीए ने कहा कि वह जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर की कार्यकारिणी समिति से उक्त वकील की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह करता है।

### आधार कार्ड निष्क्रिय किए जाने के आरोप पर केंद्र से जवाब-तलब

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र को उस जनहित याचिका पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें संबंधित अधिकारियों द्वारा लोगों के आधार कार्ड निष्क्रिय करने का आरोप लगाया गया है।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) अशोक चक्रवर्ती ने जनहित याचिका के सुनवाई योग्य होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि याचिका में इस तरह की कार्रवाई से प्रभावित किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत मामले का हवाला नहीं दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र को जनहित याचिका में लगाए गए आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

# पतंजलि आयुर्वेद ने अपने भ्रामक और झूठे विज्ञापन पर मांगी माफी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने बिना शर्त लगाई गुहार



'भ्रामक' विज्ञापन जारी करने के मामले में अदालत की अवमानना नोटिस का सामना कर रहे पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष बिना शर्त माफी की गुहार लगाई है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एलोपैथी दवा को बदनाम करने के लिए बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ याचिका दायर की थी। इस मामले में शीर्ष अदालत ने उन्हें 19 मार्च को फटकार लगाई थी और दो अप्रैल को रामदेव और बालकृष्ण को अदालत के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। उससे पहले शीर्ष अदालत के समक्ष एक हलफनामा दायर कर बालकृष्ण ने कहा है कि वह कानून के शासन का सर्वोच्च सम्मान करते हैं और उसका पालन करने के लिए बाध्य है।

उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस विज्ञापन में केवल सामान्य बयान शामिल थे, उसमें अनजाने में आपत्तिजनक वाक्य भी शामिल हो गए। ऐसा इस वजह से हुआ कि कंपनी के मीडिया विभाग के कर्मियों को अदालत के आदेश के बारे में जानकारी नहीं थी।

## यूनियन बैंक में धोखाधड़ी: सीबीआई ने स्वास्तिक कंपनी के परिसरों की ली तलाशी

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में 48.06 करोड़ रुपये से अधिक की कथित धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने जयपुर में स्वास्तिक कॉपर्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के परिसरों में पांच स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बिजली वितरण ट्रांसफार्मर के निर्माण और मरम्मत के कारोबार में लगी कंपनी और उसके निदेशकों और गारंटरों पर कथित तौर पर बैंक को धोखा देने का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने कहा कि सीबीआई ने प्राथमिकी में कंपनी के निदेशकों/गारंटर संदीप जैन और इंद्र जैन, पूर्व निदेशक/गारंटर नीलम जैन, गारंटर शरद कुमार बाकलीवाल और अन्य अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों को नामित किया है।

# गैस रिसाव से आग लगी, तीन बच्चों सहित पांच की मौत

**जयपुर, एजेंसी**

- राजस्थान में हुई घटना में एक परिवार के लोग जल गए

जयपुर में बृहस्पतिवार को सुबह रसोई गैस सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण लगी आग में एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत हो गई। मरने वालों में युवा दंपत्ति व उसके तीन बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार घटना बृहस्पतिवार सुबह उस समय हुई जब राजेश यादव (25) सिलेंडर बदल रहा था। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि सिलेंडर से गैस लीक हो रही थी और अचानक आग भभक उठी। उन्होंने बताया कि किराए के कमरे में राजेश यादव, उनकी पत्नी रूबी (24), उनकी बेटियां ईशु (7) व खुशमनी (4) और बेटा दिलखुश (2) मौजूद थे और उनमें से कोई भी बाहर नहीं निकल सका। आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और सभी लोग जिंदा जल गए। थानाधिकारी ने बताया कि इस मकान में 17-18 कमरे हैं। इनमें से एक कमरे में राजेश का परिवार पिछले चार महीने से रह रहा था। यह परिवार मूल रूप से मोतिहारी, बिहार का रहने वाला था। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राजेश एक फैक्ट्री में काम करता था। उसने सुबह अपना सिलेंडर भरवाया था और उसे बदल रहा था तभी अचानक यह हादसा हुआ।

## उत्तर-पूर्व दिल्ली में इमारत ढह जाने से दो लोगों की गई जान, एक अन्य घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्व दिल्ली के वेलकम इलाके में एक इमारत ढह जाने से एक जींस कारखाने के दो कर्मचारियों की मौत हो गई, और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जींस कारखाने के तीनों कर्मचारी दो मंजिला इमारत के भूतल पर काम कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व) जॉय टिर्की ने बताया-देर रात 2.16 बजे दो मंजिला इमारत के गिर जाने की सूचना मिली। यह एक पुरानी इमारत थी।'' उन्होंने कहा कि इस भवन की पहली मंजिल खाली थी और भूतल पर जींस का कपड़ा काटने का काम हो रहा था। एक अन्य अधिकारी ने कहा-मलबे में दबे तीन कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और जीटीबी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया।

# आनंद ने खरगे को लिखा-जाति जनगणना सही नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शर्मा ने पार्टी के रुख किया विरोध
- कहा-देश में इससे बेरोजगारी और असमानता खत्म नहीं होगी



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने जाति जनगणना पर पार्टी के आधिकारिक रुख का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि समावेशी दृष्टिकोण रखने वाली इस पार्टी का अपने पुराने रुख से विचलित होना इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी की विरासत का अपमान है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे गए पत्र में यह भी कहा कि जाति जनगणना देश में व्याप्त असमानताओं और बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए रामबाण नहीं हो सकती।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य शर्मा ने जाति जनगणना के मुद्दे पर पार्टी से अलग रुख ऐसे समय अपनाया है जब लोकसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है और पार्टी ने इस चुनाव में जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' की बात की है उनमें से एक जाति जनगणना भी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पिछले कई महीनों से जाति जनगणना और सामाजिक न्याय को विषय को जोर-शोर से उठा रहे हैं। शर्मा ने खरगे को लिखे लिखे पत्र में कहा-राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना चुनावी विमर्श में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर उभरा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन ने इसका समर्थन किया है। गठबंधन में वे दल भी शामिल हैं जिन्होंने लंबे समय से जाति आधारित राजनीति की है। हालांकि, सामाजिक न्याय पर कांग्रेस की नीति भारतीय समाज की जटिलताओं की परिपक्व समझ पर आधारित है।

### तमिलनाडु में ईडी ने विजयभास्कर के आवास पर मारा छापा

**पुडुकोट्टई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को अलग-अलग धन शोधन मामलों में तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के इलुप्पुर में वरिष्ठ अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मंत्री सी. विजयभास्कर के आवास तथा चेन्नई स्थित एक रियल एस्टेट समूह के परिसर की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों के सिलसिले में लगभग 25 स्थानों की तलाशी ली। अन्नाद्रमुक शासन के दौरान 2011 से 2021 तक स्वास्थ्य विभाग संभालने वाले विजयभास्कर अधिक संपत्ति के मामले का सामना कर रहे थे।

# कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने ली थी 50 लाख की रिश्वत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चीनी नागरिकों के वीजा मामले में ईडी ने दाखिल किए आरोप पत्र



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने एक कंपनी के चीनी कर्मचारियों को पुनः वीजा दिलाने के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए करीबी सहयोगी के माध्यम से 50 लाख रुपये की रिश्वत ली। यह कंपनी पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी।

ईडी ने दावा किया कि रिश्वत की यह रकम लेनदेन के जरिये एक कंपनी में निवेश की गयी, जहां कार्ति चिदंबरम निदेशक थे और उनका नियंत्रण था। कार्ति चिदंबरम (52) तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सदस्य हैं। एजेंसी इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज कर चुकी है। कार्ति ने कहा कि उनके वकील सुनवाई के दौरान अदालत में इन आरोपों का जवाब देंगे। संघीय एजेंसी ने कार्ति चिदंबरम, उनके द्वारा प्रवर्तित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, उनके कथित करीबी सहयोगी और अकाउंटेंट एस भास्कररमन, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दाखिल एक आरोपपत्र में ये आरोप लगाए है।

चीनी कर्मचारी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड में तैनात थे। दिल्ली में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष अदालत ने 19 मार्च को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया। अदालत ने कार्ति चिदंबरम सहित आरोपपत्र में नामजद सभी आरोपियों को 15 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। अन्य आरोपियों में पद्म दुगर, विकास मखरिया, मंसूर सिद्दीकी और दुगर हाउसिंग लिमिटेड शामिल हैं। ईडी ने कहा कि जांच में पता चला कि कार्ति चिदंबरम ने पंजाब के मनसा में बिजली परियोजना स्थापित कर रही तलवंडी साबो पावर लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा चीनी वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी प्राप्त करने के लिए अपने करीबी सहयोगी एस भास्कररमन के माध्यम से 50 लाख रुपये की अवैध रिश्वत ली थी। ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया है कि कंपनी के अधिकारियों ने गृह मंत्रालय से वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी लेने के लिए कार्ति चिदंबरम से संपर्क किया, जहां उनके पिता गृह मंत्री (कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम) थे।

# क्रिकेट के जलसे में दिखेगा भारत के सितारों का जलवा


**चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी**

**पांच खिताब जीतने वाली मुंबई इंडियंस पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत सकी है**

**महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा पांच बार आईपीएल खिताब जीतने वाले कप्तान**

**दो बार की विजेता केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर**

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिये काफी होंगी। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे। 'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी, जिसके लिये वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं। एक ही टीम के लिये शुरू से खेल रहे आईपीएल के इकलौते खिलाड़ी कोहली का जुनून उनकी टीम के लिये टॉनिक का काम करेगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता है। कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें। पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नये सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस (सनराइजर्स हैदराबाद) और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा। एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी। उनके चहेते 'थाला' को विषम परिस्थितियों से निकलकर जीत हासिल करने का शऊर बखूबी आता है। रचिन रविंद्र को अपने हुनर को निखारने का मौका मिलेगा। तेज गेंदबाजी का दारोमदार दीपक चाहर पर होगा। टीम में रूतुराज, मोईन अली और रविंद्र जडेजा जैसे धुरंधर भी हैं। वहीं 2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिये मजबूर किया। हार्दिक पंड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जायेंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी। आरसीबी के लिये सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनायें लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। धोनी और रोहित पांच बार खिताब जीत चुके हैं। केकेआर भी दो बार चैम्पियन रह चुकी है। कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिये दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा। केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिये पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।




## खेल डायरी

### अशोक, परमजीत पेरिस पैरालम्पिक के लिए क्वालीफाई

**नयी दिल्ली।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अशोक और परमजीत कुमार ने मिस्र में चल रहे पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में रजत पदक जीतकर पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर लिया। मनप्रीत कौर ने 41 किलो वर्ग में 86 किलो वजन ढाकर कांस्य पदक जीता। अशोक ने 192 और 196 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं 49 किलो वर्ग में परमजीत ने 160 और 166 किलो वजन उठाया और मामूली अंतर से स्वर्ण से चूक गए।

### एडम जम्पा ने आईपीएल 2024 से नाम लिया वापस

**नयी दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स टीम के ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा ने निजी कारणों का हवाला देते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जम्पा के मैनेजर ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते कहा कि वह आईपीएल 2024 में हिस्सा नहीं लेंगे। जम्पा को नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम में रिटेन किया था। पिछले वर्ष खेले एकदिवसीय विश्वकप के बाद से जम्पा का कार्यक्रम व्यस्त रहा।

### पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सईद अहमद का निधन

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान और अपने समय के धुरंधर बल्लेबाज सईद अहमद का यहां 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अहमद ने 41 टेस्ट खेलकर पांच शतक और 16 अर्धशतक समेत 2991 रन बनाये थे। उन्होंने आफ स्पिन गेंदबाजी से 22 विकेट भी लिये थे। उन्होंने 1958 में ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के जरिये पदार्पण किया था।

## गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के 'थाला' महेंद्र सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच की पूर्व संध्या पर टीम की कप्तानी रूतुराज गायकवाड़ को सौंप दी जिससे बतौर खिलाड़ी भी इस सत्र में उनके खेलने को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई है। आईपीएल ने एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। चेन्नई सुपर किंग्स को शुक्रवार को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलना है। आईपीएल ने ट्रॉफी के साथ सभी कप्तानों की तस्वीर जारी करते हुए लिखा, ''पेश है चेन्नई सुपर किंग्स के नये कप्तान रूतुराज गायकवाड़।'' सीएसके ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ''एम एस धोनी ने चेन्नई



सुपर किंग्स की कप्तानी टाटा आईपीएल 2024 की शुरूआत से पहले रूतुराज गायकवाड़ को दी। रूतुराज 2019 से चेन्नई टीम का अहम हिस्सा है और आईपीएल में 52 मैच खेल चुका है।'' ऐसी अटकलें हैं कि धोनी इस सत्र के बाद संभवतः खेल से विदा लेंगे लिहाजा उनकी मौजूदगी में टीम इस बदलाव की जरूरत महसूस कर रही होगी।

## मिथुन, निखिल और कृष्ण मोहन चयनकर्ता बनने की दौड़ में

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं। उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है।

## ओलंपिक में शरत होंगे भारत के ध्वजवाहक

**नयी दिल्ली, एजेंसी**


अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन शरत कमल इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे, जबकि दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को गुरुवार को देश के दल का प्रमुख (शेफ डी मिशन) नियुक्त किया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने यह घोषणा करते हुए बयान में कहा कि यह 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी 'ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करते समय हमारे दल की एकता और भावना का प्रतीक है।' छह बार की विश्व चैंपियन और 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम के साथ शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले शिवा केशवन को भारतीय दल का उप प्रमुख नियुक्त



किया गया है। आईओए ने कहा, ''मैरीकॉम का खेलों के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी यात्रा ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए स्वाभाविक पसंद बनाती है। केशवन के पास अपार अनुभव तथा टीम प्रबंधन के साथ काम करने का ज्ञान है।'' ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग भारतीय टीम का संचालन करेंगे।

## अंश 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय

**मुंबई।** ग्यारह वर्षीय अंश नेरुरकर प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस युवा खिलाड़ी ने इसके साथ ही ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार भी हासिल किया। नेरुरकर ने नौ दौर की प्रतियोगिता में आठ अंक बनाए। उन्होंने इस दौरान सात बाजियां जीती जबकि दो बाजियां ड्रॉ खेली। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 132 रेटिंग अंक मिले जिससे उनके कुल अंक की संख्या 1786 हो गई है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार नेरुरकर ने इसके साथ ही कैंडिडेट मास्टर प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया।




## हॉरर कॉमेडी होगी श्रेयस और तुषार की फिल्म 'कपकपी'



**मुंबई, एजेंसी।** रोहित शेट्टी की 'गोलमाल' सीरीज की धमाकेदार जोड़ी श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं। उनकी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी फिल्म 'कपकपी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। 'क्या कूल हैं हम' और 'अपना सपना मनी मनी' जैसी कॉमेडी फिल्मों के फेमस डायरेक्टर संगीत सिवन इस फिल्म में हंसी के साथ-साथ कुछ डर और रोमांच भी दिखाने वाले हैं। 'कपकपी' जयेश पटेल द्वारा ब्रावो एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस होगी। फिल्म की कहानी सौरभ आनंद और कुमार प्रियदर्शी ने लिखी है। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें, फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट अब तक नहीं हुई है। श्रेयस तलपड़े ने 'कपकपी' को लेकर कहा- 'कपकपी' मेरी बाकी फिल्मों से काफी अलग है। उन्होंने बताया कि आजकल, कई थ्रिलर, डार्क या देशभक्ति वाली फिल्मों का चलन बढ़ गया है तो हम दर्शकों के लिए एक वास्तविक हॉरर कॉमेडी फिल्म लाए हैं। जो दर्शकों को हंसाकर लोट-पोट कर देगी। तुषार कपूर और श्रेयस तलपड़े के अलावा फिल्म में सोनिया राठी, सिद्धी इदनानी, जय ठक्कर, वरुण पांडे, धीरेंद्र तिवारी, दिनेश शर्मा और अभिषेक कुमार सहित कई मंझे हुए एक्टर्स नजर आएंगे।



## एक्ट्रेस सपना चौहान परेशान होकर बोलीं- 'आहि रे दिदिया'

**मुंबई, एजेंसी।** देशभर में होली का खुमार सर चढ़कर बोलता है। लोग इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस कड़ी में भोजपुरी स्टार्स भी पीछे नहीं हैं। वो एक महीने पहले से ही रंगों से सराबोर माहौल बनाए हुए हैं। एक के बाद एक गाने धमाकेदार गाने रिलीज कर रहे हैं। इसी बीच अब भोजपुरी के यंग स्टार अंकुश राजा का नया गाना रिलीज होते ही छा गया है। ये एक होली स्पेशल गीत है। इसका टाइटल 'आहि रे दिदिया' है। अंकुश के इस वीडियो को डेढ़ मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। गाना इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है। इसमें अंकुश के साथ एक्ट्रेस सपना चौहान हैं। उन्होंने साली का रोल प्ले किया है। ऐसे में होली के मौके पर अंकुश साली को पाकर खुशी झूम उठे हैं और वो होली मनाने के लिए उतावले हुए जा रहे हैं। इसमें दोनों एक्टर्स के बीच कमाल की केमिस्ट्री और डांस मूव्स देखने के लिए मिल रहे हैं। लहंगे में एक्ट्रेस की खूबसूरती देखते ही बन रही है।

## चोली के पीछे... गाने में बेबो का डांस देख भड़के लोग

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना 'चोली के पीछे क्या है' रिलीज हो गया है। सुपरहिट फिल्म खलनायक में माधुरी दीक्षित पर गाना 'चोली के पीछे क्या है...' फिल्माया गया था अब इसे फिर से रीक्रिएट किया गया है जो कुछ लोगों को बिल्कुल पसंद नहीं आया है। माधुरी के फैन इस गाने को लेकर काफी नाराज नजर आ रहे हैं। फिल्म 'क्रू' में यह गाना करीना कपूर पर फिल्माया गया है। इस गाने के म्यूजिक को अक्षय और आईपी ने रीक्रिएट किया है। गायक दिलजीत दोसांझ, आईपी सिंह, अल्का याग्निक और ईला अरुण हैं। लिरिक्स भी आईपी सिंह ने लिखे हैं। इस गाने में करीना ने धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित को टक्कर देने की कोशिश तो की पर वह कामयाब नहीं हो पाई। इस गाने में करीना कपूर खान पिंक रेशमी साड़ी में अपना बोल्ड लुक दिखाती नजर आ रही हैं। वहीं रियल गाने की बात करें तो इसमें डांस क्वीन माधुरी दीक्षित का जबरदस्त डांस देखने को मिला था। यह गाना आज भी लोगों की यादों में सिर्फ इसलिए बसा है, क्योंकि इसे शानदार तरीके से कंपोज किया गया। 'चोली के पीछे' गाने को प्रसिद्ध गीतकार आनंद बख्शी ने लिखा था जबकि अनुभवी संगीत निर्देशकों की जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने इसका संगीत दिया था।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

